बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 11 मई 2024
वर्ष 2, अंक 260, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



देश की असीम संभावनाओं की कुंजी है प्रौद्योगिकी 16
हीरामंडी की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा 15

# मोदी इस बार नहीं बन पाएंगे प्रधानमंत्री : राहुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## भाजपा को नहीं मिलेंगी 180 से ज्यादा सीटें

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 21वीं सदी का राजा बताते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में वह प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह गारंटी दे रहे हैं कि भाजपा 180 से ज्यादा सीटें नहीं ला पाएगी। कांग्रेस देश की 90 प्रतिशत आबादी एससी, एसटी व ओबीसी को हर हाल में उनकी हिस्सेदारी दिलाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार पार्टी एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना सुनिश्चित कराएगी। भाजपा संविधान के तहत मिले आरक्षण को खत्म करना चाह रही है, पर वह ऐसा होने नहीं देंगे।

ईडी व सीबीआई के जरिये राजनीति व लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। मोदी को संसद व अन्य संवैधानिक संस्थाओं से कोई लेना-देना नहीं है। मोदी खुद को राजा समझते हैं। दो-तीन फाइनेंसर राजा के मोहरे हैं। मोदी इन्हीं 10 फीसदी आबादी को सुपर पावर बनाना चाहते हैं।



- कांग्रेस 90 फीसदी आबादी को दिलाएगी उनकी हिस्सेदारी

### कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा। कहा कि घोषणा पत्र में इसका उल्लेख नहीं है, क्योंकि घोषणा पत्र देश के लोगों को सामाजिक व अन्य न्याय देने के हिसाब से बनाया गया है।

### कांग्रेस को भी बदलना होगा अपना रवैया

राहुल ने बताया कि दो तरह के लोग होते हैं। एक व्यक्ति सुबह उठने के बाद से ही सत्ता कैसे मिलेगी, इस पर सोचता है। जबकि दूसरा लोगों के दुख-दर्द दूर करने के बारे में सोचता है। कहा कि वह दूसरे तरह के व्यक्ति हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद लोगों से मोहब्बत करने लगे हैं। उनका नजरिया बदल गया है। पार्टी को भी नजरिया बदलना पड़ेगा।

# कांग्रेस मेरी कब्र खोदना चाहती है : मोदी

नंदूरबार (महाराष्ट्र), एजेंसी

## सभा में बोले मोदी-मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है विपक्ष, लेकिन जनता मेरी ढाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि 'नकली शिवसेना' उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना 'पसंदीदा वोट बैंक' खुश होता है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी...। दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।

मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि वो कहते हैं, मोदी की कब्र खुदेगी। मोदी को जिंदा गाड़ देंगे। इसमें भी वोटबैंक को पसंद आए वहीं गाली दोगे क्या? मैं कई बार सोचता हूं, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां जनता का विश्वास गंवा चुकी हैं और उनकी सियासी जमीन भी खिसक चुकी है। मोदी ने कहा कि भारत के लोग मेरे लिए सुरक्षा कवच हैं। विरोधी मुझे जिंदा या मृत दफन नहीं कर सकते। कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी पार्टी है।



पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

# प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत, 2 जून को करेंगे सरेंडर

## 50 दिन के बाद हुए रिहा, कार्यालय नहीं जाएंगे, न ही फाइलों पर कर सकेंगे हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव के बीच में प्रचार के लिए धनशोधन के एक मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन उनके कार्यालय या दिल्ली सचिवालय जाने और तब तक सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी जब तक उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए ऐसा पूरी तरह जरूरी नहीं हो।

कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 50 दिन की हिरासत के बाद लोकसभा चुनाव के बाकी के चरण के लिए प्रचार के लिहाज से केजरीवाल को 21 दिन के लिए रिहा करते हुए न्यायालय ने कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देने के लिए कोर्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों में भी इस फैसले पर खुशी देखी गई। पीठ ने केजरीवाल को 50 हजार रुपये के जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि का मुचलका जमा कराने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर केजरीवाल को छोड़ने जैसा पहले कोई मामला नहीं देखा गया।



### अब तानाशाही का होगा अंत : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को सत्य की जीत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सर्वोच्च अदालत के फ़ैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अदालत का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे।

### सत्य की एक और जीतः अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ फोटो साझा कर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है।

### समाज के लिए खतरा नहीं केजरीवाल : कोर्ट

पीठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव इस साल की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि गंभीर आरोप लगाए गए हैं, लेकिन केजरीवाल को अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है, उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह समाज के लिए खतरा नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी गिरफ्तारी की वैधता को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने अभी तक अपना अंतिम फैसला नहीं सुनाया है।

## कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के विवादित बोल

# पाकिस्तान को इज्जत दे भारत उसके पास भी है परमाणु बम

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस ने कहा-पार्टी अय्यर के बयान से पूरी तरह असहमत
- बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर यह कहते नजर आ रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है।

पाकिस्तान संबंधी अय्यर के उक्त बयान से शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद कांग्रेस ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया जबकि भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पाकिस्तान तथा उसकी धरती से पनपने वाले आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। वहीं, अय्यर ने कहा कि वीडियो पुराना है और इस समय इसे इसलिए ढूंढ कर निकाला गया है क्योंकि भाजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ा रहा है।

वीडियो में अय्यर को यह संकेत देते सुना जा सकता है कि अगर कोई 'सनकी व्यक्ति' पाकिस्तान में सत्ता में आ जाता है और परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तो यह अच्छा नहीं होगा और इसका असर यहां भी होगा। टिप्पणी पर विवाद शुरू होने पर कांग्रेस ने कहा कि वह अय्यर की टिप्पणी से पूरी तरह असहमत है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर कहा कि अय्यर पार्टी का पक्ष नहीं रखते हैं।

### चुनाव भारत में तो पाकिस्तान की चर्चा क्यों : प्रियंका



**अमेठी।** अय्यर की टिप्पणी पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं तो हम पाकिस्तान की चर्चा क्यों कर रहे हैं? भारत में बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा क्यों नहीं हो रही और महंगाई पर बात क्यों नहीं हो रही। अय्यर की टिप्पणी पर विवाद खड़ा होने के बाद प्रियंका ने अमेठी में भाजपा पर वास्तविक मुद्दों और अपने कामकाज से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लिम बयानबाजी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव ने कहा, मुझे लगता है कि लोग तंग आ चुके हैं और समझ गए हैं कि हर चुनाव में वे हिंदू-मुस्लिम करते हैं, इसे धर्म आधारित बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को काम के आधार पर वोट मांगना चाहिए।

## एक नजर

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें रद

**मुंबई/ नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण लगभग 75 उड़ानें रद कर दीं। कंपनी को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने हड़ताल की थी। हालांकि उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी थी। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने भी चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया।

### दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्रकैद, तीन बरी

**पुणे, एजेंसी।** पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सबूतों के अभाव में मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया। अदालत ने सजा के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

### नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में मांगा सबूत

**पटना।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में आज बिहार में पटना की एक अदालत ने जेल में बंद दो अभियुक्तों की ओर से दाखिल की गई जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पुलिस से ब्यौरेवार सबूतों (केस डायरी) की मांग की। पटना व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (नवम) नितिन त्रिपाठी की अदालत अभियुक्तों के खिलाफ इकट्ठा किए गए ब्यौरेवार सबूत तथा दोनों अभियुक्तों के पूर्व आपराधिक इतिहास को न्यायालय के समक्ष पेश करने का आदेश दिया।

# चौथे चरण की सीटों पर चुनाव के लिए आज शाम थम जाएगा प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में चैथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 11 मई की शाम प्रचार थम जाएगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार खत्म होने की बाद निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनीतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें।

### इन सीटों पर होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा सीटें शामिल हैं। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

# बृजभूषण पर आरोप तय करें : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

## महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया। एसीएमएम प्रियंका राजपूत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में सिंह को आरोपमुक्त भी कर दिया।

दिल्ली पुलिस 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी। कोर्ट ने सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया।

### रिटायर नहीं हुआ हूं, अभी खेल करुंगा : बृजभूषण



**करनैलगंज।** पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के आवास बरगदी कोट परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रिटायर नहीं हुआ हूं अभी मैं खेल करूंगा। टिकट के सवाल पर कहा कि हर पिता अपने बेटे को विरासत में कुछ न कुछ अच्छा देने का प्रयास करता है और उनकी सोच के मुताबिक पार्टी ने उनकी विरासत बेटे को दिया है।

### आरोप तय किए जाने का स्वागत : साक्षी



**चंडीगढ़।** पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली की अदालत द्वारा शुक्रवार को यौन उत्पीड़न के आरोपी कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह शरण के खिलाफ आरोप तय किए जाने के फैसले का स्वागत किया। मलिक ने ट्वीट कर कहा कि हम अदालत का धन्यवाद करते हैं। हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा ख़ासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाकर आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाए हैं।

# मतदान प्रतिशत को लेकर खरगे फैला रहे भ्रम : आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी



- खरगे ने वोटिंग डाटा पर विपक्षी नेताओं को लिखा था पत्र
- चुनाव आयोग की सलाह- सोच समझकर बयान दें कांग्रेस अध्यक्ष

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ों पर विपक्षी नेताओं को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे पक्षपातपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया।

उसने खरगे के पत्र को चुनाव संचालन की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर हमला करार दिया। निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ा जारी करने में कुप्रबंधन और देरी के आरोपों को खारिज करते हुए खरगे के आरोपों को अवांछित, तथ्यहीन तथा भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किया गया प्रयास करार दिया। आयोग ने कहा कि खरगे अन्य दलों के नेताओं के साथ चिंता व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन पत्र को सार्वजनिक करने से मंशा पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। उसने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खरगे को सतर्कता बरतने और ऐसे बयान देने से बचने की सलाह दी।

# ईडी ने दाखिल किया नया आरोपपत्र, चार नामजद

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता और चार अन्य को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अगले हफ्ते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इसी तरह का आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। इस मामले में ईडी का यह सातवां आरोपपत्र है।

## दिल्ली आबकारी नीति



- नामजद आरोपियों में बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल

### कविता की बेल याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिका पर शुक्रवार को ईडी से रुख बताने को कहा है।

# छत्तीसगढ़ में फोर्स ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

- बीजापुर में मुठभेड़ दो जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में शुक्रवार की सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो जवान घायल हो गए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। इलाके में अभी तलाशी अभियान जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बड़े लीडर की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा तीन जिलों के जवानों द्वारा सुबह से संयुक्त ऑपरेशन लॉंच किया गया।

## खोज-खबर


भयानक विस्फोटों के साथ एक्स क्लास की भीषण ज्वालाएं उठ रही सूर्य की सतह पर

# सौर तूफानों के आज पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य बेहद खतरनाक विस्फोटों से गुजर रहा है। शुक्रवार को एआर 3664 सन स्पॉट में हुए विस्फोट से एक्स 6 क्लास ज्वाला निकली है। गत दिवस हुए विस्फोट से एक्स 2.2 क्लास की ज्वाला भड़की है। नासा के सौर वैज्ञानिकों ने सौर तूफानों के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका जताई है।

सूर्य इन दिनों बेहद सक्रिय हो चला है। सूर्य पर एक के बाद एक जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। विस्फोटों का सिलसिला करीब छह माह से जारी है। जिनमें सबसे खतरनाक मानी जाने वाली एक्स क्लास की ज्वालाओं ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। इनके अलावा एम व सी क्लास के दर्जनों ज्वालाएं भड़क चुकी हैं। सौर वैज्ञानिकों के अनुसार विस्फोट की ज्वालाओं का यह रूप वास्तव में दुर्लभ है। इधर भयंकर भू चुम्बकीय सौर तूफान के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुव से टकराने की आशंका वैज्ञानिकों ने जताई है। जिनका खासा असर औरोरा यानी ध्रूवों पर नजर आने वाली रंग बिरंगी रोशनी के रूप में देखने को मिलेगी। सौर हेलिओस्फेरिक वेधशाला ने सूर्य में हो रहे विस्फोटों की ज्वालाओं की वीडियो के साथ फोटो कैद की हैं, जबकि नासा की सोलर डायनामिक ऑब्जर्वेटरी इन पर 24 घंटे नजर बनाए हुए है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सौर वैज्ञानिक भी सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।



### उम्मीद से अधिक भयानक हो रहे हैं विस्फोट

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन का कहना है कि यह 25वां सौर चक्र चल रहा है। जिसमें सूर्य इन दिनों भीषण सक्रिय है। अत्यधिक सक्रियता का दौर अभी कुछ समय जारी रहेगा। मगर हैरत इस बात की है कि इतने भयानक सौर विस्फोटों की वैज्ञानिकों को जरा भी उम्मीद नहीं थी।

### आदित्य एल 1 भी सूर्य पर नजर रखने को तैयार

इसरो का सोलर मिशन आदित्य एल 1 सूर्य पर पैनी नजर रखने को तैयार है। इन दिनों आदित्य की टेस्टिंग चल रही है, उसने सूर्य की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद की हैं। बहुत जल्द सूर्य की तमाम गतिविधियों का डेटा भेजना शुरू कर देगा। आदित्य एल 1 साइंस कमेटी के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि नासा व ईसा के सामूहिक मिशन सोहो के बाद सूर्य की पल पल की जानकारी रखने के लिए भारत आदित्य एल 1 के साथ दुनिया का दूसरा देश बन गया है।



शहर के चुन्नीगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित चुनावी सभा में हाथ उठाकर एकता का संदेश देते कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

# हम यूपी में 50 सीटें जीतेंगे: राहुल गांधी

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ चुन्नीगंज में चुनावी जनसभा कर बनाया माहौल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में शुक्रवार को माहौल बनाने कानपुर और कन्नौज पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडाणी-अंबानी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश का खजाना अडाणी-अंबानी को देते हैं और आपसे कहते हैं कि पकौड़ा तलो, नाले से गैस बनाओ। राहुल ने यूपी की 50 सीटें जीतने का दावा किया और कहा कि हम मेड इन कानपुर को बढ़ावा देंगे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कानपुर नगर के चुन्नीगंज स्थित जीआईसी मैदान और कन्नौज के केके इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित चुनावी जनसभा में भाजपा पर हमला बोला। चुन्नीगंज में कानपुर नगर के प्रत्याशी आलोक मिश्रा और अकबरपुर के प्रत्याशी राजाराम पाल के पक्ष में माहौल में बनाने पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भीड़ को देखते हुए कहा कि गवर्नमेंट इंटर कॉलेज (जीआईसी) में ही तय हो गया है कि अब गवर्नमेंट बदलने वाली है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमें उत्तर प्रदेश में 50 सीटों से कम नहीं मिल रही हैं। भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा कि कानपुर के बब्बर शेरों आप में बहुत जोश है। हम नरेंद्र मोदी के खिलाफ तीन साल से लड़ रहे हैं। नफरत के बाजार में हमने मोहब्बत की दुकान खोली है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हमने प्यार दिखाया। 4 जून 2024 के बाद मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे, यह बात लिखकर लो। हमें जो मेहनत करनी थी, वो कर दिया।

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अडानी और अंबानी को बनाने के लिए गलत जीएसटी लगाई। नोटबंदी ने सारे बिजनेस खत्म कर दिये। सवाल उठाया कि 16 लाख करोड़ रुपया अपने दोस्तों का माफ किया, आपका कितना किया? इन्होंने डिफेंस इंडस्ट्री अडाणी को दे डाली। कोविड के समय आप मर रहे थे और यह आपसे कह रहे थे थाली बजाओ, ताली बजाओ। कोविड वैक्सीन बनाने वालों से चंदा लिया। इस दौरान वह पक्षपाती मीडिया पर भी हमलावर रहे।

**टकाटक, टकाटक जाएगा पैसा:** राहुल गांधी ने कहा कि जॉब करने के बाद महिलाएं घर में काम करती हैं। वह 16-18 घंटे काम करती हैं। हम ऐसी महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना ला रहे हैं। करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाने जा रहे हैं। हम एक लाख रुपये सीधे बैंक अकॉउंट में महिलाओं को देंगे। एक तारीख को खाते में टकाटक, टकाटक पैसा जाएगा।



सभा को संबोधित करते राहुल गांधी। अमृत विचार

### मेड इन कानपुर को देंगे बढ़ावा, लौटाएंगे कानपुर का गौरव

- **कानपुर।** राहुल गांधी ने कहा कि कानपुर वालों बहुत क्षमता है। मेड इन कानपुर के सामने मेड इन चाइना नहीं टिक सकता है। अपना फोन दिखाते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि मोबाइल में मेड इन कानपुर लिखा हो। हमारी सरकार आई तो कानपुर के मैनचेस्टर की छवि को लौटाएंगे। युवाओं को पक्की नौकरी देंगे। सरकारी कार्यालयों में ठेकेदारी प्रथा पर नौकरी खत्म कर देंगे। मोदी सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि इन्होंने अडाणी-अंबानी का कर्जा माफ कर दिया, पर कानपुर के लोगों और देश के व्यापारियों का कितना माफ किया। हमें मेड इन चाइना का मुकाबला करना है। आप इसका मुकाबला कर सकते हो।

### हमने सवाल उठाया तो राष्ट्रपति को भेजा गया राम मंदिर

- राहुल ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन में अमिताभ बच्चन, अडानी, अंबानी, टाटा सब दिखे। किसान, आदिवासी, गरीब नहीं दिखा। देश की राष्ट्रपति को राम मंदिर क्यों नहीं भेजा? जब हमने सवाल उठाया तो स्पेशल जहाज से उन्हें भेजा गया। यह तो अरबपतियों का हिंदुस्तान है। हम ऐसा हिन्दुस्तान नहीं चाहते हैं।

### हम युवाओं, किसानों को फायदा देंगे

- राहुल गांधी ने कहा कि अडानी वाली जीएसटी, पांच अलग-अलग टैक्स, सबको हटाएंगे। किसानों और मजदूरों को फायदे वाला टैक्स लगाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अडानी और अंबानी के लिए बैंक के दरवाजे खोले हैं। हमारी सरकार आई तो गरीबों के लिए बैंक में लाल कालीन बिछेगी, यह मेरा वादा है। हम चाहते हैं कि हिंदुस्तान के युवाओं को फायदा हो।

### संविधान खत्म करना चाहते मोदी

- राहुल गांधी ने संविधान की कॉपी दिखाते हुए कहा कि जो कुछ आज तक हमें मिला, इस किताब ने दिया। यह किताब आपका भविष्य है। मोदी जी इसे फाड़कर फेंकना कहते हैं, लेकिन किसी में दम नहीं कि इस किताब को छूकर दिखा दे। उन्होंने कहा कि यहां हजारों बब्बर शेर एक साथ खड़े है। यह बीजेपी का शिकार करने निकलेंगे। अडानी कि सरकार हटानी है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है।

# गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निवीर भर्ती होगी खत्म: अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा अध्यक्ष बोले, चौथे चरण का चुनाव भाजपा का खराब कर देगा गणित
- जीआईसी मैदान पर भीड़ देखकर बोले, अब सरकार बदलने वाली है

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में तीन चरणों के चुनाव हो चुके हैं, जिसमें इंडिया गठबंधन अधिकांश सीटें जीत रहा है। 10 साल में भाजपा ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया है, जिसका जवाब जनता भाजपा को दे रही है। 13 मई को होने वाला चौथे चरण का चुनाव भाजपा का पूरा गणित खराब कर देगा। अब इंडिया गठबंधन को बस चार कदम ही चलना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आई तो अग्निवीर की परीक्षा खत्म कर देंगे। यह बातें इंडिया गठबंधन की विशाल जनसभा में अखिलेश यादव ने कहीं।

चुन्नीगंज स्थित जीआईसी ग्राउंड में इंडिया गठबंधन की जनसभा में सात साल बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एक साथ मंच पर दिखे। मंच पर अखिलेश यादव और राहुल गांधी के पहुंचने पर पंडाल में मौजूद भीड़ ने जय अखिलेश और राहुल-राहुल चिल्ला कर स्वागत किया। दोनों युवा नेताओं ने पंडाल और ग्राउंड के आसपास हजारों की संख्या में मौजूद समर्थकों का हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया। जनता के बीच दोनों नेताओं ने अपनी लोकप्रियता को देखते हुए 13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की।



सभा को संबोधित करते अखिलेश यादव।

तीन चरणों में हुए मतदान की तरह ही चौथे चरण में भी लोगों से सहयोग की मांग की। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हजारों समर्थकों की भीड़ को देखते हुए कहा कि कानपुर का संदेश साफ दिख रहा है कि इस बार इंडिया गठबंधन की जीत हो रही है। कानपुर नगर सीट से आलोक मिश्रा और अकबरपुर से राजाराम पाल दोनों ही प्रत्याशियों की जीत हो रही है। जनता अब भाजपा के झूठे वादों के झांसे में नहीं आने वाली है। भाजपा की चालाकियों को जनता पूरी तरह से समझ चुकी है।

कहा कि 10 साल में भाजपा द्वारा किया गया कोई भी वादा पूरा नहीं हो सका है। तीन चरणों में हुए मतदान में भाजपा की हालत खराब हो गई है। अब 13 मई को होने वाले चुनाव के बाद भाजपा के सीटों का पूरा बैलेंस ही बिगड़ जाएगा। भाजपा का सफाया करने के लिए अब बस चार कदम ही चलना है।

### मंच पर ये लोग रहे मौजूद

- जनसभा के मंच पर अखिलेश व राहुल के साथ प्रत्याशी आलोक मिश्रा, प्रत्याशी राजाराम पाल, पूर्व सांसद सुभाषिनी अली, सपा के राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, जनसभा संयोजक पवन गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद आलम, आर्य नगर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, कैंट विधायक मोहम्मद हसन रूमी, सपा के जिला महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष करिश्मा ठाकुर, सपा नेता सम्राट विकास, सपा नेता अभिमन्यु गुप्ता, सपा ग्रामीण अध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, अशनी अवस्थी, मोहम्मद इमरान, हास्य कलाकार राजीव निगम आदि लोग मौजूद रहे।

# भीड़ देख राहुल-अखिलेश के खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राहुल ने 25 मिनट तक मंच से जनता को बांधे रखा
- अखिलेश ने सिर्फ 12 मिनट में खत्म किया भाषण

**अमृत विचार।** चुनावी जनसभा में राहुल गांधी ने 25 मिनट तक मंच से जनता को बांधे रखा। भीड़ राहुल..राहुल का शोर करती रही। सपा का पट्टा डाले कार्यकर्ता भी राहुल-राहुल का नारा लगाते दिखे। यह देख मंच पर बैठे अखिलेश यादव भी समझ गये कि राहुल ने जनसभा को हिट कर दिया है। इस बीच दोनों ही नेता भीड़ और उत्साह देखकर गदगद रहे।

जनसभा में अखिलेश यादव करीब 21 मिनट पहले पहुंचे। राहुल गांधी जैसे ही मंच पर पहुंचे तो अखिलेश यादव ने संबोधन शुरू किया। पांडाल और मंच के चारों और भीड़ देखकर अखिलेश के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई। जब वह बोलने आये तो सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेशअखिलेश और देखो देखो कौन आया, शेर आया के नारे लगाये। अखिलेश यादव ने सिर्फ 12 मिनट में अपनी बात खत्म की। इसके बाद जैसे ही राहुल गांधी ने मंच का माइक संभाला तो भीड़ से नारे गूंजने लगे। उन्होंने नोटबंदी, कोरोना वैक्सीन, जीएसटी, रोजगार, महंगाई, अंबानी-अडाणी, राम मंदिर मुद्दों पर कटाक्ष किए। उन्होंने स्थानीय मुद्दों को भी उठाया, जिससे जनता जुड़ती गई। सभा में एक समय ऐसा आया कि करीब एक मिनट तक भीड़ राहुल राहुल चिल्लाने लगी। लगातार उद्घोष की वजह से राहुल को बीच में बात रोकनी भी पड़ी। यह देख अखिलेश यादव के चेहरे पर मुस्कान दिखी। दोनों नेता एक घंटे मंच पर रहे।



जीआईसी के बाहर सड़क पर भी भीड़ में खासा उत्साह दिखा। अमृत विचार




चुन्नीगंज जीआईसी में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की चुनावी सभा के दौरान भारी भीड़ उमड़ी, जो भाषणों के बीच नारेबाजी करती रही। अमृत विचार



जनसभा के दौरान आगे पहुंचने की होड़ सी लगी रही। अमृत विचार

# फ्री फायर चुनाव हुआ तो हाथी पहुंचेगा दिल्ली : मायावती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमईपुर मगरासा में बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा, कांग्रेस व भाजपा पर हमला बोला। कहा कि संकीर्णवाद सोच, जातिवाद व सांप्रदायिकता फैलाने के कारण भाजपा व उनके सहयोगी दलों की वापसी आसान नहीं होगी। जनता सब समझ चुकी है, नाटक व जमुलेबाजी अब काम नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि अगर वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी न हो और फ्री फायर चुनाव हुए तो हाथी को दिल्ली पहुंचने से कोई नहीं रोक सकेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि आजादी के बाद जवाहर लाल नेहरू की सरकार में कानून मंत्री रहे डॉ भीमराव अंबेडर ने अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण का पूरा लाभ न मिलने पर कमीशन लागू करने की बात कही, लेकिन नेहरू कंपनी ने बात नहीं मानी, जिसके बाद बाबा साहेब ने पद से इस्तीफा दे दिया। अगर कांग्रेस दलितों की हिमायती होती तो बाबा साहेब को पद से इस्तीफा नही देना पड़ता। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस ने गठबंधन कर लिया, लेकिन उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटवारे में सर्व समाज को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने सबसे ज्यादा देश पर राज किया, लेकिन गलत नीतियों के कारण कांग्रेस को देश व प्रदेश की सत्ता से हाथ धोना पड़ा। भाजपा पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे दिन के सपने दिखा कर एक चौथाई काम भी नहीं किया गया। कमजोर, दलित, आदिवासी व मध्यमवर्गीय खुद को ठगा महसूस कर रहें है। भाजपा की आर्थिक नीतियों का असर मध्यमवर्गीय व किसानों पर पड़ रहा है। किसान दुखी होकर आंदोलन करने को मजबूर है। यूपी में बसपा की चार बार सरकार रही, किसानों को फसल का उचित मुआवजा दिया गया। उन्होंने कानपुर से प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया व अकबरपुर सीट से रमेश द्विवेदी के लिए वोट मांगे।



सभा को संबोधित करतीं मायावती।

- गलत नीतियों के कारण ही कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई
- जुमलेबाजी काम नहीं आएगी बीजेपी का रास्ता आसान नहीं



मगरासा में बसपा सुप्रीमो मायावती की जनसभा के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। अमृत विचार

### टैक्स से मिलता राशन

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा सरकार व उसके सहयोगी दल गांव-गांव जाकर फ्री राशन देने की बात कहते है। वह लोग कहते है कि सरकार का नमक खाया है तो भाजपा को वोट दो। मैं कहना चाहती हूं कि यह नमक कोई सरकार का नहीं है, आपके टैक्स के पैसे से ही आपको राशन दिया जा रहा है। विरोधी पार्टिया साम, दाम, दंड, भेद का इस्तेमाल कर सत्ता में आने में जुटी हैं।

### पूंजीपतियों की हिमायती है भाजपा और कांग्रेस

- बसपा सुप्रीमो ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस पूंजीपतियों की पक्षधर है, जिसका खुलासा सुप्रीम कोर्ट की वजह से इलेक्टोरल बांड के जरिए हुआ। बसपा को छोड़कर सभी दलों ने पूंजीपतियों ने खूब चंदा लिया है। इलेक्टोरल बांड का खुलासा होने के बाद कांग्रेस, भाजपा एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है। बसपा मेहनत के पैसे से चुनाव लड़ती है। उनके जन्मदिन, मेंबरशिप से जो फंड जमा होता है, उससे चुनाव लड़ा जाता है। विधान परिषद व राज्यसभा में विपक्षी पार्टियां पूंजीपतियों को भेजती है, बसपा में आमजनों को भेजा जाता है।

### सपा सरकार ने खत्म किया पदोन्नति में आरक्षण

- बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सपा सरकार ने सरकारी नौकरी में पदोन्नति में आरक्षण खत्म कर दिया। राज्यसभा में संसोधन बिल लाया गया, जिसे कांग्रेस व सपा ने मिलकर पास नहीं होने दिया। भाजपा सरकार में भी सरकारी नौकरी में आरक्षण कोटा अधूरा है। लोगों से पूछा कि क्या इसके बावजूद आप लोग ऐसे लोगों को वोट देंगे जो आरक्षण के खिलाफ है। भाजपा हिंदुत्व की आड़ में मुस्लिमों का उत्पीड़न कर रही है। हमारी सरकार आई तो दलित व पिछड़ों के साथ मुस्लिमों का ध्यान रखा जाएगा।

# जो दुनिया में नहीं, वह भी डालेंगे वोट

शिवप्रकाश मिश्रा, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर नगर संसदीय सीट में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्चियां बांटने में जुटे हैं, लेकिन मतदाता पर्ची लेते ही वोटर चौक जाते हैं। दरअसल, ऐसे मतदाताओं के नाम पर्चियां भी घर पहुंच रही हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। झल्लाकर बीएलओ से कहते हैं कि मतदाता सूची के सत्यापन के समय आए होते तो यह नौबत नहीं आती। क्या घर बैठे मतदाता सूची सत्यापित कर दी। जिसकी मतदाता पर्ची दे रहो हो, उसकी कई साल पहले ही मौत हो चुकी है और जो जिंदा हैं, उनका नाम सूची में नहीं है।

इस तरह का कोई एक मामला नहीं है। कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के नवाबगंज में ही करीब एक दर्जन मामले हैं। इधर, करीब चार दिन से बीएलओ ने जब मतदाता पर्चियां बांटनी शुरू की तो सभी मामले सामने आए। इस बारे में परिजनों का कहना है कि नवंबर और दिसंबर माह में क्षेत्र में डीपीएस नगर निगम इंटर कालेज और आरवीआरडी में बीएलओ के कैंप लगे थे। उस समय मृतकों के नाम हटाने और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फार्म भरा था, मगर उसका नतीजा शून्य रहा। मृतकों की मतदान पर्ची दी जा रही है और नए वोटरों का नाम ही सूची में नहीं है। लोगों का कहना है कि चुनाव से पहले मतदाता सूची का सत्यापन बीएलओ घर-घर जाकर करते हैं, लेकिन कोई बीएलओ घर नहीं आया। परिजनों का आरोप है कि अब तक कई बार मृतकों के नाम हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन विधानसभा, ग्राम पंचायत चुनाव बीत गया। अब लोकसभा चुनाव की बारी है, मगर नाम नहीं हटाए गए हैं। बीएलओ फिर मृतकों की मतचान पर्ची थमा रहे हैं।

**केस 01** नवाबगंज मार्केट निवासी सूर्य कुमार गुप्ता सराफा कारोबारी हैं। उनकी पत्नी बीना गुप्ता का वर्ष 2017 में निधन हो गया था। उन्होंने चुनाव आने पर कई बार पत्नी का नाम मतदाता सूची से हटाने की मांग की, लेकिन सात साल बाद भी बीना गुप्ता का मतदान सूची में नाम दर्ज है। दो दिन पहले ही बीना को मतदान के लिए पर्ची उनके घर पहुंचाई गई है।

**केस 02** ब्रह्मपुरी गली निवासी स्वर्गीय देवकी नंदन शुक्ला के बेटे अरविंद की करीब डेढ़ साल पहले मौत हो चुकी है। दो दिन पहले जब बीएलओ अरविंद की मतदाता पर्ची लेकर पहुंचे तो मोहल्ले के लोगों ने नाराजगी जताई। कहा कि नए लड़कों का सूची में नाम नहीं है और जो जिंदा नहीं हैं उनकी मतदाता पर्ची देने आए हो, वो वोट डालने आएंगे क्या।

**केस 03** नवाबगंज निवासी स्व. राम स्वरूप गुप्ता की पत्नी मुन्नी देवी की 2018 में निधन हुआ था। छह साल बाद लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए बीएलओ उनकी पर्ची लेकर घर पहुंचा। परिजनों ने पर्ची लेकर फाड़ दी और कहा कि कितनी बार और कहां-कहां जाकर प्रार्थना पत्र कि वह अब दुनिया में नहीं हैं। मतदाता सूची से नाम हटा दो।

> घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का काम बीएलओ का है। अगर मतदाता सूची से मृतकों का नाम नहीं हटाया गया है तो यह बीएलओ की गलती है। इससे यह पता चलता है कि घर-घर जाकर सूची का सत्यापन नहीं कराया गया है। इस बारे में पता कराया जाएगा।
>
> -संजीव कुमार राय, एईआरओ




आज का मौसम
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

36.8° अधिकतम तापमान | 25.6 न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 06 : 46

# आज थम जाएगा चुनाव का शोर कल रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

## सेवन रेस कोर्स, निरंकारी आश्रम से जाएंगी 800 बसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का शोर आज शनिवार की शाम पांच बजे से थम जाएगा। रविवार को पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नौबस्ता गल्ला मंडी से पोलिंग पार्टियां सेवन रेस कोर्स व निरंकारी आश्रम पहुंचेंगी, जहां से बसों के जरिए अपने बूथों के लिए रवाना होंगी।

कानपुर और अकबरपुर संसदीय सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान है। इधर, करीब एक माह से चल रहा चुनावी शोर, जनसभा, रैली और जनसंपर्क अभियान शनिवार शाम पांच बजे से थम जाएगा। रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। वैसे हर बार पोलिंग पार्टियां नौबस्ता गल्ला मंडी से रवाना होती थीं, लेकिन इस बार मेट्रो का निर्माण कार्य चलने के कारण सभी बसों को गल्ला मंडी में नहीं खड़ा किया जा सकता है। इस वजह से गल्ला मंडी से डेढ़ किलोमीटर दूर सेवन रेस कोर्स और निरंकारी आश्रम के पास से पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए 800 बसें खड़ी होंगी।


रूट मार्च करते पुलिसकर्मी और अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

**कानपुर में विधानसभावार मतदान केंद्र व मतदेय स्थल**

गोविंदनगर में मतदान केंद्र 73, मतदेय स्थल 350, सीसामऊ में मतदान केंद्र 48, मतदेय स्थल 275, आर्यनगर में मतदान केंद्र 64, मतदेय स्थल 293, किदवईनगर में मतदान केंद्र 78, मतदेय स्थल 350, कैंट में मतदान केंद्र 79, मतदेय स्थल 339 हैं।

- **गल्ला मंडी से शटल सेवा से रवानगी स्थल पहुंचेंगी पार्टियां**

इनमें बिठूर और महाराजपुर विधानसभा की पोलिंग पार्टियों के लिए 200 बसें होंगी। अन्य विधानसभा के लिए 600 बसें लगाई गई हैं। गल्ला मंडी से सेवन रेस कोर्स और निरंकारी आश्रम तक पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए 80 बसों का अलग से प्रबंध किया गया है। इन 80 बसों की सेवा को शटल सेवा का नाम दिया गया है।

**3614** पोलिंग बूथ हैं जिले में

**1411** कुल मतदान केंद्र बनाए गए हैं

**3979** कुल पोलिंग पार्टियां

**अकबरपुर में विधानसभावार मतदान केंद्र व मतदेय स्थल**

- कल्याणपुर में मतदान केंद्र 67, मतदेय स्थल 340, बिठूर में मतदान केंद्र 271, मतदेय स्थल 416, महाराजपुर में मतदान केंद्र 147, मतदेय स्थल 452 और घाटमपुर में मतदान केंद्र 255, मतदेय स्थल 366 हैं।

**मिश्रिख लोकसभा आंशिक**

- बिल्हौर विधानसभा में मतदान केंद्र 329, मतदेय स्थल 433 हैं।

**इस बार 100 मतदेय स्थल बढ़े**

- लोकसभा चुनाव 2019 में जिले में 3514 मतदेय स्थल व 1398 मतदान केंद्र थे, जिसमें इस बार 100 की बढ़ोतरी हुई है। अब मतदेय स्थल 3614 और मतदान केंद्र 1411 है। इससे मतदाताओं को काफी सहुलियत मिलेगी। मतदाताओं को अब ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ेगा।

**शहर में आज**

- **जनसभा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बाबूपुरवा में चुनावी जनसभा सुबह 11 बजे।
- **गोष्ठी :** ओब्स एंड गाइनी व कानपुर आईएसओपीएआरबी की गोष्ठी होटल विजय बिला में 3.30 बजे।
- **शरबत वितरण :** रामकृष्ण शाखा द्वारा जाजमऊ के स्मार्ट ट्रेडर्स कंपाउंड में शरबत वितरण सुबह 11 बजे।
- **वार्ता :** गुड लुक एंटर ट्रेटमेंट द्वारा वेंदात फिल्म के निर्माण के संबंध में वार्ता प्रेस क्लब में 1.30 बजे।
- **वार्ता :** जीएसवीएम मेडिकल कालेज के पीसीआर रूम में सर्जरी के संबंध में वार्ता एक बजे।

## नशेबाजी के विवाद में युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**कानपुर।** कैंट के गोलाघाट में नशेबाजों ने अजय नामक युवक को लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ित युवक ने कैंट थाने में जाकर मामले की शिकायत की है।

# प्रचार के आखिरी दिन सीएम योगी भरेंगे हुंकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **56 फीट लंबे मंच से गिनाएंगे सरकार की उपलब्धियां**



**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन में बाबूपुरवा सेंट्रल पार्क में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। शुक्रवार को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी ने तैयारियों का जायजा लिया।

सीएम योगी का मंच 56 फीट लंबा और 24 फीट चौड़ाई का बनाया गया है। मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि सीएम के मंच की ऊंचाई 6 फीट रखी गई है। मैदान पर प्रबुद्ध वर्ग चिकित्सक, इंजीनियर, प्रोफेसर, शिक्षक, उद्योगपति, प्रमुख व्यवसायी, व्यापारी व महिलाओ के बैठने के लिए बैरीकेडिंग कर ब्लॉक बनाए गए हैं। मीडिया और वीआईपी के लिए अलग ब्लॉक बनाए गए हैं। मंच पर फिलहाल 50 से 55 नेताओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। सभा में 60 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

किदवई नगर के संजय वन में हेलीपैड बनाया गया है। यहीं से सीएम योगी कार द्वारा बाबूपुरवा सेंट्रल पार्क में पहुंचेंगे। निरीक्षण में महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, रघुनंदन सिंह भदौरिया, सुरेश अवस्थी, मथुरा के विधायक पूरन प्रकाश, गणेश शुक्ला, राजन चौहान, फैजल सिद्दीकी, अर्चना आर्या, मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, गिरीश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

**50 मिनट रहेंगे मुख्यमंत्री**

- 11 :40 बजे किदवई नगर स्थित संजय वन हेलीपैड पर उतरेंगे।
- 11 :45 बजे किदवई नगर संजय वन हेलीपैड से कार से रवाना।
- 11 :50 बजे बाबूपुरवा सेंट्रल पार्क जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे।
- 12 :25 बजे जनसभा स्थल से रवाना होंगे।
- 12 .30 बजे संजय वन से हेलीकाप्टर से उन्नाव के लिए प्रस्थान करेंगे।

**मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए बदला रहेगा यातायात**

- दक्षिण जोन के थाना बाबूपुरवा क्षेत्र में स्थित न्यू सेंट्रल पार्क में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के चलते यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। यह जानकारी डीसीपी ट्रैफिक आरती सिहं ने दी। उन्होंने बताया कि जनसभा के चलते मार्ग परिवर्तन व्यवस्था लागू की गई है, जो सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक प्रभावी रहेगी।
- टाटमिल से कोई भी भारी वाहन बाबूपुरवा की ओर नहीं जाएगा। ये वाहन मनोज इंटरनेशनल से दाहिने मुड़कर श्याम नगर पीएसी मोड़ होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।
- यशोदा नगर से किदवई नगर चौराहे की ओर कोई भी भारी वाहन नहीं आएंगे। ये वाहन श्यामनगर पीएसी मोड़ से बाएं मुड़कर मनोज इंटरनेशनल होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।
- छोटे व हल्के वाहन बगाही चौकी से दाहिने मुड़कर साउथ एक्स माल से होते हुए साइट नंबर वन से बारादेवी सोटे बाबा हनुमान मंदिर होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।
- कोई भी वाहन किदवई नगर चौराहे की तरफ नहीं जाएगा। इसी तरह यशोदा नगर की तरफ से आने वाले हल्के व छोटे वाहन बरगदिया तिराहे से बाएं मुड़कर घनश्यामदास चौराहे से गौशाला होते हुए गंतव्य को जाएंगे।

# मेस्टन रोड में घनी आबादी के बीच धमाके से दहले लोग, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **कोतवाली थाना क्षेत्र में बीच वाले मंदिर के सामने गन हाउस में हुई घटना**
- **फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य किए एकत्र, घायल अस्पताल में भर्ती**

**अमृत विचार।** शुक्रवार देर शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित अति संवेदनशील इलाके मेस्टन रोड की घनी आबादी के बीच गन हाउस में संदिग्ध परिस्थितियों में तेज धमाका हो गया। जिससे दुकान मालिक और कर्मचारी बुरी तरह से लहूलुहान हो गए। धमाका इतना तेज था कि पूरा इलाका दहल गया। इस दौरान दुकान में लगे शीशे टूटकर सड़क तक बिखर गए और सामान क्षतिग्रस्त हो गया। धमाका सुनकर आसपास के दुकानदार और ग्राहक भाग खड़े हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

स्वरूप नगर के रहने वाले 45 वर्षीय पलाश कुमार डे की यूनाइटेड ट्रेडिंग कॉरपोरेशन के नाम से एयरगन मेस्टन रोड में बीच वाले मंदिर के सामने गली में राकेश चौरिया के मकान में स्थित है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर शाम करीब सात बजे वह दुकान में अपने कर्मचारी सिरकी मोहाल निवासी 35 वर्षीय हरीओम से काम करवा रहे थे तभी तेज धमाका हो गया। बताया कि आंखों के सामने काला अंधेरा छा गया। शोकेस के कांच टूटकर उन लोगों को लग गया। जिससे वह लोग लहूलुहान हो गए। बताया कि वह लोग लहूलुहान बेसुध पड़े थे। घनी आबादी और शाम की दुकनदारी के समय ग्राहकों की भीड़ के बीच हुए तेज धमाके से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। कुछ देर के लिए दुकान में धुआं सा छ गया। धमाके की आवाज सुनकर मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए उर्सला अस्पताल भिजवाया। जहां दुकान मालिक का सिर फट गया वहीं कर्मचारी का पैर और हाथ लहूलुहान हो गया। लोगों का कहना था कि दुकान में रखा एयरगन कॉक का डिब्बा कर्मचारी के हाथ से गिर गया था। जिससे इतनी बड़ी घटना हो गई। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि कंप्रेशर या फिर इन्वर्टर फटने से हादसा हुआ है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना के एक-एक साक्ष्य एकत्र किए। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया लिया और मामले में जांच के आदेश दिए। इस मामले में इंस्पेक्टर कोतवाली संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में बारूद की पुष्टि नहीं हुई है। घटनास्थल पर इन्वर्टर का ढक्कन फटा मिला है। गैस की भी महक आ रही थी। मामले की जांच की जा रही है।


धमाके के बाद घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार


धमाके से टूटे शीशे। अमृत विचार



धमाके में घायल हुए लोग।

**कॉक के भंडारण से हो सकता बड़ा हादसा**

मेस्टन रोड संवेदनशील इलाके में से एक है। यहां थोक और फुटकर का व्यापार होता है। घनी आबादी वाले इस मार्केट में कई गन हाउस हैं। पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एयरगन हाउस में दुकानदार कॉक का दुकान से लेकर बाथरूम और चोरी छिपे अन्य जगहों पर भंडारण किए हुए हैं। जिससे कुछ वर्ष पहले उसके फटने से हादसा हो चुका है, लेकिन एक बार फिर से वह लोग लापरवाही की इंतहा पार करते हुए बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

# डफरिन और उर्सला में अब ऑनलाइन रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **दोनों अस्पतालों में ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू**

**अमृत विचार।** उर्सला और डफरिन अस्पताल में अभी तक मरीजों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल आना पड़ता था, लेकिन अब दोनों ही अस्पतालों में ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हो गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होने से जांच के बाद रिपोर्ट का लिंक मरीज के मोबाइल पर आएगा। ऑनलाइन रिपोर्ट देखने बाद डॉक्टर मरीजों का इलाज शुरू करेंगे।

मोबाइल पर रिपोर्ट मिलने से साथ में कागजों को संभालने की जररूत नहीं होगी। डफरिन की अस्पताल प्रबंधक डॉ.दरख्शा परवीन ने बताया कि दो हफ्ते पहले अस्पताल में ऑनलाइन रिपोर्ट की व्यवस्था शुरू की गई है। यह व्यवस्था पहले से बनी थी, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से सेवा संचालित नहीं हो पा रही थी। इसके लिए मरीज या तीमारदारों को पंजीकरण कराते समय मोबाइल नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिस पर बार कोड के साथ लिंक भेजा जाएगा। उर्सला के अस्पताल प्रबंधक डॉ. फैसल नफीस ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह व्यवस्था एक माह पहले शुरू की गई है। मोबाइल पर जांच रिपोर्ट के लिए मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। रिपोर्ट आते ही मरीज और तीमारदार के मोबाइल पर रिपोर्ट भेज दिया जाएगा।

# कोर्ट में 30 गवाहों के दर्ज होंगे बयान


कुशाग्र कांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एडीजे सात की कोर्ट में हुई सुनवाई, अभियोजन ने कोर्ट को सूची सौंपी**

**अमृत विचार।** कुशाग्र अपहरण एवं हत्याकांड के मामले में शुक्रवार को अदालत में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 30 गवाहों की सूची सौंपी गई। कोर्ट ने अगली तिथि 15 मई निर्धारित की है, जिस पर गवाहों के बयान दर्ज होने शुरू होंगे।

30 अक्टूबर को रायपुरवा निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र का उसके ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के प्रेमी प्रभात शुक्ला ने किया था। प्रभात कुशाग्र को ओमपुरवा स्थित घर ले गया था, जहां उसकी हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद प्रभात के दोस्त शिवा गुप्ता ने फिरौती का लेटर कुशाग्र के घर में फेंका था, जिसमें उसने रचिता वत्स की स्कूटी का इस्तेमाल किया था। रायपुरवा पुलिस ने रचिता, प्रभात व शिवा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

यह मामला एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है।

डीजीसी दिलीप अवस्थी व अधिवक्ता चिन्मय पाठक ने बताया कि अधालत में 30 गवाहों की सूची सौंपी गई है। सबसे पहले वादी कुशाग्र के बाबा संजय कनोडिया के बयान दर्ज कराए जाएंगे। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 15 मई निर्धारित की है, जिसमें बयान दर्ज होने शुरू होंगे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



# विपरीत दिशा में दौड़ रहे लोडर की टक्कर से पैरोकार की गई जान

## बिधनू थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, सरकारी काम से घाटमपुर जा रहा था पैरोकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू थाना क्षेत्र में गुरुवार रात दोस्त को छोड़कर सरकारी काम से जा रहे बाइक सवार पैरोकार को विपरीत दिशा में दौड़ रहे तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह उछलकर सीधे लोडर का कांच तोड़कर अंदर घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन उसे सीएचसी भिजवाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी, तो कोहराम मच गया।


कृष्ण कुमार।

मथुरा जनपद के जुमनापार थाना क्षेत्र के दूधाधारी निवासी हरीओम शर्मा का 26 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ केके पंडित वर्ष 2020 बैच का सिपाही था। पिता हरीओम शर्मा ने बताया कि कृष्ण कुमार की पहली पोस्टिंग कानपुर के कोतवाली थाने में थी, जहां पर वर्तमान में वह पैरोकार था। उन्होंने बताया कि 15 दिन पहले ही वह छुट्टी लेकर गांव गया था। वहां से गुरुवार को ही वापस आकर आमद कराई थी।

उन्होंने बताया कि रात करीब आठ बजे अपने दोस्त प्रवीण को बेकनगंज में छोड़कर सरकारी काम से घाटमपुर की ओर जा रहा था। वह बिधनू थाना क्षेत्र में रमईपुर (मगरासा) पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा में दौड़ रहे तेज रफ्तार लोडर से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। लोडर की रफ्तार इतनी तेज थी कि सिपाही लोडर का शीशा तोड़कर आधा अंदर घुस गया। हादसा देख आसपास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाजुक हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सिपाही की मौत की सूचना जैसे ही महकमे को हुई तो माहौल गमगीन हो गया।

### बेटे का शव देखते ही अचेत हुई मां

■ सूचना पर मथुरा से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचीं मां मीना बेटे का शव देखते ही अचेत हो गईं। पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों के बीच कोतवाली पुलिस के प्रति आक्रोश दिखा। उनका आरोप था कि रात से सुबह हो गई, लेकिन कोतवाली का एक भी सिपाही नहीं दिखा। तकरीबन 12 बजे कोतवाली थाना प्रभारी संतोष कुमार के पहुंचने पर लोग शांत हुए।

### सहादाबाद में तय हो चुकी थी शादी

■ पिता हरिओम शर्मा ने बताया कि कुलदीप शर्मा, नरेश और चंद्रमुनी में कृष्ण कुमार तीसरे नंबर का था। उसकी शादी की बातचीत सहादाबाद में तय हो चुकी थी, लेकिन उसके पहले ही ईश्वर ने सारी खुशियां छीन लीं। कृष्ण कुमार के साथी पुलिसकर्मी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। सभी की आंखें नम दिखीं। उनका कहना था कि वह बहुत मिलनसार था।

### पुलिस कमिश्नर ने अर्थी को कंधा देकर विदा किया

■ पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन ले जाया गया, जहां पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद पुलिस कमिश्नर और कोतवाली पुलिस ने कंधा देकर गांव के लिए परिजनों को शव लेकर रवाना किया। पुलिस कमिश्नर परिजनों से मिले और संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बिधनू पुलिस ने बताया कि बड़े भाई कुलदीप शर्मा की तहरीर पर लोडर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- 15 दिन की छुट्टी के बाद कोतवाली में कराई थी आमद
- लोडर की टक्कर से शीशे में टकराया और अंदर घुसा


मां मीना को संभालता बेटा कुलदीप।

## गंदगी मिलने पर सफाई कर्मियों का वेतन रोका

**कानपुर।** नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान सड़कों पर जगह-जगह गंदगी मिली। चार सफाई कर्मचारियों, तीन सफाई नायक, चार सफाई नायकों को स्पष्टीकरण और जोनल स्वच्छता अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देकर अपर नगर आयुक्त को निगाह बनाए रखने के निर्देश दिये हैं।

नगर आयुक्त ने बेनाझाबर रोड, चुन्नीगंज, शनि मन्दिर, सूटरगंज, ग्वालटोली, लाल इमली, लिटिल शेफ, कचेहरी रोड, चेतना चौराहा, फूलबॉग, बिरहाना रोड, घण्टाघर, टाटमिल चौराहा, बाकरगंज, किदवई नगर, बाबूपुरवा सेन्ट्रल पार्क, संजय वन, झकरकटी बस अड्डा, अफीम कोठी, जरीब चौकी, द्वारिका पुरी बाजार, गुमटी नं 5, कोका कोला चौराहा, गोल चौराहा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। बिरहाना रोड पर सड़क किनारे गन्दगी मिलने पर दो सफाई कर्मचारी, सफाई नायक का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। सफाई निरीक्षक अमित कुमार, विपिन कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है। जोनल स्वच्छता अधिकारी मनोज पाल को नोटिस जारी किया। चुन्नीगंज शनिदेव मन्दिर से सूटर गंज तक गन्दगी मिली। सफाई कर्मचारी, सफाई नायक विशाल, मुन्ना का एक दिन का वेतन रोकने, सफाई निरीक्षक श्याम सिंह, दिलीप भारती से स्पष्टीकरण मांगा है।


वनखंडेश्वर चौराहे पर जाम लगाकर हंगामा करतीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता। अमृत विचार

# एसीपी पर भड़का गुस्सा, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वनखंडेश्वर चौराहे पर राहुल की टिप्पणी पर भाजपाई महिलाएं कर रही थीं विरोध
- पुलिस ने यातायात किया डायवर्ट, गलियों से निकले लोग धूप में हुए परेशान

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान सीसामऊ एसीपी वहां पहुंचीं और उन लोगों का हाथ मरोड़ दिया। महिलाओं और पुलिस में तीखी नोकझोक हुई और महिला कार्यकर्ताओं ने वनखंडेश्वर चौराहे पर जाम लगा दिया। पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए एसीपी से माफी मांगने पर अड़ गईं। शहर में वीआईपी मूवमेंट के दौरान जाम की सूचना पर महकमे में हड़कंप मच गया। सीसामऊ और बजरिया थाने के फोर्स ने रूट डायवर्ट कर हालात से निपटने का प्रयास किया।

भाजपा महिला मोर्चा उत्तर की जिलाध्यक्ष सरोज सिंह के साथ प्रीती साहू, विजया तिवारी, गुंजन, शोभा, लवी, मोनिका, शिल्पा आदि का कहना है कि राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर वे लोग शांतिपूर्वक वनखंडेश्वर चौराहे पर किनारे खड़े होकर महिला कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। इस दौरान करीब एक बजे सीसामऊ एसीपी श्वेता कुमारी फोर्स के साथ वहां पहुंचीं और ऊल-जलूल बातें करने लगीं।

भाजपा महिला नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्दी का रौब दिखाने पर नोकझोक होने लगी। एसीपी ने अंगुली मरोड़ दी, जिससे गुस्सा बढ़ गया। महिला कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर बैठकर जाम लगा दिया। एसीपी के खिलाफ नारेबाजी होने लगी। भाजपाई भी वहां पहुंचने लगे। सड़क जाम और हंगामे की सूचना पर अफसरों के फोन घनघनाने लगे।

बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह और सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी फोर्स के साथ पहुंचे और महिला नेताओं को समझा-बुझाकर जाम खोलने को कहा, लेकिन वे लोग एसीपी श्वेता कुमारी से माफी मंगवाने की मांग पर अड़ गईं। इसके बाद अनवरगंज एसीपी आईपी सिंह व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सलिल विश्नोई कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। एसीपी के माफी मांगने के बाद चार बजे विरोध प्रदर्शन खत्म हुआ।

## सार-संक्षेप

### बाइक सवार युवक ने सरेराह छात्रा से की छेड़खानी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के रामादेवी चौराहे के पास से बाइक सवार शोहदे ने बीच सड़क पर छात्रा को रोककर उसके साथ छेड़खानी की। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकला। पीड़िता ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की है।



चकेरी निवासी इंटर की छात्रा के अनुसार पिछले कुछ माह से एक शोहदा उसे स्कूल से आते जाते समय पीछा कर कमेंट कर रहा था। 28 अप्रैल की दोपहर को वह स्कूल से घर जा रही थी। तभी शोहदा बाइक से आया और रास्ते में रोककर जबरन हाथ खींचकर छेड़खानी करने लगा। जिस पर उसने शोर मचाया तो आरोपी छात्रा को धमकाते हुए भाग निकला। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों से शिकायत की। लेकिन लोकलाज के चलते पीड़िता ने पुलिस से शिकायत नहीं की। उधर शोहदा अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। जिसके बाद छात्रा ने चकेरी थाने में मामले की शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### फुटेज से सात आरोपियों की पहचान, एफआईआर दर्ज

**कानपुर।** सोशल मीडिया में शराब पीकर दो पक्षों में मारपीट का वीडियो वायरल होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को फुटेज के आधार पर सात आरोपियों की पहचान कर दरोगा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सोशल मीडिया में शराब पीकर बीच सड़क झगड़ा करने का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस को पता चला कि वीडियो बुधवार रात का है, जिसमें एक पक्ष का सरसैया घाट निवासी शिवम व दूसरे पक्ष के ज्ञानू, राकेश, अनिल, अनुज, अतुल, राहुल आदि है। दोनों पक्षों ने सरसैया घाट जाने वाली सड़क पर बैठकर शराब पी थी। किसी बात पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी हुई थी। कोतवाली पुलिस ने दरोगा कृष्ण कुमार पटेल की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ गरूवार को रिपोर्ट दर्ज की है।

### चोरों ने स्पा सेंटर से पार किया माल

**कानपुर।** किदवई नगर साकेत नगर निवासी सोनिया मल्होत्रा ने पुलिस को बताया कि नजीराबाद स्थित आया सिंह कॉम्पलेक्स में स्पा सेंटर था। बताया कि सात मई को उन्होंने स्पासेंटर खाली किया था। जिसका सारा सामान निकाल कर नीचे के फ्लोर पर रख कर ताला बंद कर दिया था। अगले दिन जब वह सामान लेने लोडर लेकर पहुंची तो वहां से दो एसी गायब थे। सीसीटीवी चेक करने पर पता चला कि कानपुर देहात रसूलाबाद औनमहा बड़ा गांव निवासी आजम अली, विजय व एक अन्य व्यक्ति ने चोरी की है। नजीराबाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संदिग्ध हालात में दो सहेलियां लापता

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के शिवकटरा में संदिग्ध परिस्थितियों में दो सहेलियां लापता हो गईं। जिसके बाद परिजनों ने दो युवकों पर बहला फुसलाकर अपहरण कर लेने का आरोप लगाकर शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शिवकटरा निवासी पीड़ित के अनुसार उनकी 19 वर्षीय बेटी की इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय सहेली है। जो शुक्रवार से संदिग्ध परिस्थतियों में घर से लापता हैं। बेटियों के न मिलने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। लेकिन दोनों का कुछ पता न चल सका। इसके बाद परिजनों को जानकारी हुई तो दो आरोपी बेटियों को बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जाएगी।

# शिक्षा विभाग में सात साल तक चला कर्मचारी की उम्र बढ़ाने का खेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 2016 में बीपीएमजी इंटर कॉलेज के कर्मचारी ने किया था आवेदन
- रिटायरमेंट से एक महीने पहले पूरे मामले का हुआ खुलासा

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग में मंधना के बीपीएमजी इंटर कॉलेज के कर्मचारी की उम्र कम करने के मामले में नया खुलासा हुआ है। विभाग की जांच में सामने आया है कि यह पूरा खेल सात साल से चल रहा था। कर्मचारी ने वर्ष 2016 में उम्र में कमी किए जाने का आवेदन किया था। खास बात यह है कि अगले महीने जून में रिटायरमेंट होने की जब स्कूल में तैयारी चल रही थी, उस समय इस पूरे मामले का खुलासा हो गया।

कर्मचारी की उम्र में हेरफेर के मामले की शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि आरोपी स्कूल का कर्मचारी सुभाष द्विवेदी अपनी उम्र पांच साल कम कराने के लिए 7 साल पहले ही आवेदन कर चुका था। शिक्षा विभाग की जांच टीम की ओर से अब पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है। जांच के दायरे में यह भी प्राथमिकता से परखा जा रहा है कि स्कूल के कर्मचारी की ओर से दिए गए दस्तावेज का सत्यापन कराए जाने की प्रक्रिया विभाग के कर्मचारियों ने किस तरह अपनाई थी। इसके अलावा जांच में स्कूल के कर्मचारी की उम्र में बदलाव के दिए गए आदेशों के भी रिकॉर्ड को परखा जा सकता है।

इस पूरे मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### यह है मामला

मंधना के बीपीएमजी इंटर कालेज में कार्यरत एक कर्मचारी ने पांच साल का सेवा विस्तार और वित्तीय लाभ पाने के लिए सेवा पंजिका में दर्ज जन्म वर्ष में बदल डाला। उच्चाधिकारियों ने शिकायत संज्ञान में आने पर प्रकरण की जांच शुरू हुई है। प्रथमदृष्टया जांच में डीआइओएस कार्यालय में माध्यमिक शिक्षा पटल देखने वाले लिपिक की संलिप्तता सामने आई है। बीपीएमजी इंटर कालेज में कार्यरत कर्मचारी सुभाष द्विवेदी की एक दिसंबर 1990 को नियुक्ति हुई थी। सेवा पंजिका में जन्म वर्ष 1964 लिखा हुआ है। 34 साल नौकरी करने के बाद कर्मचारी ने यह कहते हुए अपनी उम्र कराई है कि उसकी जन्मतिथि गलत दर्ज है।

## पांच महीने तक सत्यापन प्रक्रिया की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षा विभाग की भी रही बड़ी चूक, सत्यापन का करते रहे इंतजार
- जांच के दौरान पांच महीने की सभी प्रक्रिया को खंगला जाएगा

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग के फर्जी ई-मेल के जरिए हुई भर्ती पर अब पांच महीने के खेल का भी पता लगाया जा रहा है। विभागीय जांच में पांच महीने तक सत्यापन के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई इसके अभिलेखों को परखा जा रहा है। खास बात यह है कि बगैर सत्यापन के ही शिक्षिका का वेतन आहरित होने की वजह को भी तलाश जा रहा है।

शिक्षा विभाग के फजी नियुक्ति घोटाले में पांच महीने के रहस्य से पर्दा उठाने के लिए जांच टीम जुटी हुई है। प्रकरण में दिसंबर महीने में नियुक्ति होने के बाद बगैर सत्यापन वेतन भुगतान की प्रक्रिया जांच टीम की ओर से समझी जा रही है। इसके लिए जांच टीम की ओर से एकत्रित किए गए अभिलेखों को कड़ी से कड़ी मिलाया जा रहा है। उधर वेतन भुगतान करने वाले स्कूल की ओर से अभी तक विभाग को अभिलेख नहीं सौंपे गए हैं। जांच टीम के सदस्यों का मानना है कि स्कूल की जांच रिपोर्ट विभाग के पास आने से कई कड़ी आपस में जुड़ेगी।

शिक्षा विभाग की ओर से मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज को अभिलेख उपलब्ध कराने और स्कूल की जांच कर रिपोर्ट को विभाग को सौंपने के लिए पहले ही नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस जारी होने के बाद भी स्कूल की ओर से अब तक विभाग की जांच में सहयोग नहीं किया जा रहा है। पूरे मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि नियुक्ति के बाद मामले के खुलासे तक के समय की प्रक्रिया के लिए स्कूल के अभिलेख महत्वपूर्ण है। इसलिए जल्द ही स्कूल से अभिलेखों को मंगाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें एक ओर नोटिस जारी किया जाएगा।

# छात्र को यातना देने में आठवां आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऑनलाइन गेम में 20 हजार हारने पर आरोपी दोस्त ब्याज पर मांग रहे थे 50 हजार
- गुप्तांग में ईंट लटकाकर आग से जलाने का किया था प्रयास, बेरहमी से पीटा था
- सात आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी, चार की तलाश में छापेमारी

**अमृत विचार।** काकादेव थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्र को बर्बातापूर्वक यातनाएं और बेरहमी से मारपीट करने के मामले में फरार आठवें नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद वह भाग गया था। उसे पकड़े जाना का डर था इसलिए वह छिप गया था। पुलिस अब शेष बचे तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दे रही है।


आरोपी अनुज वर्मा। अमृत विचार

रविवार को सात वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। इसमें एक नाबालिग छात्र के साथ कई युवक मारपीट करते नजर आ रहे थे। वीडियो में नाबालिग को निर्वस्त्र कर गुप्तांग से ईंट लटकाने और पीटने व चेहरे पर आग का स्प्रे करके उसे जलाने की कोशिश की जा रही थी। वीडियो वायरल होने के बाद कमिश्नरेट के अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। काकादेव पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और नाबालिग छात्र के परिजनों की तहरीर पर मंगलवार को मामला दर्ज कर किया था। साथ ही सात आरोपियों तन्मय चौरसिया, अभिषेक कुमार वर्मा, योगेश विश्वकर्मा, संजीव कुमार यादव, हरगोविंद उर्फ केशव तिवारी, शिवा त्रिपाठी, वीडियो बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

वहीं, चार आरोपियों में से फरार नामजद आरोपी अनुज वर्मा निवासी प्रतापगढ़ थाना सागीपुर निवासी ओसाव को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष तीन की तलाश की जा रही है। काकादेव निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, अन्य की तलाश के लिए गठित टीमें लगी है। आरोपी ने घटना कबूली है, कि बर्बाता करने में उसका भी हाथ है। बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## नशीला पदार्थ पिलाकर महिला का बनाया वीडियो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज में एक महिला को युवक ने ऑनलाइन दोस्ती करने के बाद ब्लैकमेल किया। मिलने के बहाने बुलाकर उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, फिर वीडियो बना लिया। विरोध पर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नवाबगंज आजाद नगर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले जयपुर के कोटपुतली खेड़ा निहाल गांव निवासी प्रमोद शर्मा नाम के युवक से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने ब्लैकमेल कर मिलने के लिए बुलाने लगा। डर की वजह से वह उससे मिलने गई, जहां पर आरोपी ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उनका वीडियो वना लिया। आरोपी ने कुछ दिनों बाद वीडियो को आपत्तिजनक बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सात अप्रैल को आरोपी के खिलाफ लखनऊ के आलमबाग थाने में शिकायत की थी।

**ऑर्डर मिले** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हुई थी कारोबारियों की मुलाकात, 1600 ट्रॉली लेदर बैग के भेजे सैंपल

# वियतनाम को पसंद आए शहर के ट्रॉली बैग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में बने लेदर ट्रॉली बैग को अब वियतनाम का नया बाजार मिल गया है। शहर के निर्यातक को वियतनाम से 1600 ट्रॉली बैग का ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के मुकाबले फाइनल सैंपल भेज दिया गया है। कारोबारियों की मानें तो माल एक साल तक सप्लाई होगा। ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान दोनों देशों के कारोबारी एक- दूसरे के संपर्क में आए थे।


ट्रॉली बैग का नमूना। अमृत विचार

शहर से वियतनाम जाने वाले ट्रॉली बैग की खासियत यह है कि यह पूरी तरह से हाथ के बने हुए हैं। इस बैग पर सिलाई भी हाथ से ही की गई है। चमड़े की कटिंग के अलावा बैग में डिजाइन भी हाथ के कारीगरों की ओर से ही की गई है। निर्यातकों ने बताया कि बैग की मजबूती और डोरे से हाथ की सिलाई की वजह से यह ऑर्डर उन लोगों ने चीन की कंपनी से छीना है। निर्यात ऑर्डर पर सना इंटरनेशनल एक्जिम के निदेशक डॉ. जफर नफीस ने बताया कि इस ऑर्डर के मिलने के बाद वियतनाम के लिए शहर के छोटे निर्यातकों के रास्ते खुल गए हैं।

उन्होंने बताया कि इससे पहले वियतनाम में शहर से लेदर के कई उत्पाद निर्यात होते थे। हाथ के बने लेदर ट्रॉली बैग जैसा उत्पाद पहली बार निर्यात किया जा रहा है। इसी तरह एचएन लेदर के निदेशक हसीमुद्दीन ने बताया कि हाथ के बने लेदर के उत्पादों की विदेश में मांग तेजी से बढ़ी है। शहर में हाथ के कारीगर हुनरमंद हैं। विदेश में लेदर ट्रॉली बैग जैसे उत्पाद भी हाथ के बने मांगे जा रहे हैं।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से हुई शुरुआत

○ निर्यातकों ने बताया कि वियतनाम की जिस कंपनी को शहर से बैग निर्यात किए जा रहे हैं, वह कंपनी ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए संपर्क में आई थी। उस ट्रेड शो का ऑर्डर अब कारोबारियों को मिलने लगा है। कारोबारियों ने यह भी कहा कि इस तरह के इंटरनेशनल ट्रेड शो का प्रदेश में होना उन लोगों के लिए बेहतर साबित हो रहा है। इस तरह के और ट्रेड शो का होना बहुत जरूरी है।

### कानपुर ने चीन को कर दिया पीछे

○ निर्यातकों ने बताया कि वियतनाम में ज्यादातर उत्पाद अभी तक चीन से ही जाते थे। चीन के उत्पादों का जल्द खराब हो जाने की वजह से वहां के कारोबारियों ने भारत का तेजी से रुख किया है। कम कीमत का ऑफर चीन ने इस ऑर्डर के लिए भी कोट किया था। इसके बावजूद मजबूती और बेहतर डिजाइन की वजह से चीन से यह ऑर्डर यहां के कारोबारियों ने छीन लिया।

# जर्जर और झुके खंभे दे रहे हादसे को दावत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को के एक लाख खंभों में कुछ की हालत बेहद खराब

**अमृत विचार।** घरों को रोशन करने के लिए केस्को द्वारा लगाए गए बिजली के खंभे हादसे का सबब बने हुए हैं। शहर में कई जगहों पर जर्जर खंभे लगे हुए है और कुछ तो तारों के बोझ के कारण झुक तक गए है। जबकि कुछ तो मकान व दीवारों के सहारे है। लोगों की शिकायतों के बाद भी केस्को के अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। मानो जैसे उनको किसी हादसे का इंतजार हो।

केस्को के शहर में एक लाख से अधिक बिजली के खंभे लगे है, लेकिन इन सब खंभों की देखभाल केस्को सही तरह से नहीं कर पा रहा है। इसी का नतीजा है कि कई बिजली के खंभे जर्जर अवस्था में दिखते है और ऊपर से उनपर तारों का मकड़जाल भी लदा रहता है। ऐसे में तेज आंधी आने पर कभी भी हादसा होने का खतरा बना रहता है। जंग खाए खंभे टूटकर गिरने की कगार पर होते है।

शहर के ग्वालटोली, शूटरगंज, मॉलरोड, बिरहाना रोड, सीसामऊ, गोविंद नगर, किदवई नगर, रावतपुर, आवास-विकास, नौबस्ता, मूलगंज समेत आदि क्षेत्रों में जर्जर खंभे है। साथ ही उनपर तारों का मकड़जाल भी है। इसके बावजूद इन खंभों को न तो बदला जा रहा है और न ही झुके पोलों को सीधा करने का प्रबंध किया जा रहा है। केस्को के मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि केस्को टीम पेट्रोलिंग करती है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **तुलसी पुत्र रामदास निवासी ग्राम उमरपुर गेरखुआ परगना व तहसील सदर, थाना मिल एरिया जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे दो पुत्र और एक पुत्री है। छोटा पुत्र अजय कुमार आए दिन घर में मेरे और मेरी पत्नी के साथ मारपीट और गाली गलौज करता है। उसके गलत हरकतों से तंग आकर मैं अपने समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे बेटे के किसी कृत्य का मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **इमामुन निशा पत्नी मो0 कादिर, निवासिनी– 174/6 पीर जलील घोसियाना लखनऊ,** मेरा बड़ा लड़का अब्दुल करीम उर्फ शानू ने अपनी मर्जी से मोहल्ले की लड़की जोहा उर्फ अलकाका पुत्री मो0 शरीफ, निवासी– 174/6 पीर जलील, घोसियाना लखनऊ से प्रेम विवाह कर लिया है। यहकि मेरे लड़के ने मेरे घर पर आकर के मुझे व मेरी तीनों पुत्री को गन्दी गन्दी गालिया दी और मारा पीटा उसके इस कृत्यों से तंग आकर मैं अपने पुत्र को अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। अब अब्दुल करीम उर्फ शनू व उनकी पत्नी जोहा उर्फ अलकाका व उनके रिश्तेदार से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है और उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (Ram rahesh) था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम (Ram rahesh Maurya) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। -Ram rahesh maurya s/o guru prasad, Add- 265 loshanpur, harimau, jagdeshpur amethi

**सूचना**

सूचित हो कि मैं FAIZ MOHAMMAD KHAN S/O JAMAL KHAN, **ग्राम–काला महादेवा, पोस्ट–नासिरगंज, थाना– सोनवा, जनपद– श्रावस्ती,** मैंने अपना नाम FAIJ MOHAMMAD से बदल कर FAIZ MOHAMMAD KHAN रख लिया है अतः आज से मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे माता का नाम श्यामा देवी सिंह (SHAYAMA DEVI SINGH) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। सही नाम SHYAMA SINGH पुत्र रवीन्द्र सिंह है। इसे रिकार्ड में दर्ज किया जाये। आर्मी नंबर– 16024824 K। – **श्यामा सिंह पत्नी अवधेश सिंह, निवासी–ग्राम गाजनपुर, पो0– दुवरिया, परगना व तहसील–मुसाफिरखाना, जिला– अमेठी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम (AVADESH SINGH) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। सही नाम (AVDHESH SINGH) पुत्र रवीन्द्र सिंह है। इसे रिकार्ड में दर्ज किया जाये। आर्मी नंबर– 16024824 K। – **अवधेश सिंह पुत्र स्व0 गुरूदीन सिंह, निवासी–ग्राम गाजनपुर, पो0– दुवरिया, परगना व तहसील–मुसाफिरखाना, जिला– अमेठी**

# परशुराम जयंती पर फूलों की होली और आतिशबाजी

## आर्यनगर परशुराम वाटिका में धूमधाम से मनाया गया अवतरण उत्सव, भजन के साथ कथक की धूम

**हर तरफ दिखा उत्साह**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रभु परशुराम का अवतरण उत्सव शुक्रवार को भगवान परशुराम सर्वकल्याण सेवा समिति की ओर से परशुराम वाटिका आर्यनगर में धार्मिक, सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। आचार्य ओंकार व प्रमोद तिवारी ने सुबह प्रभु परशुराम का महाअभिषेक कराया। इसके बाद संस्थाओं ने दीप जलाया। शाम को अनेकों वेद विद्यालयों के 200 विद्यार्थी श्रृंखला में पहुंचे।

आश्रमों के संतों का आगमन होने से धार्मिक पंडाल भक्तिमय हो गया। भजन गायक राम पांडेय ने गणेश वंदना और शिवालिका बाजपेई ने कथक ओजस्वी से सभी को झुमाया। भोग आरती के बाद सामूहिक भंडारे का आयोजन हुआ। वहीं दिन भर जनेऊ वितरण होता रहा। शाम को विशेष आयोजन में इस्कान के भक्तों की फूलों की होली व आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही।

उत्सव में पधारे संतों, वेद विद्यार्थियों, विशिष्टजनों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र व दक्षिणा से सम्मानित किया गया। आखिर में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष एसके पालीवाल, महामंत्री शेष नारायण त्रिवेदी, सुखदेव शुक्ल, राजेन्द्र शुक्ल, बीएन आचार्य, जयशंकर त्रिवेदी, सुधीर शुक्ल, आशू शुक्ल, शशांक दीक्षित, प्रेमचंद्र शुक्ल, संजय मिश्र, श्याम शुक्ल, मनोज चतुर्वेदी आदि रहे।

**विप्रजनों का किया गया सम्मान:** अखंड ब्राह्मण मंच की ओर से किदवईनगर के पद्मनाभ मंदिर में प्रभु परशुराम की जयंती पर हवन-पूजन हुआ। शहर के विप्रजनों को सम्मानित किया गया। ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज के विवेक द्विवेदी, डीएवी डिग्री के प्राचार्य अरुण दीक्षित, ध्रुपद गायक राष्ट्रपति से पुरस्कृत विनोद कुमार द्विवेदी, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के शिव सहाय मिश्रा, महेश मिश्रा ने प्रभु परशुराम के बारे में अनेकों जानकारियां दीं। परशुराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक विनय अवस्थी ने अतिथियों का आभार जताया।

इस मौके पर गौरव तिवारी, मनोज शुक्ला, मिथिलेश बाजपेई, कमल कृषण मिश्रा, अनुराग शुक्ला, नवीन चंद्र जैन, राधेश्याम शुक्ल, गोपाल शर्मा आदि रहे।

**संतों को भोजन करा वस्त्र बांटे:** परशुराम जयंती पर शुक्रवार को कस्बे के शिवशक्ति नगर में शिव शक्ति सेवा संस्थान की ओर से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बेला रोड स्थित शिव शक्ति रिजॉर्ट में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई व अन्य ने प्रभु विष्णु के छठवें अवतार परशुराम की आरती उतारी। आदित्य बाजपेई ने कहा कि अधर्मियों, पापियों व क्रूर राजाओं के विनाश करने के साथ ऋषि मुनियों की रक्षा के लिए प्रभु परशुराम का जन्म हुआ था। राम धाम बिठूर के महंत किशोर दास व संतों को इस मौके पर भोजन कराकर वस्त्र भेंट किया गया। इस मौके पर धर्मेंद्र तिवारी, राजेश बाजपेई, संदीप त्रिपाठी, अमरीश पांडे, संजय द्विवेदी, अंकित बाजपेई, आलोक शुक्ला, सर्वेश मिश्रा व धीरेंद्र सिंह राजावत मौजूद रहे।


परशुराम वाटिका में कथक पेश करती शिवालिका बाजपेई। अमृत विचार


नागापुर के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते करौली शंकर महादेव। अमृत विचार

### 16 लाख महामंत्रों का किया गया पाठ

- धूनी ध्यान केंद्र शकुंतला शक्ति पीठ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आचार्य अमरेश मिश्र ने पांच महायोग से युक्त अक्षय तृतीया, सिद्ध योग, सौभाग्य योग, रोहिणी नक्षत्र, अमृत योग, गुरु चंदा योग में सुबह पांच बजे डॉ. ज्ञान चैतन्य महाराज के साथ मां गंगा का पूजन किया। ब्रह्मा, विष्णु व शिव पूजन के बाद वेदिका और कलश पूजन कराया गया। आचार्यों ने 16 लाख लक्ष्मी महामंत्रों का पाठ किया। लक्ष्मी के विशिष्ट नामों से 16 हजार मखाने माता को अर्पित किए। केले के पत्तों का मंडप बनाकर पुष्पों से माता लक्ष्मी का श्रृंगार किया। आचार्य अमरेश मिश्र ने भक्तों को बताया कि सनातन धर्म में अक्षय तृतीया का अतिश्रेष्ठ महत्व है। संस्था की कोषाध्यक्ष डॉ. सुनीता मिश्रा ने जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र आदि भेंट किए। संतो को दान दिया। कन्याओं का पूजन किया।

### न्याय के देवता थे प्रभु परशुराम

- बार एसोसिएशन हाल में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को प्रभु परशुराम का जयंती मनाई। कानपुर बार एसोसिएशन ने अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी ने परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि परशुराम प्रभु विष्णु के अवतार, शास्त्र के प्रकांड ज्ञाता थे। शिव का शस्त्र परशु धारण करने के कारण ही परशुराम कहा जाता है। पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन पंडित रवींद्र शर्मा ने कहा कि परशुराम को न्याय का देवता माना गया है। इस मौके पर भानु द्विवेदी, अरविंद दीक्षित, प्रमोद मिश्रा, अनिल दिक्षित, राकेश सिद्धार्थ, शुभम जोशी, राजुल श्रीवास्तव, मनोज द्विवेदी, एसके पांडे, संजीव कपूर, इंद्रेश मिश्रा, प्रियम जोशी, केके यादव आदि रहे।

### करौली शंकर महादेव बनाएंगे भव्य मंदिर

- **कानपुर।** अक्षय तृतीया व प्रभु परशुराम की जयंती पर सरसौल के नागापुर गांव में शुक्रवार को हनुमान की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस मौके पर पधारे करौली शंकर महाराज ने प्रभु परशुराम के भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा की। नागापुर गांव में दिनभर धार्मिक आयोजनों के बीच सुंदरकांड पाठ और शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ। गायिका शिवा चौधरी के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाआरती के बाद भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में करौली शंकर महाराज, पूर्व मंत्री अनंत मिश्रा, नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन अमित नारायण, रमेश चिंतक आदि मौजूद रहे।

### सुंदरकांड पाठ के साथ किया हवन-पूजन

- **कानपुर।** प्रभु परशुराम महासभा की ओर से निराला नगर में परशुराम का अभिषेक, पूजन, हवन, सुंदरकांड व प्रसाद वितरण हुआ। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेश अवस्थी ने उनके माता-पिता और भाइयों के बारे में बताया। इस मौके पर संयोजक राजेन्द्र अवस्थी, श्याम नारायण शुक्ला, विष्णु दत्त तिवारी, अनिल द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, विजय शुक्ला, विकास तिवारी, राजीव दीक्षित, अनिल त्रिपाठी, संजय बाजपेई, राकेश अवस्थी, राकेश बाजपेई, अभिजीत त्रिपाठी, वंशिका गुप्ता, बीके शुक्ला, केएस तिवारी आदि रहे।

# यह चुनाव राम भक्त व रामद्रोहियों के बीच

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ महाराजपुर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ रोड शो कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रोड शो में आई भीड़ को देखकर नेता द्वय के चेहरों पर संतुष्टि के भाव नजर आए। कार्यक्रम में शैलेंद्र त्रिपाठी, विनय मिश्रा, रमेश कुशवाहा साथ रहे। परशुराम जयंती पर बृजेंद्र स्वरूप पार्क में प्रत्याशी भोले ने परशुराम की मूर्ति के आगे माथा टेका।

कल्याणपुर विधानसभा के गेंजेस क्लब में बुद्धिजीवियों की बैठक में प्रत्याशी भोले ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने व कराने को कहा। भोले ने कहा 2001 में मोदी के कर्म ने फल देना शुरू कर दिया था जिससे उनका पुरुषार्थ दुगुना हो गया।

भोले ने कहा यह चुनाव राम भक्त राम द्रोहियों के बीच है। 13 मई को भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो हम सबको मिलकर इसके प्रयास में जुट जाना चाहिए। प्रमोद जायसवाल, बलवीर सिंह, मनोज सिंह, रविंद्र सिंह लार्ड, सुरेश सिंह चौहान, पप्पू त्रिवेदी साथ रहे।


रोड शो करते अकबरपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

# अक्षय तृतीया पर सजे रहे बाजार, सिक्कों की बिक्री

**ऑफर ने लुभाया**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चुनाव आचार संहिता का सराफा बाजार पर रहा असर, टोकन से हुई खरीदारी
- महंगाई के चलते सोने और चांदी के छोटे सिक्कों को खरीदकर लोगों ने निभाई रस्म

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया पर्व पर शुक्रवार को चांदी व सोने के छोटे उत्पादों की बिक्री अधिक रही। सजी दुकानों में पर्व पर खरीदारी करने आए ग्राहकों को ऑफर भी मिले। उधर कारोबारियों की माने तो चुनावी आचार संहिता और सहालग का न होना इस बार बाजार को प्रभावित कर गया।

अक्षय तृतीया पर्व पर सुबह से ही सोना चांदी कारोबारियों के बीच उत्साह का माहौल रहा। चौक सर्राफा व बिरहाना रोड में दुकानों को केसरिया फूलों से सजाया गया। दोपहर से खरीदारी की मान्यता के तहत लोग खरीदारी करने पहुंचे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

### कैश पर बंदिश का रहा असर

- कारोबारियों की माने तो बाजार में रोजाना के मुकाबले सिर्फ 20 फीसदी व्यापार ही चढ़ा। ज्यादातर खरीदारों ने दस ग्राम चांदी के सिक्के और पांच ग्राम तक सोने के सिक्कों तक ही खरीदारी सीमित रखी। बाजार में इस बार आए हल्की 22 व 24 कैरेट सोने के चौकोर छोटे नोट भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे थे। कानपुर महानगर बुलियन एंड सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष आशू शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जलज द्विवेदी ने बताया कि इस बार सहालग व आचार संहिता के असर से ग्राहक खरीदारी करने आने से बचते रहे। 50 हजार रुपये रखकर निकलने के नियम ने कारोबार को पर्व पर सबसे अधिक प्रभावित किया।


परशुराम यात्रा में शामिल भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी। अमृत विचार

### परशुराम फरसा यात्रा में शामिल हुए रमेश अवस्थी

**कानपुर।** शुक्रवार को कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित साकेत नगर हनुमान मंदिर में होने वाली भगवान परशुराम फरसा यात्रा में शामिल हुये। उन्होंने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की और यात्रा में भगवान की जय जयकार की। इस कार्यक्रम में मैं ब्राह्मण हूं महासभा के अध्यक्ष दुर्गेश मणि त्रिपाठी, महामंत्री नितिन अवस्थी, संरक्षक शैल शुक्ला और सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में जनसंपर्क का काफिला साकेत नगर स्थित मंदाकिनी रॉयल मे पूर्व छात्र संघ सम्मेलन में पहुंचा। यहां कार्यक्रम में उपस्थित छात्र संघ के पदाधिकारी ने रमेश अवस्थी का माल्यार्पण और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पीयूष सिंह, मनोज सिंह, अतुल गुप्ता, सुरेश अवस्थी और सभी छात्र संघ के साथी मौजूद रहे।

# लोस चुनाव में ड्यूटी से फार्मासिस्ट नाराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बोले, चुनाव में लगने से इमरजेंसी सेवा हो सकती प्रभावित
- शासनादेश को दरकिनार कर ड्यूटी लगाने का आरोप

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगाने से फार्मासिस्ट व चीफ फार्मासिस्ट नाराज हैं। फार्मासिस्टों का कहना है कि चुनाव में ड्यूटी लगने से अस्पतालों की इमरजेंसी सेवा समेत अन्य सुविधाएं प्रभावित होंगी और मरीजों व डॉक्टरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को कानपुर में मतदान है, जिसमें जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और केपीएम अस्पताल में तैनात फार्मासिस्टों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी के रूप में लगाई गई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा फार्मासिस्टों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है, लेकिन फार्मासिस्टों का कहना है कि फार्मासिस्टों की ड्यूटी चुनाव में लगने से अस्पताल की अकास्मिक सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। वीआईपी ड्यूटी भी प्रभावित हो सकती है।

इनका कहना है कि राज्यपाल, उच्च न्यायालय व निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश के बावजूद चिकित्सा कर्मियों को मतदान ड्यूटी में लगाया गया है, जो नीति संगत और तर्कसंगत नहीं है।

इस संबंध में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मिथलेश कुमार प्रजापति, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप सचान, मंत्री राजेंद्र पटेल, मंडलीय सचिव विमल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष विवेक यादव व संगठन मंत्री नगेंद्र बाजपेई आदि ने सीएमओ डॉ.आलोक रंजन से मुलाकात की और ज्ञापन देकर फार्मासिस्टों की ड्यूटी चुनाव में न लगाने की मांग की। विकास भवन कार्यालय में भी ज्ञापन दिया। कहा कि जिले में करीब 60 फार्मासिस्ट है, अगर चुनाव में ड्यूटी लगती है तो अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो सकती हैं।



विकास भवन में मौजूद डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**आयोजन** आईआईटी कानपुर में टेलीमेडिसिन व डिजिटल हेल्थ पर कार्यशाला, विशेषज्ञ बोले- भविष्य में दोनों क्षेत्रों के विस्तार की संभावना

# टेलीमेडिसिन पर नवाचार दे सकता बेहतर विकल्प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर स्थित गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ने मेहता फैमिली सेंटर फॉर इंजीनियरिंग इन मेडिसिन में कार्यशाला आयोजित हुई। 'टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ' विषय पर हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने इस क्षेत्र के विस्तार की संभावना और नवाचार पर चर्चा की। कहा कि टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ क्षेत्र एक उभरता हुआ क्षेत्र है। इसलिए इन क्षेत्रों में नवाचार बेहतर विकल्प दे सकता है।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने टेलीमेडिसिन की जटिलताओं पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने जटिलताओं को दूर करने के उपाय नवाचार के प्रति तलाशने पर जोर दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से अपोलो टेली हेल्थ सर्विसेज, चेन्नई के निदेशक प्रो. के. गणपति; मिनेसोटा विश्वविद्यालय, अमेरिका से प्रोफेसर जयदीप श्रीवास्तव और डॉ. आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ से प्रोफेसर सरोज कांता मिश्रा ने विचार रखे।

कार्यशाला में जीएसएमएसटी टास्कफोर्स के अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर में बायोलॉजिकल साइंसेज एंड बायोइंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर प्रो. एस. गणेश ने स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ की प्रगति और निहितार्थों पर प्रकाश डाला। इसी तरह मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर के. मुरलीधर और बीएसबीई विभाग, आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर अमिताभ बंद्योपाध्याय ने जीएसएमएसटी में ग्यारह उत्कृष्टता केंद्रों की ओर से किए गए विभिन्न अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं पर चर्चा की।

जीएसएमएसटी के प्रोफेसर इंचार्ज, प्रोफेसर संदीप वर्मा ने कार्यक्रम ज्ञान के आदान-प्रदान और विचारों के विस्तार के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने और टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ क्षेत्रों के भीतर नवाचार को बढ़ावा देने में गंगवाल स्कूल आईआईटी कानपुर की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में टेलीमेडिसिन के क्षेत्र में गहन चर्चाओं, व्याख्यानों और मूल्यवान नेटवर्किंग अवसरों के लिए विशेषज्ञों की भूमिका को अहम बताया।



कार्यशाला में विचार रखते आईआईटी बॉयोलॉजिकल साइंसेज एंड बॉयोइंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एस. गणेश। अमृत विचार

### शतरंज में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** दून इंटरनेशनल स्कूल रतनलाल नगर में शुक्रवार को दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता शुरू हुई। जिसमें कक्षा 9 से 12 के बालक वर्ग शामिल हुए। केएसएस शतरंज प्रतियोगिता में सीबीएसई (जोन बी) के 24 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

पांच राउंड चलने वाली इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को पहले दिन तीन राउंड तक के मुकाबले खेले गए। फाइनल राउंड के दो मुकाबले शनिवार को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ हीरालाल पटेल की प्रधानाचार्या कविता खन्ना व दून इंटरनेशनल की प्रधानाचार्या डॉ. कृष्णा चौहान ने शतरंज खेलकर किया। खेल शुरू होने से पहले स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

## सार-संक्षेप


नुक्कड़ नाटक पेश करते विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

### नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया मतदान का संदेश

**कानपुर।** श्री ओमर वैश्य विद्यालय कमेटी की ओर से संचालित विद्यालयों के बच्चों की ओर से शुक्रवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों ने मानव श्रृंखला व नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों से सौ फीसदी मतदान किए जाने की अपील की। अभियान के दौरान ज्ञान भारती बालिका इंटर कॉलेज, बीएलओ एजुकेशन सेंटर, ओमर वैश्य मोंटेसरी स्कूल, ओमर वैश्य किंडरगार्डन स्कूल, शिल्प कला केंद्र सहित अन्य स्कूल शामिल रहे। अभियान के दौरान नुक्कड़ नाटक से संदेश दिया कि हर एक वोट जरूरी है। ऐसे में सभी मतदान के दिन छुट्टी न मनाते हुए लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व पर अपना योगदान देने का आह्वान किया।


केडीएमए इंटरनेशनल स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

### रैली निकालकर मतदान का महत्व समझाया

**कानपुर।** केडीएमए इंटरनेशनल में शुक्रवार को मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रैली निकाल कर लोगों को मतदान का महत्व बताया। इसके साथ ही बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए भी संदेश दिया। इस संदेश में कहा गया कि लोकतंत्र में मतदान एक ताकत प्रदान करता है। वोट सिर्फ हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। आह्वान किया गया कि 13 को सभी लोग मताधिकार के प्रयोग कर लोकतंत्र को शक्ति प्रदान करना चाहिए। अभियान के दौरान कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली बच्चे शामिल हुए।


सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में भाग लेते स्कूलों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

### यूनाइटेड नेशंस प्रोग्राम में 35 स्कूलों की भागीदारी

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जयपुरिया मॉडल यूनाइटेड नेशंस क्लब की ओर से शुक्रवार को मॉडल युनाइटेड नेशंस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पौलेंड में भारत के पूर्व राजदूत डॉ. दीपक वोहरा ने किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या शिखा बनर्जी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल सीनियर स्कूल गणेश प्रसाद तिवारी, हेडमास्टर एमके मिश्रा, महाप्रबंधक, शैलेन्द्र अग्निहोत्री और एसएजेएमयूएन समन्वयक कविता ओझा तिवारी प्रमुख रूप मौजूद रहीं। बताया गया कि एसएजेएमयूएन 2024 में संयुक्त राष्ट्र की 6 प्रमुख समितियों यूएनएससी ईसीओ एसओसी, इंटरपोल, लोकसभा और आईपी का अनुकरण करते हुए पूरे भारत से 450 से अधिक प्रतिनिधियों और 35 स्कूलों की भागीदारी दी गई है।


वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी के कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

### मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरुकता अभियान चला

**कानपुर।** मातृ दिवस व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी की ओर से जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। जसपत राय शिशु मंदिर विद्यालय में हुए आयोजन में डॉ बंदना शर्मा ने छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी जानकारी दी। इसके अलावा सेनेटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था की संस्थापक डॉ प्रतिभा मिश्रा ने कार्यक्रम में आए सभी से मतदान के दिन वोट जरूरी डालने की अपील भी की। डॉ अर्चना अग्निहोत्री ने मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में किरन, रूचि, ममता, विनीता, विभा , आरती, डॉ रेखा सहित अन्य मौजूद रहीं।


प्रतियोगिता में माताओं ने पुरस्कार जीते। अमृत विचार

### मदर्स डे पर मां का बताया गया महत्व

**कानपुर।** लाफिंग बुद्धा एकेडमी में मदर्स डे पर विशेष आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए मां के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रमों के जरिए संदेश दिया गया कि जीवन में मां से बढ़कर कोई दोस्त नहीं होता है। ईश्वर खुद जमीन पर देखभाल करने नहीं आ सकते इसलिए उन्होंने जीवन में मां को जोड़ा। आयोजन के दौरान स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों के साथ उनकी मां ने भी पुरस्कार जीते। डायरेक्टर संध्या सचान व प्रिंसिपल कीर्ति पासन ने बच्चों को मां का महत्व बताया। अपर्णा, स्वेता सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में 85 पतंगबाजों ने लड़ाए पेच

**कानपुर।** छावनी परिषद विद्यालय बीआई बजार में शुक्रवार को पतंगबाजी प्रतियोगिता हुई। 85 पतंगबाज खिलाड़ियों ने जमकर डोर लड़ाई। विद्यालय के मैदान में डोर और पतंग लेकर पहुंचे। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल शुक्ला, खेल प्रशिक्षक सत्येंद्र सिंह यादव प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। निर्णायक की भूमिका में वंदना सिन्हा, नम्रता साहू, नेहा परवीन, आकाश, वर्तिका निगम, मुकेश नाथ, सौरभ रहे। अंडर-11, अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग की प्रतियोगिता हुई। जिसमें अंडर-11 में कृष्णा को गोल्ड, निखिल को सिल्वर मेडल मिला। अंडर-14 में अंकित को गोल्ड, करन को सिल्वर व अंडर- 17 में शिवांश को गोल्ड व अमन को सिल्वर पदक मिला। प्रधानाचार्य ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# 4.75 करोड़ ठगने वाला गिरफ्तार

## नौ महीने बाद पुलिस ने अमृतसर से दबोचने में पाई कामयाबी, भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



● व्यापार का लालच देकर कारोबारी से की थी ठगी

**अमृत विचार।** पनकी थाना क्षेत्र में रिश्तेदारों की मदद से उनकी फर्मों के माध्यम से एक फर्म को 4.75 करोड़ का चूना लगाने वाले ठग बरेली निवासी तुषार जैन को नौ माह बाद पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया गया है। तुषार को लोहारका रोड अमृतसर से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लाकर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पनकी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एजी केमिकल्स के मालिक हरजीत सिंह ने बताया कि उनका ट्रेडिंग और प्रिंटिंग का व्यवसाय है। सितंबर 2020 में तुषार जैन और उनकी पत्नी आकांक्षा जैन उनके पास आए और रुद्रपुर और बरेली में स्थित फर्मों से व्यापार करवाने का लालच दिया। दो माह की उधारी पर बात तय हुई। तुषार के बताने पर हरजीत ने श्री इंटरप्राइजेज व आदिनाथ फूड इंडस्ट्रीज नामक फर्मों से व्यापार किया। फर्मों ने हरजीत का 4.75 करोड़ रुपये बकाया कर लिया। हरजीत ने जब तुषार से बकाया भुगतान के लिए दबाव डाला तो उसने रुद्रपुर स्थित कोटक बैंक में 40 लाख रुपये का चेक लगाकर वापस ले लिया और रिसीविंग हरजीत को भेज दी।

काफी दिनों तक पैसा न आने पर हरजीत ने बैंक से संपर्क किया तो पता चला कि बकाएदार फर्म श्री इंटरप्राइजेज तुषार के पिता कमलनाथ की है। हरजीत को तब जाकर अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। हरजीत की तहरीर पर पिछले साल अगस्त में तुषार जैन, उसके पिता कमलनाथ, पत्नी आकांशा, अभिषेक व नैना अग्रवाल के विरुद्ध पनकी थाने में धोखाधड़ी व षड्यंत्र का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की लगातर तलाश की जा रही है।

# नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● काकादेव थानाक्षेत्र का मामला पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में नौकरी लगवाने का झांसा देकर आरोपी ने युवक से लाखों रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के पिता ने जब ज्यादा कड़ाई की तो कुछ रुपये वापस कर दिए। जिसके बाद वह रुपये देने में आनाकानी करने लगा। जिस पर पीड़ित के पिता ने आरोपी पर मामला दर्ज कराया है।

आनंद टॉवर के रहने वाले संजय कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि अपने पुत्र की एनटीपीसी में कम्प्यूटर ऑपरेटर में नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपी जितेंद्र तिवारी निवासी विश्वबैंक बर्रा ने झांसा दिया था, 4,50,000 रुपये ठग लिए। बताया कि उनके पुत्र की न ही नौकरी लगवाई और जो कागजात उसने नौकरी के दिए वह भी फर्जी थे। पैसे मांगने पर आरोपी उनके पुत्र को नौकरी के बहाने कभी टांडा तो कभी दिबियापुर भेज देता था। उनके पुत्र की किसी प्रकार की कोई ज्वाइनिंग आदि नहीं कराई गई जिससे वह घर आ गया। रुपये मांगने पर आरोपी उन्हें लगातार टरकाता रहा।

इसके बाद ज्यादा दबाव डालने पर प्राइवेट बिजली विभाग में नौकरी लगवाने की बात कहता रहा। आरोप लगाया कि इधर उधर जाने पर एक लाख रुपये और बर्बाद हो गया। परेशान करने पर जब उन्होंने आरोपी से कड़ाई से रुपये मांगे तो 13 मई 2023 को 30 हजार 21 मई को 10 हजार, 28 हजार को सात हजार समेत कुल 67,000 रुपये वापस किए। इसके बाद बराबर वह अन्य रुपये की मांग करता है, तो वह थाने में बंद करवाने की धमकी देता है। काकादेव इंस्पेक्टर केपी गौड़ ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जितेंद्र तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वास के हनन करने और धमकाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

# किशोरी को ले जाने में सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव का मामला, दोषी पर 12 हजार रुपये जुर्माना लगाया



**अमृत विचार।** भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को वहीं का युवक बहला फुसलाकर साथ ले गया था और उसके साथ विवाह कर लिया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने शुक्रवार को आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भोगनीपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सत्रह वर्षीय किशोरी वहीं के रहने वाले युवक हरिशंकर के साथ 29 सितंबर 2011 को चली गई थी। किशोरी की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर घर से रुपये और जेवर लेकर भगा ले जाने की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए किशोरी को खोज कर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी युवक हरिशंकर को दोषी करार देते सात साल के कारावास की सजा सुनाई।

### न्यायालय के आदेश पर दो के खिलाफ गैंगरेप की रिपोर्ट

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप का मामला दर्ज कराया है। इसमें बताया कि बीते 17 अप्रैल को वह घर में खाना बना रही थी। दरवाजा खुला देखकर लाल सिंह निवासी अकबरपुर व एक अज्ञात घर में घुस आए और दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। उसने कोतवाली पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गैंगरेप का मामला दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### विश्वविद्यालय में 23 स्टार्टअप जुड़े

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। विश्वविद्याल परिसर में हुए आयोजन में विचारों और नवाचारों का एक गतिशील आदान-प्रदान किया गया। इस दौरान बताया गया कि अब तक 23 नए स्टार्टअप जुड़े हैं। सत्र की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने किया। इस दौरान वित्त नियंत्रक अशोक त्रिपाठी, रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव, विवेक मिश्रा, सीईओ, डॉ. शिल्पा डी. काइस्था, डीन ऑफ इनोवेशन, डॉ. हिना वैश्य, डॉ. प्रवीण पटेल, सहायक डीन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. हिमांशु त्रिवेदी, इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के संयोजक डॉ. अर्पित दुबे, सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन से शैलेन्द्र यादव और जसवंत यादव भी उपस्थित थे। बताया गया कि सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन ने वर्तमान में क्लीन टेक एंड सस्टेनेबिलिटी, एड टेक, फूड एंड एग्री टेक और हीथ टेक जैसे वर्टिकल के साथ 23 स्टार्टअप्स को अपने साथ जोड़ा है।

### बिधनू में सांड़ ने होमगार्ड को पटका, हैलट में भर्ती

**बिधनू।** बिधनू कस्बे में सांड का आतंक लगातार जारी है। सांड आए दिन किसी न किसी को शिकार बना रहे है। तीन दिन पूर्व ही सांड ने एक पीआरवी सिपाही जितेंद्र को पटक दिया था, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में हैलट में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को एक बार फिर कस्बा निवासी होमगार्ड को अपना शिकार बनाया। शुक्रवार शाम कस्बा निवासी होमगार्ड अवधेश दूध लेकर घर आ रहे थे, इसी बीच सांड़ ने उन्हें पटक दिया। शोर सुनकर आस-पास के लोगों ने उन्हें बचा कर सीएचसी में भर्ती कराया। पसलियों में चोट आने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें हैलट रेफर कर दिया।

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



मतदाता जागरुकता रैली निकालतीं छात्राएं।

**कानपुर।** जाजमऊ स्थित तक्षशिला इंटरनेशनल एजूकेशन सेंटर की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकालकर 13 को सौ फीसदी मतदान किए जाने का आह्वान किया गया। स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोकतंत्र के महत्व को बताया गया। नाटक में संदेश दिया गया कि वोट न देने के बाद देश के नागरिक को देश की समस्याओं पर भी चर्चा करने का कोई अधिकार नहीं होता है। संदेश दिया गया कि मतदान के दिन वोट डालकर दिन की शुरुआत करनी चाहिए।

### ऑपरेटर पर उगाही का आरोप, एसडीएम से शिकायत

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अनूपपुर गांव के किसान संजय व ओम प्रकाश ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि गांव में लगे सरकारी नलकूप में कार्यरत ऑपरेटर ऑपरेटर किसानों को मूंग की फसल में पानी देने के नाम पर सौ रुपये लेता है। रुपये ना देने पर पानी नहीं देता है, जिससे मूंग की फैसले सूखकर बर्बाद हो जा रही है। एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### अपहृत किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी भीतरगांव स्थित कॉलेज गई थी, जहां से युवती कार सवार युवक के साथ चली गई। परिजनों को जानकारी मिलने पर किशोरी के पिता ने साढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को अपहृत किशोरी को सचौली भट्ठा के पास से बरामद कर लिया। सूत्रों के मुताबिक किशोरी का इंस्टाग्राम के माध्यम से किसी युवक से मित्रता हो गई थी। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि किशोरी का मेडिकल करा मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही।


असेंट पब्लिक स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। अमृत विचार

### तू कितनी अच्छी है, तू कितनी प्यारी है ओ मां...

**घाटमपुर।** असेंट पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मदर्स डे मनाया गया। बच्चों ने तु कितनी अच्छी है, तु कितनी प्यारी है ओ मां, तेरी अंगुली पकड़ के चला आदि ममता से भरे गीत गाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों के साथ मां की भी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली मां को उपहार दिए गए। विद्यालय के सचिव संदीप वर्मा व प्रधानाचार्य दिव्या बाजपेई ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में मां के असीमित योगदान के बारे में जानकारी दी। मां की सेवा करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। विद्यालय सचिव संदीप वर्मा, प्रबंध समिति की सदस्यता आरती वर्मा व प्रधानाचार्य दिव्या भारती आदि शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक रहे।

### जीएस भूमि में मकान बनाने के खिलाफ शिकायत की

**घाटमपुर।** विकासखंड के अंतर्गत रूप नगर गांव में ग्राम प्रधान कप्तान सिंह ने गांव की जीएस भूमि पर मकान बनाए जाने का विरोध उप जिलाधिकारी घाटमपुर को प्रार्थना दिया। आरोप है कि गांव के रामनाथ सिंह, मुन्नू सिंह, ओंकार सिंह, राजू सिंह, बोदला आदि नवीन परती की जमीन में निर्माण कर रहे थे। जिसको लेकर उपजिलाधिकारी को पूर्व में प्रार्थना पर दिया गया था। राजस्व टीम ने राम भजन सिंह व वकील सिंह का निर्माण कार्य रोक दिया गया था। लेकिन अन्य छह लोगों के द्वारा बनाए जा रहे मकान पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसडीएम यादवेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के लिए प्रार्थना पत्र लेखपाल को सौंप दिया गया है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### एंबुलेंस ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, युवक की मौत

**कानपुर देहात।** मुंगीसापुर में नेशनल हाईवे पर एक बिना नंबर के ई-रिक्शा में 108 एंबुलेंस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। एक घायल को कानपुर हैलट रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। गुरुवार की देर शाम डेरापुर थाना क्षेत्र के मुंगीसापुर में कानपुर-इटावा नेशनल हाईवे पर एक बगैर नंबर प्लेट के ई-रिक्शा में पीछे से आ रही 108 एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। हादसे में बरौर कस्बा निवासी ई-रिक्शा चालक बबोल उर्फ विशाल कमल, अरुण कुमार उपाध्याय उर्फ पप्पू, विनोद तिवारी समेत दो महिलाएं बुरी तरह घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जिनमे अरुण कुमार उपाध्याय उर्फ पप्पू की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया हैतहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर रात बिताने वालों को मिलेगी छत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शासन ने रैनबसेरा, शिशु गृह, महिला शरणालय की सूची मांगी

● सड़क, फुटपाथ, रेलवे व बस स्टैंड पर रात बिताने वाले होंगे शिफ्ट

**अमृत विचार।** टाटमिल चौराहे पर आप कार से पहुंचते हैं तो महिलाएं और बच्चे आपकी कार के शीशे साफ करने जाते होंगे। फजलगंज, विजयनगर समेत शहर के कई चौराहों पर यह बात आम है। यह दिन भर शीशे साफ करते हैं और फिर फुटपाथ पर रात गुजारते हैं। अब ऐसे लोगों को छत मुहैया कराने की तैयारी है।

शहर में रैनबसेरा, शिशु गृह, बाल एवं बालिका गृह, महिला शरणालय होने के बाद भी हजारों की संख्या में लोग खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने पर मजबूर हैं। ऐसा क्यों? यह सवाल शासन की ओर से कानपुर मंडलायुक्त और डीएम से पूछा गया है। जल्द ही सड़क, फुटपाथ, रेलवे व बस स्टैंड पर रात बिताने वाले ऐसे लोगों को सरकारी छत के नीचे शिफ्ट करने को कहा गया है।



फुटपाथ पर जीवन बिताने वालों को अब रैनबसेरा में मिलेगा आसरा।

प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने पत्र लिखकर कहा है कि रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाजार स्थलों, मुख्य चौराहों और धार्मिक स्थलों पर बच्चों, बालिकाओं व महिलाओं, बुजुर्गों से असामाजिक तत्व भिक्षावृत्ति करवाते हैं। अब देखा जा रहा है कि ये लोग गाड़ियों के शीशे साफ करवाने के साथ ही छोटी-छोटी सामग्रियां बिकवाने का काम भी कराते हैं। इनके पुनर्वास के लिए व समाज में रह रहे ऐसे लोगों के लिये कई योजनाओं के द्वारा रैन बसेरों, राजकीय शिशु गृह, बाल एंव बालिका गृह, महिला शरणालय व संरक्षण गृह बनाए गये हैं। जहां इनके रहने और पुनर्वास की व्यवस्था रहती है। फिर भी यह सड़कों पर है, जो सही नहीं है।

### यहां रात बिताते मिलेंगे लोग

फजलगंज विजय नगर, टाटमिल चौराहा, रावतपुर, रामा देवी चौराहा, बाईपास के अंडरपास के फुटपाथ पर, घंटाघर चौराहो, सैंट्रल स्टेशन, झकरकटी बस स्टेशन, किदवई नगर चौराहा, गोविंदपुरी पुल, हडर्ड चौराहे के पास, सिविल लाइंस, सरसैया घाट आदि जगह रात बिताते मिलेंगे।

### रैनबसेरों में होंगे शिफ्ट

कानपुर नगर निगम के लगभग 100 रैन बसेरे हैं, जहां पर रहने के लिए व्यवस्था है। शासन ने डीएम से कहा है कि शहर में खुले में सोने वाले लोगों व रेलवे, बस स्टैंड, चौराहों पर जीवन यापन करने वाले ऐसे लोगों को तुरंत रैनबसेरों में शिफ्ट किया जाए। ऐसे निराश्रित लोगों को चिह्नित किया जाए और तुरंत रहने की व्यवस्था की जाए। डीएम व मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को इस संबंध में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षिका से मारपीट की पुष्टि, रसोइया को हटाने के निर्देश

**राजपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय खासबरा में तैनात सहायक अध्यापक यासमीन व स्कूल की रसोइया विमला देवी में एमडीएम भोजन में गुणवत्ता को लेकर गुरुवार को झगड़ा हो गया था। सहायक अध्यापिका ने रसोइया पर बाल नोचकर मारपीट का आरोप लगा बीईओ व पुलिस से शिकायत की थी। जांच करने पहुंचे बीईओ संजय गुप्ता को शिक्षिका ने बताया कि गुरुवार को एमडीएम में दाल-रोटी बनाई गई थी। भोजन करने गए बच्चों में गौरी, निधि, आलिया, नैतिक, दानिश, अलफैज ने आकर साफ-सफाई से भोजन न पकाए जाने व दाल में कीड़े होने की शिकायत की। मामले में शिक्षिका के साथ मारपीट और बच्चों से अभ्रदता की पुष्टि हुई थी।

## अक्षय तृतीया पर ईख रस का वितरण




**कानपुर।** हालसी रोड स्थित बाबू निवास में अक्षय तृतीया पर मां पद्मावती युवा महिला मंडल ने इच्छुरस का वितरण का आयोजन किया, जिसकी शुरुआत महापौर प्रमिला पाण्डेय ने की। जैन महिलाओं ने समय से पहुंचकर सहयोग कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और धर्म का लाभ लिया। सभी महिलाओं ने जैन धर्म के प्रति एकता का प्रदर्शन किया। इस दौरान मंडल की संस्थापक खुशबू जैन, रश्मि जैन, प्रिया जैन, सदस्य रिचा जैन, रानी शिविका पायल, शिप्रा, जया, मोनिका, पंखुरी, आंचल, अर्चना, आरती, पायल दिव्या, एकता, पल्लवी, ईशा, पारुल, शगुन, महक , श्रेया, सुहावनी, अंजली , सोनम , स्तुति , पलक, वर्तिका विधि ,वर्षा , शीतल , अंकिता , एकता सुहानी आदि मौजूद रही। ● अमृत विचार

# परीक्षित की कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

**घाटमपुर।** पतारा विकासखंड के नंदना गांव के मजरा गणेशपुर बैद्यनाथ मंदिर में चार मई को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शुरू हुई थी। कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को कथा वाचक आचार्य अशोका जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई। राजा परीक्षित की कथा सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। जिसमें परीक्षित की भूमिका पर शिवनाथ सिंह नायक, संस्थापक ओम दास बाबा , कार्यक्रम संयोजक श्याम सिंह नायक, रणधीर प्रताप मिश्र तरगांव, राजोल तिवारी तेजपुर, लक्ष्मण सिंह हिलोठी, नरेंद्र सिंह, महेश नायक, करण सिंह नायक आदि ग्रामवासियों ने भागवत कथा का श्रवण किया।


नए पदाधिकारियों का मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। अमृत विचार

### टून्नू मिश्रा बने अध्यक्ष व महेंद्र कुशवाहा महामंत्री

**बिल्हौर।** एल्डर्स कमेटी ने शुक्रवार को बिल्हौर बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न कराया, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अलोक ( टुन्नू मिश्रा ) को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। जबकि महामंत्री महेंद्र सिंह कुशवाहा पर अधिवक्ताओं ने भरोसा जताया। उपाध्यक्ष सुनील कटियार व मंत्री शिवाकांत तिवारी को चुना गया। चुनाव के दौरान कचहरी में पुलिस प्रशासन के साथ पीएसी बल तैनात रहा। चुनाव प्रकिया के बाद अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव, नितिन कटियार, कमल मिश्रा, अजीत सिंह, राज कुमार भदौरिया, शैलेंद्र सिंह, विकास गुप्ता आदि अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

अच्छी खबर | डफरिन अस्पताल का एसएनसीयू दे रहा नवजात को नया जीवन

# तीन वर्ष में मौत को मात दे चुके 2037 शिशु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समय से पहले जन्म लेने वाले, कमजोर व गंभीर रूप से बीमार बच्चों के लिए सिक न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) की अहम भूमिका है। डफरिन का एसएनसीयू तीन वर्ष में दो हजार से अधिक नवजात मौत को मात दे चुके है। वर्तमान में यहां बच्चों के लिए 20 बेड की सुविधा है।

डफरिन अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 20 प्रसव कराए जाते हैं, जिनमें से कुछ बच्चों की हालत गंभीर होने पर उनको एसएनसीयू में भर्ती करना पड़ता है। अगर इनको मौके पर एसएनसीयू नहीं मिलता है तो इनकी जान पर भी बन आती है। एसएनएसीयू के नोडल अधिकारी व वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.शिव कुमार ने बताया कि बीते तीन वर्ष में इस यूनिट में करीब 2037 नवजात भर्ती होकर स्वस्थ हो चुके हैं। इस वर्ष अप्रैल से अब तक 67 नवजात को भर्ती किया जा चुका है। अभी 13 नवजात भर्ती हैं।


डफरिन अस्पताल में बने एसएनसीयू में भर्ती बच्चे। अमृत विचार

एसएनसीयू में भर्ती होने वाले बच्चों में अधिकांश समय से पहले जन्म लेने वाले, कम वजन वाले, श्वांस संबंधी समस्या व पीलिया आदि बीमारी से ग्रस्त होते हैं। एसएनसीयू में रेडिएंट वार्मर, आक्सीजन कंसंट्रेटर, फोटोथेरेपी, पल्स ऑक्सीमीटर व इंफ्यूजन पंप आदि आधुनिक चिकित्सीय उपकरणों की सुविधा है, जिनके सहारे जन्म के बाद मौत से जूझते बच्चों को नया जीवन प्रदान किया जाता है। बताया कि गर्भावस्था के 37वें सप्ताह से पहले जन्म लेने वाले शिशु प्रीमिच्योर की श्रेणी में आते हैं। समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं को दिमागी और शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे शिशुओं को हाईपोथर्मिया, पीलिया, निमोनिया, दिमागी बुखार, सीखने में कठिनाई और सांस संबंधी बीमारियां होने का डर रहता है।

### डिस्चार्ज बच्चों का किया जाता फॉलोअप

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.शिव कुमार ने बताया कि एसएनसीयू से डिस्चार्ज होने के बाद भी कम वजन वाले बच्चों में मृत्यु का अधिक खतरा रहता है। स्वस्थ नवजात की तुलना में जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों में कुपोषण के साथ मानसिक व शारीरिक विकास देरी से होता है। इसलिए कम वजन वाले नवजात के डिस्चार्ज होने के बाद भी उनका नियमित फॉलोअप किया जाता है। इसके लिए आशाएं शिशुओं को तीन माह से एक वर्ष तक त्रैमासिक गृह भ्रमण कर उनकी देखभाल करती हैं।

# भारत की संस्कति है विश्व में सबसे उन्नत

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर वेबिनार से राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि भारतीय परंपरा वह अनमोल धरोहर है, जो हमारे पूर्वजों की संवेदनशीलता, समृद्धि और ज्ञान के साथ जोड़ती है। शुक्रवार को हुई वेबिनार में जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा, बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन और उन्नत संस्कृतियों में से एक है, जिसने समय के साथ निरंतर अपना विकास किया है। भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार प्राचीन समय से ही वेदों, उपनिषदों, और पुराणों में रखा गया था। वेदों में ग्रंथों का आधार रखने वाले ऋषियों की धारणा, तत्त्वज्ञान, ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान की अद्वितीय प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन से प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के ज्ञान के विकास के इतिहास का ज्ञान मिलता है। इग्नू की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रीना कुमारी, एडिशनल डायरेक्टर डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, सहायक कुलसचिव एवं इग्नू अध्ययन केंद्रों के समन्वयक डॉ. निशिथ नागर, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आरपी चतुर्वेदी डॉ. हरीश कुमार सिंह समेत करीब 200 शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# रफ्तार लील गई दो जिंदगियां बुझ गए एक घर के दो चिराग

## बाइक से ढाबे पर काम करने जाते समय दरोगा खेड़ा गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता बिछिया, उन्नाव



पोस्टमार्टम हाउस में बिलखते परिजन। अमृत विचार



अनुज।

- डंपर ने दो सगे भाइयों को रौंदा मौके पर हुई मौत

**अमृत विचार।** ढाबे पर काम करने जा रहे बाइक सवार दो सगे भाइयों को तेज रफ्तार डंपर ने दही-पुरवा मार्ग पर रौंद दिया। इसमें उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। हादसे की खबर मिलने पर परिजन शवगृह पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया।

पुरवा कोतवाली अंतर्गत भदनांग गांव के मजरा गोपाल खेड़ा निवासी राधेलाल का मझला बेटा अनुज (30) व छोटा बेटा पप्पू सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा चौराहा के पास एक ढाबे में खाना बनाने का काम करते थे। शुक्रवार सुबह 11 बजे एक बाइक से दोनों ढाबा जा रहे थे। तभी दही थानांतर्गत पुरवा मार्ग स्थित दरोगा खेड़ा गांव के मोड़ के पास स्थित एक शराब ठेके के सामने तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों भाइयों की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ हादसे की खबर परिजनों को दी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। बिलखते परिजन मोर्चरी पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। अनुज की शादी हो चुकी थी। उसके एक बेटा यश व बेटी यशी है। इनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। पत्नी मन्नो देवी पति की मौत की खबर सुन अचेत हो गई। वृद्ध मां राजदुलारी व पिता दो जवान बेटों के शव देख कांप उठे। बड़े भाई मनोज ने बताया कि छोटे भाइयों ने दो माह पूर्व ही ढाबे में काम शुरू किया था। उनकी दोपहर 12 से रात 12 बजे तक ड्यूटी रहती है। गुरुवार देररात वापस लौटे थे। सुबह फिर काम पर जाते समय हादसा हो गया।

दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## ट्रक ने मंदिर का मुख्य द्वार तोड़ा, तहरीर दी

**पुरवा।** लकड़ी लदे ओवरलोड ट्रक ने बिल्लेश्वर महादेव मंदिर का दही मोहनलालगंज मार्ग पर बने मुख्य द्वार तोड़ दिया। पुजारी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बीती गुरुवार रात करीब 10 बजे मौरावा से एक ट्रक नीम की हरी लकड़ी लादकर पुरवा आ रहा था। मिर्री चौराहा पर पुलिस चेकिंग से बचने के लिए वह बिल्लेश्वर महादेव मंदिर से शीतलगंज मार्ग पर मंदिर की ओर मुड़ गया। ओवरलोड होने से वह बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य द्वार पर फंस गया। जिससे मंदिर में दोनों ओर बने खंभे गिर गए और उनका पिलर ट्रक पर गिर गया। जिससे चालक ट्रक लेकर 100 मीटर आगे तक चला गया। आसपास लगे पेड़ों में पिलर फंस गया और ट्रक उनमें फंसकर रुक गया। मंदिर के पुजारी मनोज राजपूत व स्थानीय लोग पहुंचे और कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। पुजारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। दरोगा सियाराम चौरसिया ने बताया कि अभी शिकायत नहीं मिली है।

# गला घोंटकर की गई थी मां-बेटी की हत्या, महिला समेत तीन जेल गए

फॉलोअप

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

- पति से अवैध संबंध की जानकारी पर भट्ठा मालिक की पत्नी ने रची थी हत्या की साजिश



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार।** लखनऊ निवासी भट्ठा मालिक से अवैध संबंध पर उसकी पत्नी ने कार चालक व भट्ठा कर्मियों के साथ मिलकर मां-बेटी की गला घोटकर हत्या की थी। घटना के चौथे दिन पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं घटना के शामिल एक आरोपी अभी फरार है। जिसे पुलिस तलाश रही है। वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों के परिजनों ने मास्टर माइंड मिलिंद उर्फ मोनू को छोड़ने का आरोप लगाया है।

बता दें कि लखीमपुर खीरी जिला के हाथीपुर उत्तरी कांशीराम कॉलोनी निवासी रोशनी की शादी सिकंदराबाद के थाना नीमगांव खीरी निवासी छोटे तिवारी से 6 वर्ष पूर्व हुई थी। पति से अनबन के चलते वह पति को छोड़कर पांच माह की बेटी दिव्या के साथ न्यू कॉलोनी सम्राट आटा चक्की थाना पारा के पास चार साल से रह रही थी। जहां उसकी दोस्ती भट्ठा मालिक मिलिंद उर्फ मोनू से हो गई थी। दोनों लिव इन रिलेशन में रहते थे। बीती 5 मई को भट्ठा मालिक के साथ घर पर ही शादी की वर्षगांठ भी मनाई थी। इसकी भनक भट्ठा मालिक मोनू की पत्नी ज्योति उर्फ बबली को लग गई। इस पर पति-पत्नी में विवाद के बाद उसकी रोशनी से भी कहासुनी हुई थी। बबली ने अपनी सौतन को रास्ते से हटाने की मंशा से 6 मई की देररात भट्टे पर काम करने वाले अपने नौकर कल्लू मौर्य निवासी पारा, कार चालक प्रिंस मसीह एलडीए कालोनी लखनऊ व निरंकार शर्मा पारा राजाजी पुरम थाना पारा के साथ रोशनी के आई और पति को हार्टअटैक आने की बात कह मां-बेटी को कार में बैठा लिया। एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर पहुंचते ही मृतका के पूछने पर आरोपी बबली, निरंकार व कल्लू ने उसी के दुपट्टे से गला कसकर उसकी हत्या कर दी। भेद खुलने के डर से पांच वर्षीय दिव्या का भी गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया और शव सर्विस लेन पर फेंक दिये थे। पुलिस ने मृतका के पास से मिले पर्स में 957 रुपए, घर के चाबी के गुच्छे, मृतका का तोड़ा गया मोबाइल व हत्या में इस्तेमाल दुपट्टा और कार बरामद की है। बबली और तीन सहयोगियों निरंकार शर्मा व प्रिंस मसीह को कोर्ट में पेश किया।

# दो विवाहिताओं के फंदे से लटके मिले शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मायके वालों ने लगाया हत्या कर शव लटकाने के आरोप



मोनी।



पीएम हाउस में बिलखती उमा की मां।

**अमृत विचार।** सदर व बीघापुर कोतवाली अंतर्गत दो विवाहिताओं के शव संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटके मिले। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। इसमें उनकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं मायके वालों द्वारा हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा पुलिस ने दिया है।

बीघापुर कोतवाली अंतर्गत बरुआ सुमराहा गांव निवासी मोनी (30) पत्नी फूल सिंह लोधी का शव गुरुवार रात घर के अंदर कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। शुक्रवार सुबह पति ने पत्नी का शव देखा तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बेटी की मौत की खबर सुन सदर कोतवाली क्षेत्र के गदनखेड़ा गांव निवासी मायके वाले पहुंचे और बेटी की हत्या किए जाने के आरोप लगाए। मां कृष्णा देवी ने कहा कि उसके दामाद की गांव निवासी एक महिला से नजदीकी है। बेटी के विरोध करने पर पति ने उसे प्रताड़ित करता था। बताया कि बेटी को प्रताड़ित करने में सास व जेठानी भी शामिल हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मृतका की (11) साल की बेटी अनुष्का है। एसओ राजपाल ने बताया कि मृतका की मां ने दामाद पर आरोप लगाए हैं। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से घर में कहासुनी हो रही थी। आरोपी पति दुष्कर्म के एक मामले में जेल भी जा चुका है। सात साल जेल में रहने के बाद एक साल पहले वह बाहर आया था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के खटई गांव के मजरा संभरखेड़ा निवासी उमा (35) की शादी नेवाजगंज निवासी रामप्यारे से हुई थी। शादी के बाद रामप्यारे नशे में आएदिन पत्नी को पीटता था। गुरुवार को भी वह नशे में घर पहुंचा और पत्नी को पीटा। यही नहीं अपनी ससुराल में फोन कर ससुर से भी गालीगलौज की। शुक्रवार को उमा का शव जमीन पर पड़ा मिला। दिवंगत महिला के बड़े बेटे निर्मल ने अपने मामा मनोज को फोन कर बताया कि मां जमीन पर पड़ी हैं। इस पर मायके वाले वहां पहुंचे जहां उन्हें बेटी की मौत होने की सूचना मिली। गले में फंदे का निशान देख मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाया।

सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मां की मौत से तीन बच्चों में निर्मल, विमल व कोमल बेहाल हैं। मृतक के भाई ने रामप्यारे व उसके चार भाईयों के विरुद्ध तहरीर दी है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गोष्ठी और प्रतियोगिता के माध्यम से दिया मतदान जागरुकता का संदेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



मतदाता जागरुकता रैली निकालते विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय संचार ब्यूरो व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में जीनियस पब्लिक इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। पहले विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों की गोष्ठी कर सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल होकर मतदाता जागरूकता रैली निकाल भी निकाली।

मुख्य अतिथि सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने कहा कि सभी को निर्भीकता से मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। आगे चलकर युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की कमान संभालनी है। इसलिए सभी को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हरहाल में वोट देना चाहिए। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन व पुलिस मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी संभाल रहा है। इसलिए किसी तरह बाधा होने पर संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि आदर्श पांडेय ने कहा कि संविधान ने सभी व्यस्क भारतीयों को मतदान का अधिकार दिया है। इसलिए जनहितकारी सरकार गठन के लिए सभी को वोट डालने जाना होगा। मतदान तिथि पर समय से पहुंचकर मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जय सिंह ने मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी को मतदान केंद्र पहुंचकर मत जरूर देना चाहिए। इसके बाद मतदाता जागरुकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। लोगों में जागरुकता बढ़ाने को प्रचार सामग्री बांटी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए श्लोगनों के माध्यम से लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जितेंद्र पाल सिंह, रामकुमार, मोतीलाल, लाल बहादुर कनौजिया, आशीष यादव, भद्रसेन आर्या, अग्रसेन आर्या व राजेश कुमार के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# युवती की संदिग्ध हालात में हो गई मौत, पसरा मातम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- घर का काम करते समय अचानक जमीन पर गिरी

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत एक गांव निवासी युवती अचानक जमीन पर गिरकर अचेत हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें उसकी हृदयगति रुकने से मौत की पुष्टि हुई है।

माखी थानाक्षेत्र के अहरा डडिया गांव निवासी अंजली (30) पुत्री रमेश चंद्र की अभी शादी नहीं हुई थी। गुरुवार रात वह घर का काम करते समय अचानक जमीन पर गिरकर अचेत हो गई। यह देख परिजन दौड़े और उसे मियागंज सीएचसी पहुंचाया। वहां मौजूद डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर दरोगा सुरेश कुमार ने जांच की और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हृदय गति रुकने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पिता ने बताया कि बेटी की कुंडली में मंगल दोष था। इसके चलते उसकी अभी शादी नहीं हो पाई थी। बहन की मौत से भाई प्रमोद व पिंटू बेहाल रहे।

एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### संतुलन बिगड़ने से छत से गिरी वृद्धा, रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला सरोजिनी नगर निवासी अहमद अली की 74 वर्षीय पत्नी मंतशा बीती गुरुवार रात परिवार के सदस्यों के साथ मकान की छत पर सो रही थी। आधी रात वह लघुशंका करने उठी। तभी उसका अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह लड़खड़ाकर नीचे जमीन पर आ गिरी। पैरों के बल जमीन पर गिरने से वह गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## गौशाला में लगेंगे कूलर व पंखे, गोवंशों को मिलेगी राहत

**शुक्लागंज।** मई माह में पड़ रही गर्मी से हर कोई परेशान है। वहीं गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में टिनशेड के नीचे रहने वाले गौवंश भी गर्मी में परेशान हो रहे हैं। जिसे देखते हुये ईओ ने गौवंशों को गर्मी से राहत दिलाने के लिये गौशाला में कूलर और पंखे लगाने के निर्देश दिये हैं।

चंपापुरवा नेतुआ मार्ग स्थित गगनी खेड़ा गांव में पालिका की ओर से कान्हा गौशाला बनाया गया है। जहां पालिका ने 254 गौवंशों को संरक्षित किया है। पालिका सभी गौवंशों को देखरेख और उनके चारे पानी की व्यवस्था कर रही है। इधर मई माह में पड़ रही भीषण गर्मी से गौवंश परेशान हो रहा है। टिन शेड तपने के कारण गौवंश उसके नीचे नहीं खड़े हो रहे हैं। जिसे देख हुये नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने गौशाला में कूलर पंखा लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि गौशाला में चार कूलर और छह पंखा जल्द लगाये जायेंगे। जिससे गौवंशों को राहत मिल सके।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**सफीपुर।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पकड़ा है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के नगर की एक नाबालिक को बहला फुसलाकर उससे दुष्कर्म के मामले में उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले में एक आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर उसे उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित हनुमान मंदिर के पास से पकड़ा गया है। पूछताछ में उसने अपना नाम मो. आलम पुत्र अली हसन निवासी मोहल्ला उम्मेदराय बाजार बताया।

# छलावा साबित हो रहे ग्राम पंचायतों के आरआरसी सेंटर

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

- ब्लाक क्षेत्र की 36 ग्राम पंचायतों में हो चुका है निर्माण
- स्वयं सहायता समूहों को सौंपी जानी थी इनकी जिम्मेदारी



ग्राम पंचायत खरगौरा में बना अनुपयोगी आरआरसी सेंटर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर बनवाए गए तमाम आरआरसी सेंटर मात्र शोपीस साबित हो रहे हैं। लाखों रुपये के बजट से तैयार हुए सेंटर को उपयोग में न लाए जाने के सवाल पर सभी कन्नी काटने लगते हैं।

सफीपुर विकास क्षेत्र की खरगौरा समेत 36 ग्राम पंचायतों में बनवाए गए आरआरसी सेंटर अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। निर्माण कराते समय बताया गया था कि ग्राम पंचायत से निकलने वाला कूड़ा यहां एकत्र किया जाएगा। इन केंद्रों का संचालन स्वयं सहायता समूहों में शामिल महिलाओं द्वारा किया जाना था।

खरगौरा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर निर्माण तो करा दिया, लेकिन मानक के मुताबिक निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया। साथ ही आमतौर पर आबादी से दूर निर्माण कराया गया है। इससे जहां निर्माण पूरा होने के साथ ही यह जर्जर होते जा रहे हैं। ग्रामीण इन केंद्रों का अगले पांच साल में अस्तित्व समाप्त होने की आशंका जता रहे हैं।

आरआरसी केंद्र निर्माण की योजना वास्तव में कागजी साबित होकर रह गई है। इसीलिए ग्रामीण घरों से निकलने वाला कूड़ा इधर-उधर फेंकने को मजबूर हैं, जिससे गांव में बनी नालियां प्रायः चोक रहती हैं। इसलिए नालियों को पानी उफनाकर रास्तों पर भरता रहता है। यही नहीं कई स्थानों पर बजबजाती नालियां संक्रामक बीमारियों का कारण बनती हैं। बरसात के दिनों में हालात सबसे अधिक बदतर रहते हैं।

गंदगी व जलजमाव की वजह से जहरीले कीड़े-मकौड़ों के घर पहुंचने का खतरा रहता है। इन सेंटर्स का संचालन न शुरू होने के संबंध में सवाल किए जाते ही जिम्मेदार कन्नी काट जाते हैं। ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी से लेकर बीडीओ तक जवाब देने से बच रहे हैं। तमाम जद्दोजहद के बाद वह चुनाव के चलते व्यस्तता बताकर बाद में आरआरसी केंद्रों का निरीक्षण कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा देते हैं।



# उपराष्ट्रपति ने सरयू मैया का किया जयघोष

अयोध्या कार्यालय



राम मंदिर के दर्शन के बाद उपराष्ट्रपति व उनका परिवार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ शुक्रवार देर शाम सरयू आरती की। करीब 25 मिनट विलम्ब से सरयू तट पर पहुंचे उप राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी की अगुवानी संत-महंतों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की। सरयू आरती के दौरान उप राष्ट्रपति ने जय सरयू मैया का जयकारा भी लगाया।

अयोध्या धार्मिक यात्रा पर आए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सरयू तट पर शाम करीब 6:51 बजे पहुंचे। हालांकि सरयू आरती का समय नियमित समय छह से सवा छह बजे का है, लेकिन उप राष्ट्रपति के शामिल होने के मद्देनजर वैदिक मंत्रोच्चार छह बजे से ही प्रारंभ कर दिया गया था। उप राष्ट्रपति के धर्मपत्नी के साथ सरयू तट आरती स्थल पर पहुंचते ही प्रतीक्षारत बटुकों ने आरती प्रारम्भ कर दी। सरयू आरती करते समय उप राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिधान में भावुक दिखाई दिए। आरती से पूर्व उप राष्ट्रपति ने सलिला सरयू को प्रणाम किया और अपनी श्रद्धा निवेदित की। 6:54 बजे शुरू हुई सरयू आरती सात बजकर नौ मिनट पर समाप्त हुई। इसके बाद उप राष्ट्रपति धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ चार मिनट तक आरती स्थल पर खड़े भाव विभोर दिखाई दिए। उनकी पत्नी भी काफी समय तक सलिला सरयू को दोनों हाथ जोड़कर निहारती रहीं। खास बात यह रही कि उप राष्ट्रपति ने भाव विह्वल होकर दो बार जै सरयू मैया का जयकारा भी लगाया। यहां आरती स्थल पर उपराष्ट्रपति को संतों की ओर से उत्तरीय और रामनामी भी भेंट की गई। आरती के बाद कुछ देर तक तट पर रुके उप राष्ट्रपति बटुकों और संतों से संवाद भी करते रहे। सरयू तट पर करीब 25 मिनट व्यतीत किया।

### 51 बटुकों ने कराई 11 बत्तियों की आरती

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देर शाम सरयू के तट पर 51 बटुक ब्राह्मण और आचार्यों के द्वारा मंत्रोच्चार कर सरयू पूजन कराया गया, जिसके बाद 1100 बत्तियों से आरती उतारी। मां सरयू आरती समिति के अध्यक्ष शशिकांत दास ने बताया कि उपराष्ट्रपति आज अपने परिवार के साथ भगवान की आस्था में लीन होकर सरयू तक पहुंचे और विधि विधानपूर्वक पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति ने जय श्रीराम का नारा लगा कर अपनी आस्था प्रकट किया।

## अक्षय तृतीया पर रामलला को लगा आम का भोग

**अयोध्या :** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर में अक्षय तृतीया का पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह श्रृंगार के बाद रामलला का विशेष पूजन अर्चन किया गया और महाराष्ट्र के रामभक्त विनायक सेठ भालचंद्र कांची परिवार के द्वारा विशेष प्रसाद का प्रबंध किया गया। ट्रस्ट की अनुमति के बाद ट्रक में मौसमी फल राम मंदिर पहुंचा। फल रामलला को समर्पित किए गए, जिसमें सबसे अधिक आम शामिल था। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने दोपहर 12 बजे रामलला की आरती की। पूजन के बाद पहला भोग आम का लगाया गया, जिसका प्रसाद आने वाले सभी भक्तों में बांटा गया।

# 93 बच्चों की तस्करी मामले में नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, प्रयागराज

- बिहार के अररिया के रहने वाले हैं सारे बच्चे
- काउंसलिंग के बाद बच्चों को उनके परिजनों को सौंपा जाएगा

**अमृत विचार।** प्रयागराज जंक्शन से आरपीएफ ने गुरुवार को 93 बच्चों को मुक्त कराने के बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति भेज दिया गया था। जहां उन बच्चो की काउंसलिंग कराई जा रही है। जिसके बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल मामले मे पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

गुरूवार को सीमांचल एक्सप्रेस से बच्चो को बिहार से लाया गया था। मामले में आरपीएफ रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि ट्रेन से उतारने के बाद इन बच्चों को बाल कल्याण समिति भेजा गया है। जहां उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। काउंसलिंग के बाद सभी बच्चों को उनके परिजनों को सौपा जाएगा।

यह भी बताया कि बाल तस्करी में शक के आधार पर हिरासत में लिए गए सभी 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। ये बच्चे बिहार के अररिया के रहने वाले हैं। कुछ बच्चों को दिल्ली, कुछ को राजस्थान के नागौर व कुछ को देहरादून के मदरसों ले जाया जा रहा था। वहीं पुलिस का कहना की मामले की गहनता से जांच होगी।

## 72 घंटे के लिए बंद हुआ भारत- नेपाल सीमा पर आवागमन

**रूपईडीहा, बहराइच।** जिले में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान से पूर्व भारत नेपाल सीमा पर आवागमन बंद कर दिया गया। सीमा पर बंदी 72 घंटे तक जारी रहेगी। 13 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद शाम को पुनः आवागमन बहाल कर दिया जाएगा।

देश में चलने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बहराइच जनपद में भी मतदान होगा। 13 मई को आयोजित मतदान से पूर्व भारत नेपाल सीमा को सुरक्षा की दृष्टि से शुक्रवार शाम पांच बजे से आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। भारत नेपाल सीमा के बंद होने से दोनों देश के नागरिकों का सामान्य आवागमन भी पूरी तरह से बंद हो गया है।

# युवक की हत्या कर झोपड़ी में आग लगाई

## गांव के बाहर बाग में झोपड़ी डाल कर अकेले रहता था युवक, पालतू कुत्ता कुएं में पड़ा मिला

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा न्योतनी निवासी 35 वर्षीय युवक की हत्या कर शव उसी की झोपड़ी में डालकर जला दिया गया। सुबह खेत गए ग्रामीणों में युवक का अधजला शव व बाहर फैला खून देखकर सनसनी फैल गई। सूचना पर एएसपी व सीओ पहुंचे और जांच की। फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

कस्बा न्योतनी के मोहल्ला गांधी नगर निवासी सुशील (40) पुत्र रामपाल मौर्य बीते 10 वर्षों घर से 800 मीटर दूर अपने आम की बाग में फूस की झोपड़ी बनाकर रह रहा था। गुरुवार को उसकी हत्या कर शव झोपड़ी के नीचे रखकर जला दिया गया। पास में ही खून पड़ा हुआ था। इससे पहले उसकी किसी धारदार हथियार से हत्या कर गुनाह छुपाने के लिए शव झोपड़ी में रखकर जलाने की आशंका जताई गई है।


घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र करती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार


मौके पर जांच करते एएसपी प्रेमचंद व सीओ संतोष सिंह। अमृत विचार


सुशील मौर्य।

### पत्नी ने कर रखा था केस

सुशील की 20 साल पहले शादी हुई थी। अनबन होने पर 15 साल पहले पत्नी अपने मायके पामा राजाबाग चली गई थी। पत्नी ने उस पर केस भी किया था। इसमें उसे जेल जाना पड़ा था। उसके दो बेटे अनमोल व सौम्य हैं।

### जमीनी विवाद की भी बात आई सामने

- सुशील का पुश्तैनी जमीन को लेकर न्योतनी निवासी गोलू, गुड्डू व पप्पू से हसनगंज तहसील में कई वर्षों से मुकदमा भी चला था। इसका फैसला उसके पक्ष में हुआ था लेकिन, राजस्व कर्मियों ने अभी नाप नहीं की थी। वहीं झोपड़ी में रखे बड़े बक्से के कुंडे टूटे पड़े थे और उसमें रखा सामान जल गया था। पुलिस को मौके से 100 मीटर दूर एक टूटा मोबाइल मिला है। पुलिस ने उसे जांच के लिए भेजा है। मौके से 150 मीटर दूर 15 फिट गहरे कुएं में एक कुत्ता पड़ा मिला। ग्रामीणों के अनुसार वह कुत्ता मृतक यूवक का पालतू है।


घटनास्थल पर पड़ा खून व जली झोपड़ी। अमृत विचार

सूचना पार पहुंचे एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद व सीओ संतोष सिंह ने जांच की। फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम के साथ डाग स्क्वाड भी पहुंचा। खोजी कुत्ता करीब 300 मीटर आगे गया तो वहां खून के थक्के पड़े मिले। जिसे फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए संकलित किया। मृतक के भाई ओमकुमार की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। दिवंगत युवक के दो भाई व चार बहनें हैं। इसमें बड़ी बहन सावित्री की शादी हो चुकी है। गायत्री, मन्ना व दीपा और छोटा भाई ओम मौर्य भी है। वह लखनऊ में रहकर पढ़ाई करता है। दिवंगत युवक मोहसिन के यहां कंपोजिट खाद बनाने का काम करता था। इसे लेकर सीओ संतोष सिंह ने बताया कि घटना की हर पहलू पर जांच की जा रही है। जल्दी ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# साक्षी के पक्ष में माहौल बनाने आज आएंगे योगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज को चुनावी वैतरणी पार लगवाने को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक हफ्ते में दूसरी बार जनसभा करने आ रहे हैं। वह दोपहर करीब 1 बजे शहर के रामलीला मैदान साकेत धाम पहुंचेंगे। प्रचार थमने से ठीक पहले होने वाली चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए प्रांतीय नेतृत्व सहित विधायकों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है।

बता दें कि सीएम इसी सप्ताह बीते सोमवार को जिले के भगवंतनगर कस्बा स्थित आरआरबीएन इंटर कालेज में सभा करने आए थे। माना जा रहा है कि चुनावी प्रबंधन से जुड़े भाजपाइयों को पड़ोसी जिला रायबरेली के सीमावर्ती कस्बे में आयोजित सभा जीत को लेकर मजबूत साबित नहीं हो सकी थी। व्यस्तताओं के चलते प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मिलना संभव नहीं था इसलिए प्रदेश की सभी सीटों पर जीत का दावा करने वाले सीएम को आखिरकार एक सप्ताह में दूसरी बार उन्नाव में चुनावी सभा संबोधित करने का फैसला लेना पड़ा। सूबे के मुखिया की जिले में दूसरी सभा को सफल साबित बनाने को न सिर्फ प्रदेश नेतृत्व बल्कि जिला संगठन को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। सीएम का कार्यक्रम तय होते ही प्रदेश भाजपा के महामंत्री संगठन धर्मपाल को यहां आकर जिला भाजपा के पदाधिकारियों सहित सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक कर अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के निर्देश देने पड़े, बल्कि व्यापारियों व अधिवक्ताओं के लिए अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित कराए जा चुके हैं। यही नहीं भाजपा विधायक पिछले तीन दिन से चुनावी सभा के लिए भीड़ जुटाने को जनसंपर्क अभियान चलाते आ रहे हैं। सभी विधायक लोगों से सभा में शामिल होने संबंधी अपील के वीडियो भी सोशल मीडिया खासकर फेसबुक में चला रहे हैं।


कार्यक्रम की तैयारियां देखते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

### सीएम के कार्यक्रम को लेकर एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

सीएम की शहर में शनिवार को आयोजित चुनावी जनसभा को लेकर प्रशासन ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की है। इसके लिए हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक कड़ा सुरक्षा घेरा रहेगा। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर दिशा निर्देश देने के साथ गैर जिले व जिले के पुलिस अफसरों को ब्रीफ किया। सभी से अपने तैनाती प्वाइंट पर मुस्तैद रहने के साथ पार्किंग व सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक जगह सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। इसके अलावा सुरक्षा को लेकर सादे लिबास में खुफिया एजेंसी भी निगरानी रखेंगी।

- **शहर के रामलीला मैदान में करीब 1 बजे चुनावी सभा को करेंगे संबोधित**

# अक्षय तृतीया पर खूब बिके जेवरात

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** हिन्दू धर्म में अक्षय तृतीया का बड़ा महत्व है। इस दिन सोना खरीदने की प्रथा है। माना जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन सौभाग्य और शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन जो भी काम किया जाता है उसका परिणाम शुभ होता है। बैसाख महीने की शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षया तृतीया मनाई जाती है।


अक्षय तृतीया के अवसर पर नगर के विभिन्न सर्राफा दुकानों पर लोगों ने सोने की जमकर खरीददारी की। ऐसी मान्यता है कि इस दिन सोना खरीदने से घर पर सुख समृद्धि की वृद्धि होती है। इसलिए सुबह से लोगों ने खरीददारी शुरू कर दी। अक्षय तृतीया के अवसर पर सोना खरीदने का विशेष महत्व है। वहीं अक्षय का अर्थ होता है, जिसका क्षय न हो। इसलिए इस दिन स्वर्ण आभूषणों की खरीददारी का विशेष महत्व रहता है। अक्षय तृतीया पर आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। शुक्रवार को सुबह के समय दुकानों में भीड़ देखने को मिली। जिसके बाद दोपहर के समय तेज धूप होने से दुकानों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं शाम को एक बार फिर दुकानों में भीड़ रही। जिससे बाजार में रौनक देखने को मिली। ज्वैलर्स मयंक शुक्ला, आशीष बाजपेई ने बताया कि अक्षय तृतीया पर लोगों ने खूब सोना चांदी और हीरे तक की खरीददारी की है। ज्वैलर्स कमल वर्मा, मुन्ना सोनी, राजू रावत, मुन्ना रावत, मनोज मिश्रा, रोशन सोनी, धर्मेंद्र रस्तोगी व उत्कर्ष वर्मा ने बताया कि सोने के मंहगे दामों के बावजूद काफी बिक्री हुई है।


आभूषणों की खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# पेड़ से गिरा युवक हो गई मौत

**चकलवंशी, उन्नाव ।** माखी थानांतर्गत कोरारी गांव में पेड़ से गिरकर युवक गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे सफीपुर सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

कोरारी गांव निवासी प्रकाश लोध का घर से करीब तीन किमी दूर आम का बाग है। शुक्रवार को उसका बेटा राम सागर बाग की देखभाल करने गया था। शुक्रवार शाम वह पेड़ पर चढ़कर सुखी लकड़ी तोड़ने लगा तभी अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गया। ग्रामीणों ने उसे पड़ा देखा तो परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन उसे सफीपुर सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से पत्नी राधा सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


चेकिंग करते डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार

# बैराज मार्ग पर डीएम, एसपी ने वाहनों की चेकिंग की

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए शुक्रवार देर शाम उन्नाव डीएम और एसपी बैराज मार्ग पहुंचे।

शुक्रवार देरशाम उन्नाव डीएम गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना बैराज मार्ग पर पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान उन्होंने कानपुर और उन्नाव की तरफ से आने जाने वाले वाहनों को रोका। जिसके बाद मौजूद पुलिस कर्मियों ने गाड़ियों की डिग्गी खुलवाकर उनकी सघन चेकिंग की। इस दौरान वाहन चालकों के नाम और नंबर नोट किए गए। हालांकि चेकिंग के दौरान डीएम और एसपी को कोई संदेश वस्तु नहीं मिली। इसके बाद डीएम और एसपी ने मौजूद मातहतो को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दिशा निर्देश भी दिए।

# ई-बसों का संचालन बन रहा जाम का कारण, होगा प्रदर्शन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज से कानपुर जाने के लिये नवीन पुल पर प्रतिदिन लगने वाला जाम नगर की लाखों की आबादी के लिये नासूर बनता जा रहा है। जिससे लोगों को मानसिक और आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। शुक्रवार को एक बार फिर सुबह के समय संकरे और वाहनों के भार के कारण पुल से लेकर सब्जी मंडी के आगे तक चार घंटे तक जाम लगा रहा। जाम को देख पहुंचे कोतवाली प्रभारी खुद घंटों मशक्कत कर जाम हटवाते रहे। वहीं, जाम का प्रमख कारण बन रही ई-बसों का संचालन बंद कराने को अब लोगों ने प्रदर्शन करने का मूड बना लिया है। बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक के संकरे रास्ते के कारण शुक्रवार सुबह नौ बजे से जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से एक के बाद एक ई बसें निकली। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन सब्जी मंडी तक टेंपो, ई रिक्शा, बाइक, साइकिल के अलावा अन्य वाहन सवार फंसे रहे। जिससे घंटों लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ा। इधर लोकसभा चुनाव में अधिकांश पुलिस फोर्स गया हुआ है। जिस कारण पिकेट पुलिस भी नहीं लग पा रही है। उसी के चलते रोजाना जाम का दंश लोगों को झेलना पड़ रहा है।


नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

- **जाम हटवाने के लिए कोतवाली प्रभारी घंटों करते रहे मशक्कत**
- **चुनाव के बाद ई-बसों को बंद कराने के लिए धरना-प्रदर्शन करेंगे लोग**

### जाम में फंस कर परेशान होते हैं लोग

रोजाना संकरे रास्ते में ई-बसों के फंसने के कारण नगर के लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ रहा है। जिसे देखते हुये पूर्व प्रधान नीरज अवस्थी ने कहा कि चुनाव के बाद ई-बसें बंद कराने के लिये धरना प्रदर्शन करेंगे। जिससे लोगों को कुछ जाम से राहत मिल सके।

# फंदे से लटकी मिली महिला की मौत

**उन्नाव।** बिहार थानांतर्गत गंजरी गांव निवासी आकाश (26) ने बीते मंगलवार को गांव के पास पेड़ से लटककर खुदकशी कर ली थी। कुछ देर बाद गांव निवासी एक विवाहिता भी फंदे से लटकी मिली थी। इसे लेकर उनमें प्रेम-प्रसंग की चर्चा चल रही थी। इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में महिला की भी शुक्रवार को मौत हो गई। उसका पति पंजाब में मजदूरी करता है। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं पुलिस ने ऐसी किसी सूचना से इनकार किया है।

## सार-संक्षेप

### वॉयरल वीडियो पर जांच टीम से मांगा जवाब

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर पालिका गंगाघाट में कार्यरत एक बाबू का रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ था। जिसकी जांच के लिये ईओ ने टीम गठित की थी, समय बीतने के बाद भी टीम ने रिपोर्ट नहीं लगाई। जिस पर ईओ ने एक दिन के बाद रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिये हैं। नगर पालिका गंगाघाट में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये कार्यरत पालिका के बाबू राम नरेश पाल का पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वॉयरल हुआ था। जिसमें वह प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रुपये ले रहे थे। इसके साथ ही साथ ही भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की गई। इसके बाद ईओ मुकेश मिश्रा ने मामले का संज्ञान लेते हुए जेई घनश्याम मौर्या, लिपिक महेन्द्र कुमार सिंह, प्रवेश कनौजिया की तीन सदस्यी टीम गठित कर जांच के निर्देश दिये गये। समय बीतने के बाद भी गठित टीम ने रिपोर्ट प्रेषित नहीं की। जिस पर ऊपर से पड़ रहे दबाव को देखते हुये शुक्रवार को टीम को निर्देश दिया है कि एक दिन के भीतर रिपोर्ट प्रेषित की जाये।

### मारपीट कर छप्पर में लगाई आग, तीन पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने महिला को मारा पीटा। इस दौरान घर के बाहर रखे छप्पर में आग लगा दी। जिससे हजारों का नुकसान हुआ है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बसधना गांव निवासी पंकज की पत्नी निशा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 3 मई को पुराने विवाद को लेकर गांव के कुछ लोग घर में आ गये और गाली गलौज करते हुये मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रहने वाले दीपक, देवी प्रसाद और अजय शुक्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है।

### दो घंटे देरी से पहुंची कासगंज, यात्री हुए परेशान

**उन्नाव।** गंगाघाट स्टेशन से सुबह के समय लखनऊ से कासगंज जाने वाली कासगंज पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित समय से दो घंटे देरी से पहुंची। जिस कारण ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री खासे परेशान रहे। गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर कासगंज पैसेंजर ट्रेन के आने का समय सुबह 6:28 बजे का है। कानपुर के अलावा आस पास स्टेशन जाने के लिये सुबह के समय यात्री पहुंचे और टिकट लेने के बाद ट्रेन का इंतजार करते रहे। काफी इंतजार करने के बाद भी ट्रेन नहीं पहुंची। जिस कारण कुछ यात्री सड़क मार्ग से निकल गये। वहीं सुबह 8:20 बजे ट्रेन स्टेशन पर पहुंची। जिस पर यात्री अपने गंतव्य को रवाना हुए।

### स्टेशन के सामने खुली जॉगल प्लेट, निकलीं कई ट्रेनें

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर रेलवे विभाग की ओर से हाई स्पीड की ट्रेनें चलाये जाने को लेकर पिछले कई दिनों से ट्रैक की मरम्मत के अलावा अन्य कार्य कराये जा रहे हैं। इसके बावजूद गंगाघाट रेलवे स्टेशन के ठीक सामने दो पटरियों को जोड़ने वाली जॉगल प्लेट खुली पड़ी रही। जिससे कई एक्सप्रेस ट्रेनें धड़धड़ाते हुये निकल गई। गंगाघाट रेलवे स्टेशन के टिकट घर के सामने डाउन लाइन की लूप लाइन में दो पटरियों को जोड़ने के बाद लगाई गई जॉगल प्लेट के नट बोल्ट खुल गये। जिससे जॉगल प्लेट पटरी से अलग हट गई। पूरी रात खुली जॉगल प्लेट से ट्रेनें धड़धड़ते हुये निकल गई। सुबह कासगंज पैसेंजर से जाने वाले यात्री प्लेटफार्म एक से होकर चार पर जा रहे थे, तब उनकी खुली पड़ी जॉगल प्लेट पर नजर पड़ी। जिसकी जानकारी स्टेशन पर मौजूद जिम्मेदारों को दी गई। जॉगल प्लेट खुलने की जानकारी रेल पथ विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे रेल कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। वहीं जॉगल प्लेट खुली होने पर पूरी रात कई ट्रेनें निकल गई। गनीमत रही कि पटरी की बैल्डिंग नहीं खुली। बैल्डिंग खुल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### गैंगस्टर एक्ट के दो मामलों में हुई सजा

**उन्नाव।** सदर कोतवाली पुलिस द्वारा अलग-अलग दो लोगों पर गैंग बनाकर अपराधिक कृत्य अंजाम देने व उससे संपत्ति एकत्र करने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई थी। जिनके मुकदमे गैंगस्टर कोर्ट में विचाराधीन थे। गुरुवार को अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनो को दोषी करार देते हुए एक को छह व दूसरे को दो साल की सजा सुनाई है। बता दें कि 23 अगस्त-2003 को राधेश्याम पुत्र पुत्तीलाल निवासी गांव सिंघुपुर सदर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जांच के बाद आईओ मनमोहन यादव ने कोर्ट में 22 जनवरी-2004 को चार्ज शीट दाखिल की थी। गुरुवार को शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी की दलीलों व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने राधेश्याम को छह साल की सजा व 6 हजार जुर्माना लगाया। वहीं इसी कोर्ट में गैंगस्टर के अन्य मुकदमे में एडीजे ने आरोपी को दोषी करार देते हुए विष्णु पुत्र कैलाश निवासी गांव पंडित खेड़ा थाना आसीवन को दो साल की सजा व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया।

### मतदान के चलते आज शाम से नहीं बिकेगी शराब

**उन्नाव ।** लोकसभा चुनाव को लेकर होने वाले मतदान व मतगणना के दौरान देशी-विदेशी शराब, बियर व भांग की दुकानें बंद रहेंगी। मतदान दिवस से 48 घंटे पहले जहां दुकानें बंद हो जाएंगी। वहीं मतगणना वाले दिन भी दुकानें बंद रहेंगी। बता दें कि 13 मई को सुबह सात बजे से मतदान होना है। डीएम गौरांग राठी ने मतदान दिवस से 48 घंटे पहले देशी-अंग्रेजी शराब, बियर व भांग की दुकानें बंद कराने के जिला आबकारी अधिकारी व पुलिस को निर्देश दिये हैं। बताया कि इसी तरह मतगणना वाले दिन चार जून को पूरे दिन दुकानें बंद रहेंगी। बंदी आदेश पर अमल न करने वाले अनुज्ञापियों व अन्य के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने आबकारी व पुलिस अधिकारियों को बंदी आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

### फ्लाइंग स्क्वायड ने वाहनों की सघन चेकिंग की

**शुक्लागंज उन्नाव।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लाइंग स्क्वायड की टीम नगर में चेकिंग अभियान चला रही है। जहां शुक्रवार को नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों में हुई चेकिंग के दौरान टीम को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। शुक्रवार को सुबह से शाम तक उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला की निगरानी में टीम ने मरहला चौराहा, बालूघाट मोड़ा, बैराज मार्ग, फोरलेन, आजाद मार्ग पर चेकिंग की। जहां आने जाने वाले वाहनों को रोका गया। जिसके बाद कार की डिग्गी खोल कर चेकिंग की गई। इस दौरान किसी भी वाहन में संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। चेकिंग के दौरान कुछ वाहनों में स्टीकर और राजनैतिक झंडे लगे मिले। जिस पर उन्हें उतरवाया गया और चालकों को हिदायत दी गई।

**आयोजन** — अक्षय तृतीया पर महंगाई के बावजूद खरीदे गए आभूषण, जगह-जगह हुए कार्यक्रम

# प्रभु परशुराम की जयंती पर गूंजे जयकारे, बांटा गया प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया पर जहां भगवान परशुराम का विभिन्न स्थानों पर जन्मोत्सव मनाया गया। किसी ने गोष्ठी व भंडारा किया तो किसी ने शोभायात्रा निकाली। वहीं लोगों ने आभूषण खरीदने के साथ अन्य परंपराओं का निर्वहन भी किया।

युवा भारती ब्राह्मण महासभा संस्कार समिति के सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में संगठन अध्यक्ष अशोक वाजपेयी वेदांती व विजय शंकर मिश्रा ने मुख्य अतिथि अवध द्विवेदी से दीप प्रज्ज्वलित कराते हुए भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कराया। इसी तरह वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र शंकर त्रिपाठी, श्रवण पांडेय, अशोक अवस्थी, रमाशंकर त्रिपाठी व सतीश अवस्थी ने भी माल्यार्पण किया। अतिथियों को परशुराम का चित्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले रामचरित मानस के अखंड पाठ के समापन के बाद गोष्ठी में वक्ताओं ने भगवान विष्णु के अवतार परशुराम के संबंध में पौराणिक जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में डा. कमलाकांत द्विवेदी, गार्गी शंकर मिश्रा, सत्यार्थ वेदांती, रविशंकर तिवारी, शिवमूर्ति तिवारी, आशु दीक्षित, सुशील वाजपेयी, आनंद मोहन द्विवेदी, सुंदरलाल वाजपेयी, गणेशजी शुक्ला व महेंद्र पांडेय आदि शामिल रहे।

इसके अलावा उन्नाव कचहरी परिसर स्थित अपने चैंबर में वरिष्ठ अधिवक्ता अजेंद्र अवस्थी के संयोजन में परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। यहां पहले सभी ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद प्रसाद बांटा गया। इस दौरान सिद्धांत अवस्थी, धर्मेंद्र वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

वहीं, महिलाओं ने अक्षय तृतीया पर आभूषणों की खरीदारी की। हालांकि महंगाई के चलते महिलाओं को हल्के आभूषण खरीदकर औपचारिकता ही निभानी पड़ी। इसके अलाव कुछ लोगों ने विभिन्न स्थानों पर गौवंश के लिए पानी का पात्र रखवाया, जबकि घड़े व सुराही आदि भी दान किए गए।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, बिल्हौर बाईपास स्थित बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ब्राह्मण परिवार संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य सेवादार चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा कि ब्राह्मण जाति नहीं बल्कि सनातन संस्कार रूपी विचार है। भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम ब्राह्मण समाज को अतीत पर गर्व करने की प्रेरणा देते हैं। वह ज्ञान के साथ शस्त्र संचालन में भी निपुणता रखते थे। संस्था अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी ने कार्यक्रम में शामिल लोगों से मंदिर निर्माण के लिए सहयोग मांगते हुए स्वीकारोक्ति कराई। साथ ही विधान पूर्वक पूजन भी हुआ। इस दौरान शशांक शेखर शुक्ल, राजीव वाजपेयी, शिवकुमार तिवारी, शैलेंद्र शुक्ल, ज्ञानेंद्र तिवारी, संजीव तिवारी, प्रीति त्रिवेदी, अतुल मिश्रा, ऋषि वाजपेयी, राजकुमार द्विवेदी, विपिन द्विवेदी, वीरेंद्र अवस्थी, रविशंकर दीक्षित, सुधीर मिश्र, पंकज अग्निहोत्री, हरिओम तिवारी सभासद, अल्वी मिश्रा, विनोद शुक्ला व पुरुषोत्तम वाजपेयी आदि रहे।

नवाबगंज संवाददाता के अनुसार, भगवान परशुराम के पिता जमदग्नि के परसंदन भितरेपाल स्थित आश्रम में अक्षय तृतीया पर्व मनाया गया। आचार्य करुणा शंकर तिवारी व गुरु प्रसाद के आचार्यत्व में यजमानों ने हवन में आहुतियां दीं। इस दौरान ज्ञानेंद्र पाठक, पं. देवीशंकर द्विवेदी, पंकज गुप्ता, पं. व्योम द्विवेदी, राहुल मिश्रा, विमल द्विवेदी, अजय त्रिवेदी, विनय दीक्षित, अरविंद त्रिपाठी, अर्पित मिश्रा, अंकित द्विवेदी, रतनदीप पाठक आदि मौजूद रहे।



सेवा धर्म के लिए सम्मानित लोगों के साथ आयोजक।


कार्यक्रम को संबोधित करते चैतन्य ब्रह्मचारी। अमृत विचार


खड़े होकर हनुमान चालीसा पाठ करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# आठ सीटों पर जीत का चौका, 48 में तीसरी बार कमल खिलाने का इरादा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** पिछले दो लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में एकतरफा जीत हासिल की थी। इस बार पार्टी मिशन-80 लेकर चल रही है, तो उसकी उम्मीदें बेवजह भी नहीं हैं। आठ लोकसभा सीटों लखनऊ, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, आंवला, बांसगांव और पीलीभीत में भाजपा हैट्रिक लगा चुकी है, इस बार जीत का चौका लगाने उतरी है। इसके साथ ही प्रदेश में 48 लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में है। दरअसल, प्रदेश में 49 लोकसभा सीटों पर भाजपा 2014 की मोदी लहर के बाद 2019 में भी चुनाव जीती थी। लेकिन इस बार इनमें से बागपत लोकसभा सीट पर उसकी सहयोगी जयंत चौधरी की रालोद ने चुनाव लड़ा है।

### भाजपा के मिशन-80 की उम्मीदों का लेखाजोखा



### छह नेताओं ने लगाया जीत का सिक्सर

- प्रदेश से लोकसभा चुनाव में जीत का सिक्सर लगाने वाले छह नेताओं में प्रतापगढ़ के राजा दिनेश सिंह, भाजपा के दिग्गज मुरली मनोहर जोशी, सपा संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, रालोद मुखिया चौधरी अजित सिंह के अलावा राम नगीना मिश्र तथा महादीपक सिंह शाक्य के नाम हैं।

### 27 सांसद उतरे हैं जीत की हैट्रिक लगाने

- प्रदेश में इस बार भाजपा के 28 सांसद जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय, केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी, संजीव बालियान, भानु प्रताप सिंह वर्मा, कौशल किशोर शामिल हैं।

## लखनऊ में लगातार आठ जीत का रिकार्ड राजनाथ की हैट्रिक और जीत का चौका भी

लखनऊ लोकसभा सीट पर भाजपा 1991 के चुनाव से लगातार जीत रही है, और अब तक आठ बार चुनाव जीत चुकी है। इस बार यहां से दिग्गज भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत की हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। हालांकि राजनाथ सिंह के लिए लखनऊ में जीत की हैट्रिक का सवाल है, लेकिन चुनाव जीतने पर उनका विजयी चौका होगा, क्योंकि वर्ष 2009 का चुनाव उन्होंने गाजियाबाद सीट से जीता था। इसके बाद 2014 व 2019 का चुनाव लखनऊ से जीते हैं।

## मेनका गांधी दो बार लगा चुकी हैं जीत की हैट्रिक


भाजपा सांसद मेनका गांधी आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं। इस बार वह सुल्तानपुर से नवीं जीत हासिल करने के लिए मैदान में है। मेनका इससे पहले दो बार जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं। पीलीभीत लोकसभा सीट से वर्ष 1996, 1998 व 1999 में



चुनाव जीतकर उन्होंने पहली हैट्रिक लगाई थी। इसमें 1996 का चुनाव वह जनता दल से लड़ी थीं, जबकि 1998 और 1999 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। भाजपा प्रत्याशी के रूप में 2004, 2009 व 2014 के तीन लोकसभा चुनाव लगातार जीतकर उन्होंने दूसरी बार जीत की हैट्रिक पूरी की थी। मेनका गांधी की बराबरी करने के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी लाइन में हैं। वह इस बार दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। पंकज चौधरी ने महाराजगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में वर्ष 1991, 1996 व 1998 में चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद 2004 का चुनाव भाजपा से जीतने के बाद 2014 व 2019 में महाराजगंज से फिर जीते थे।

### आठ बार चुनाव जीतने वालों में संतोष गंगवार भी, इस बार मैदान में नहीं

- प्रदेश से आठ बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले सांसदों में मेनका गांधी के अलावा भाजपा नेता संतोष गंगवार भी हैं। वह 2019 में आठवीं बार सांसद चुने गए थे। लेकिन इस बार बरेली सीट से भाजपा ने उनका टिकट काट दिया था। इसी तरह बाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह भी जीत का सिक्सर लगा चुके हैं, लेकिन उनका भी टिकट इस बार पार्टी ने काट दिया है।



### लेकिन सबसे बड़ा कीर्तिमान पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम

प्रदेश से सबसे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीतने का कीर्तिमान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर है। वह दूसरी लोकसबा से 14वीं लोकसभा तक 10 बार सांसद चुने गए थे। इसमें से नौ बार उन्होंने उत्तर प्रदेश से चुनाव जीता था।

---

### भाजपा से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर मैदान में, सपा ने वरिष्ठ नेता सनातन पांडेय को दोबारा मैदान में उतारा है

# विकास की चाहत और जाति-बिरादरी का मोह

**बलिया संसदीय सीट**

विनय जायसवाल, मऊ

बलिया का नाम आते ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडेय और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का नाम जेहन में सबसे पहले आता है। बलिया को बागी बलिया भी कहा जाता है। कभी समाजवादियों का मजबूत गढ़ रहे बलिया संसदीय क्षेत्र में आज भाजपा का परचम लहर रहा है। खास बात यह है कि युवा तुर्क कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर भी भगवा खेमे के झंडाबरदार हैं। इस चुनाव में भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर नीरज शेखर को मैदान में उतारा है। भाजपा को उम्मीद है कि इस बार यहां से न सिर्फ जीत की हैट्रिक लगेगी बल्कि भगवा रंग और चटख हो जाएगा। भाजपा भले ही लोकसभा चुनावों में दो बार से जीत दर्ज कर रही है लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में उसकी स्थिति खराब हो गई थी। पार्टी को यहां की पांच विधानसभा सीटों में से सिर्फ एक पर ही जीत मिली थी। हालांकि तब उसके साथ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी नहीं थी इस चुनाव में वह भाजपा की प्रमुख सहयोगी है। इसका लाभ भगवा खेमे को मिलता दिख रहा है।




### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 3.0 लाख |
| राजपूत | 2.50 लाख |
| भूमिहार | 1.55 लाख |
| यादव | 2.20 लाख |
| दलित | 3.10 लाख |
| मुस्लिम | 1.0 लाख |

**06** बार बलिया से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने चुनाव जीता था

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47.40 |
| सपा | सनातन पांडे | 4,53,595 | 45.83 |
| एसबीएसपी | विनोद | 35,900 | 3.63 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38.18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23.38 |
| कौमी एकता | अफजल अंसारी | 1,63,943 | 17.40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15.04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1.43 |

### 15,519 वोटों से ही पिछला चुनाव जीती थी भाजपा


- 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए भाजपा को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। पार्टी के उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह मस्त सपा के सनातन पांडेय से मात्र 15,519 वोटों से ही जीत पाए थे। हालांकि तब सपा- बसपा का गठबंधन था और कांग्रेस ने यहां से उम्मीदवार नहीं उतारे थे। 35,900 वोट सुभासपा के उम्मीदवार को मिले थे। इस चुनाव में सपा, बसपा अलग- अलग लड़ रही हैं। सपा का कांग्रेस से गठबंधन है तो सुभासपा भाजपा के साथ खड़ी है। भाजपा के रणनीतिकार मानते हैं कि सुभासपा का साथ, मोदी की गारंटी और नीरज शेखर की स्वच्छ छवि के सहारे पार्टी यहां जीत की हैट्रिक लगा लेगी। सपा- बसपा का गठबंधन न होना भी भाजपा के लिए मुफीद है।

### मंझे राजनीतिक खिलाड़ी हैं सपा के सनातन पांडेय

- सपा उम्मीदवार सनातन पांडेय 2007 में चिलकहर विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर जीते थे। हालांकि 2012 में जब परिसीमन हुआ तो चिलकहर विधानसभा सीट का अस्तित्व समाप्त हो गया था। इसके बाद वे रसड़ा से मैदान में आए लेकिन वह बसपा के उमाशंकर सिंह से पराजित हो गए थे। 2017 में भी वे रसड़ा सीट पर हारे और 2019 के लोकसभा चुनाव में बलिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़े पर भाजपा ने उन्हें हराया।

## बसपा बना रही है मुकाबले को त्रिकोणीय


बसपा ने इस सीट से लल्लन सिंह यादव को मैदान में उतारा है तो सपा से पूर्व विधायक सनातन पांडेय ताल ठोक रहे हैं। बसपा ने पिछड़ी जाति का उम्मीदवार देकर सपा के वोटों खासकर यादव मत में सेंधमारी की कोशिश की है। पार्टी की कोशिश है कि इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया जाए ताकि सपा और भाजपा की लड़ाई में दलित, यादव वोटों के सहारे मैदान मारा जा सके। सनातन पांडेय भी अल्पसंख्यक, पिछड़ा और दलित वोटों के साथ ही ब्राह्मण वोटों के दम पर यहां से जीत दर्ज करने की कोशिश कर रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया है। इसमें गाजीपुर की जहूराबाद और मोहम्मदाबाद व बलिया जिले की फेफना, बलिया नगर



और बैरिया विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। 1989 के बाद इस सीट पर कांग्रेस कभी नहीं जीती। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने मजबूत प्रत्याशी न उतारे हों। पार्टी की ओर से खूब प्रयास हुए लेकिन युवा तुर्क चंद्रशेखर के आगे किसी की न चली। यहां के मतदाता सदैव चंद्रशेखर के साथ रहे। चंद्रशेखर ने सबसे पहले 1977 और 1980 में यहां से जीत दर्ज की थी। इसके बाद वे 1984 में हारे। फिर जनता दल के टिकट पर 1989 में जीते। इसके बाद उन्होंने समाजवादी जनता पार्टी का गठन किया और यहां से लगातार पांच चुनावों में जीत कर संसद पहुंचे। उनके निधन के बाद जब 2008 में इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो उनके पुत्र नीरज शेखर सपा के टिकट पर सांसद बने। 2009 में भी नीरज सपा से जीते लेकिन 2014 की मोदी लहर में वे पिता की विरासत को नहीं बचा सके। भाजपा ने यहां से भरत सिंह को मैदान में उतार कर बाजी मार ली थी। हालांकि 2019 में पार्टी ने भरत सिंह का टिकट काटकर वीरेंद्र सिंह मस्त को दिया और वे भी जीते। अब नीरज शेखर भाजपा में हैं और फिर से पिता की विरासत बचाने के लिए कवायद कर रहे हैं।

## ... जब युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर ने संभाली देश की कमान

बोफोर्स घोटाले का मुद्दा उठाकर सत्ता में आए जनता दल ने भाजपा के समर्थन से विश्वनाथ प्रताप सिंह को प्रधानमंत्री बनाया था लेकिन राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को लेकर रथयात्रा निकाल रहे भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने गिरफ्तार किया तो भाजपा ने समर्थन वापस ले लिया था। इससे वीपी सिंह की सरकार गिर गई थी। तब जनता दल के सांसदों के साथ चंद्रशेखर ने समाजवादी जनता पार्टी बनाई थी और कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि तीन महीने बाद ही कांग्रेस ने उनसे समर्थन वापस ले लिया था। इस कारण चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि चंद्रशेखर कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में छह माह तक कार्य करते रहे थे।



पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर।

### इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी लहर में हारे चंद्रशेखर

- 1984 में जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई तो देश में कई जगहों पर दंगे भी हुए थे। इसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में जबरदस्त सहानुभूति की लहर थी। इस लहर में चंद्रशेखर को कांग्रेस के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था।

### राम मंदिर लहर में भी भाजपा नहीं जीत पाई थी

- 1989 में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर भाजपा के पक्ष में लहर चल रही थी तब भी भाजपा यहां नहीं जीती। 1991 और 1996 में भी राम मंदिर आंदोलन को लेकर भाजपा के पक्ष में माहौल था लेकिन चंद्रशेखर को हिला पाना भाजपा के लिए मुश्किल था। भाजपा का खाता इस सीट पर तब खुला जब 2014 में पूरे देश में मोदी नाम की लहर आई। हालांकि इस चुनाव में चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर मैदान में थे लेकिन इस आंधी में वे भी खुद की जीत सुनिश्चित नहीं कर पाए थे।

### मुख्तार अंसारी परिवार का पूरा दखल

- इस लोकसभा सीट पर चुनावों में मुख्तार अंसारी परिवार का भी जबरदस्त दखल है। यहां की मोहम्मदाबाद विधानसभा सीट से मुख्तार के भतीजे सुहेब अंसारी विधायक हैं। जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र में भी मुख्तार परिवार का दबदबा है। अब मुख्तार के भाई अफजल अंसारी सपा में हैं तो इसका लाभ सनातन पांडेय को मिल सकता है।

---



**बरसे फूल** चंडीगढ़ के पचकुला में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करके जनता से मांगा समर्थन।



**मना जश्न** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद पंजाब के पटियाला में चुनाव प्रचार कर रहे आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

---

### भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले को खुद के काम और मोदी की गारंटी पर भरोसा

# अकबरपुर में भोले की लगेगी हैट्रिक या राजाराम की दौड़ेगी साइकिल

- बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण बचाने का नारा गठबंधन ने बनाया चुनावी हथियार
- बसपा के राजेश द्विवेदी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का कर रहे प्रयास

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर संसदीय सीट पर भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले अब हैट्रिक लगाने के लिए व्यग्र दिख रहे हैं। मोदी की गारंटी, क्षेत्र में हुए विकास कार्य और कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाकर वे जनता से वोट मांग रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी सपा के उम्मीदवार राजाराम पाल उन्हें हराने के लिए बेरोजगारी, महंगाई और आरक्षण के मुद्दे को अपने हथियार के रूप में प्रयोग कर रहे हैं और जनता से इन्हीं मुद्दों पर वोट मांग रहे हैं। इस लड़ाई को बसपा के राजेश द्विवेदी त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो कर रहे हैं पर कितना सफल होंगे यह वक्त बताएगा। फिलहाल मुकाबला भोले और पाल के बीच कांटे का दिख रहा है। बसपा प्रमुख मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने चुनावी सभाओं के जरिए अपने- अपने उम्मीदवार के पक्ष में समीकरण साधने का प्रयास तो किया है। पीएम नरेंद्र मोदी भी चार मई को माहौल बना चुके हैं।

- अकबरपुर संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में पूर्व बसपा सांसद राजाराम पाल कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे थे और यहां से जीत हासिल की थी।

इस चुनाव में बसपा के अनिल शुक्ल वारसी ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। इस चुनाव में भाजपा तीसरे और सपा चौथे नंबर पर थी। 2014 में जब चुनाव हुआ तो भाजपा ने पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह भोले पर दांव लगाया और यह सटीक बैठ गया। भोले न सिर्फ 2.79 लाख वोटों के भारी अंतर से जीते बल्कि इस चुनाव में राजाराम पाल चौथे, सपा के लाल सिंह तोमर तीसरे स्थान पर रहे। बसपा के अनिल शुक्ल वारसी को फिर दूसरा स्थान मिला। 2019 में भी भोले ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में अनिल शुक्ल वारसी भाजपा में आ गए थे और बसपा- सपा गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार निशा सचान को दूसरा स्थान मिला था। राजाराम पाल इस चुनाव में भी तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार पाल मुख्य मुकाबले में दिख रहे हैं। जबकि बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रही है।



देवेंद्र सिंह भोले।



राजाराम पाल।



राजेश द्विवेदी।

### राजाराम पाल पहली बार 2004 में बसपा से बने थे सांसद

- राजाराम पहली बार बसपा के टिकट पर 2004 में सांसद बने थे तब यह सीट बिल्हौर लोकसभा के नाम से जानी जाती थी। हालांकि ऑपरेशन दुर्योधन में नाम आने के बाद उनकी सदस्यता खत्म हो गई थी। इसके बाद 2007 में हुए उप चुनाव में बसपा के टिकट पर तब अनिल शुक्ल वारसी जीते थे। हालांकि 2008 में जब परिसीमन हुआ तो यह सीट खत्म हो गई और अकबरपुर के नाम से अस्तित्व में आई।

### बसपा के ब्राह्मण चेहरे से सपा को दिख रहा फायदा

- बसपा ने इस सीट पर ब्राह्मण चेहरे को मैदान में उतारा है। इसे सपा अपने लिए मुफीद मान रही है। इस क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या निर्णायक मानी जाती है। कल्याणपुर और अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र में इस जाति के मतदाता प्रभावशाली हैं। ऐसे में सपा को लगता है कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं के साथ ही ब्राह्मण मतों के राजेश द्विवेदी के साथ जाने से इस लड़ाई में उसे फायदा होगा और वह देवेंद्र सिंह भोले की हैट्रिक रोकने में कामयाब होगी।

**अकबरपुर संसदीय सीट**




### पांचों विधानसभा सीटें भाजपा व सहयोगी दल के पास

- इस क्षेत्र में आने वाली अकबरपुर रनिया, कल्याणपुर, बिठूर और महाराजपुर विधानसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। जबकि घाटमपुर सीट पर भाजपा की सहयोगी अपना दल एस की विधायक हैं। महाराजपुर सीट से विधायक सतीश महाना विधानसभा अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में भोले की तीसरी जीत हो यह उनके लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल है।

### भोले और सांगा के साथ आने से भाजपा हुई मजबूत

- सांसद भोले और बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा के बीच छत्तीस का आंकड़ा है। दोनों के बीच का तनाव किसी से नहीं छिपा है चाहे वे क्षेत्र के कार्यकर्ता हों या फिर पार्टी नेतृत्व इस बात से सभी वाकिफ हैं। सांगा लोकसभा चुनाव में टिकट के दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। जबकि उन्होंने कई बार अकबरपुर रनिया और महाराजपुर, बिठूर के साथ ही घाटमपुर में भी शक्ति प्रदर्शन कर चुके थे। हालांकि गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों में सुलह कराई। अब सांगा भी चुनाव में जुट गए हैं।

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है,विद्या की रक्षा अभ्यास से ,सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# उथल-पुथल का दौर

दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यूक्रेन में युद्ध हो रहा है, गाजा में संघर्ष के हालात हैं, लाल सागर और अरब सागर में हमले हो रहे हैं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में तनाव की स्थिति है, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आतंकवाद है, हमारे सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या है। ये सभी घटनाक्रम मिलकर एक जबदरस्त उथल-पुथल की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष दुनिया में कई अहम चुनाव भी होने हैं जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संसद का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। इन चुनावों का खासा महत्व रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का यूरोप, यूक्रेन और मध्य-पूर्व के युद्ध पर असर होगा। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में बहुत अधिक उथल-पुथल होगी। विदेशमंत्री ने कहा कि ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता विवेकपूर्ण तरीके से चुनाव करें ताकि भारत में एक मजबूत, स्थिर और परिपक्व नेतृत्व कायम रहे।

गौरतलब है कि देश में लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरणों का मतदान पूरा हो चुका है और मतदान के चार चरण अभी बाकी हैं। रूस की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखरोवा ने बुधवार को कहा था कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहा है। इस पर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वे भारतीय चुनावों में दखल नहीं दे रहे हैं। चुनाव का नतीजा वहां की जनता खुद तय करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार भाषणों में कहा है कि दुनिया में कई लोग नहीं चाहते कि भारत में स्थिर सरकार हो। पीएम मोदी के इस बयान को कहीं न कहीं अमेरिका की उस रिपोर्ट पर निशाना भी माना गया जिसमें मानवाधिकार, भ्रष्टाचार के आरोपी विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के साथ सीएए समेत कई मुद्दों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की गई थी। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की तरफ से भी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। कुछ दिनों पहले माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया था कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिये भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करने में लगा हुआ है। वास्तव में उथल-पुथल के बीच आज भारत का ताकतवर होना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण है कि देश सभी चुनौतियों से पार पा लेगा। इसी के चलते दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत वैश्विक आशाओं का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है।

# खेल नहीं खेल-खेल में शिक्षा का विचार



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं,जो पौधों को पुष्पित–पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं।

यह ऐसा सबक था जिसे बच्चे हमेशा याद रखेंगे। शिक्षक कक्षा में पहुंचे तो उनके हाथ में रोज की तरह थैला था। थैले से चाक निकालकर फर्श पर एक बड़ा सा गोला खींचा और बच्चों को उसके चारो ओर खड़ाकर हाव-भाव से कविता प्रस्तुत की। उसके बाद थैले में से प्लास्टिक के कुछ पशु-पक्षी निकाले और बच्चों से उनके बारे में बात करना शुरू किया। नाम,रंग,कहां पाए जाते हैं,क्या खाते हैं,कैसे चलते-बोलते हैं, कौन से पालतू हैं जैसी कितनी ही बातें। बच्चे अपने परिवेशीय अनुभवों के आधार पर उनके बारे में जानकारियां दे रहे थे।

इस बातचीत के दौरान बच्चे जहां एक दूसरे की सही बात का समर्थन कर रहे थे वहीं गलत जानकारी को करेक्ट भी कर रहे थे। शिक्षक ने बातचीत के ही दौरान बच्चों के समूह बनाकर उन पशु-पक्षियों में जलचर,थलचर और नभचर का वर्गीकरण कराया तथा छोटे समूहों में कहानी निर्माण कराते हुए उस पर चित्र बनवाया। बीच-बीच में मौखिक व लिखित रूप से आकलन करते हुए नई जानकारियां दी। बच्चे इस कक्षा में न केवल रुचिपूर्वक संलग्न थे,बल्कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नए ज्ञान की रचना भी कर रहे थे। बच्चे हों अथवा बड़े 'खेल' सभी को आकर्षित करते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि खेलों में चुनौती,आनंद,प्रतिस्पर्धा,स्वानुशासन,जीत का जज्बा जैसे कुछ खास गुण होते हैं,जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। यही कारण है कि शिक्षा को आनंददायी बनाने तथा विद्यालयों को 'प्लेस ऑफ जॉय' बनाने की जरूरत हमेशा से अनुभव की जाती रही है।

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं,जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। फ्रोबेल का दृढ़ मत था कि उपयुक्त और अनुकूल वातावरण मिलने पर बालक का सर्वांगीण विकास होता है।



अपने विचार को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने 'किंडर गार्टन' की स्थापना की जिसका अर्थ ही होता है 'बच्चों का बगीचा'।

खबर है कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने,कक्षानुरूप बुनियादी दक्षताओं का विकास करने तथा कक्षाओं को रुचिकर बनाने के लिए बच्चों के स्थानीय खेलों को भी कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं का अंग बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे विद्यालयीय संस्कृति में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। अगर पिछले कुछ दशकों पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि खेलों को उनके विशेष गुणों के साथ विद्यालयों में लाने का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है,बल्कि समय-समय पर शिक्षाविदों ने शिक्षा में खेल के गुणों की अनिवार्यता और अपरिहार्यता को स्वीकार किया है। वर्तमान में अगर बच्चों के परिवेशीय खेलों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की बात की जा रही है तो यह भी उसी विचार की पुनरावृत्ति है। ऐसा क्यों,इस पर विचार करते हैं।

हम अपने बचपन में खेले गए किसी भी खेल को याद करें। उस खेल से जुड़े तमाम वाकये आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित होंगे। अगर गहराई से विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस खेल में ऐसी कई संक्रियाएं, संबोध, दक्षताएं व कौशल थे,जो हमारे विद्यालयी पाठ्यक्रम का हिस्सा थे और जिन्हें कोई भी बच्चा हंसते- खेलते अर्जित कर लेता था। खेल के गुणों में रोचकता, सभी की सहभागिता, स्वानुशासन, स्वआकलन, प्रतिस्पर्धा,आत्मनियंत्रण, नवीनतम, लचीलापन, निर्णय लेना जैसे तमाम गुण होते हैं,जो इनको रुचिकर बनाते हैं। अगर यह गुण सीखने-सिखाने के तरीकों में शामिल किए जाते हैं तो निश्चित ही इन तरीकों में बच्चों की रुचि बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले तथा तकनीकी दौर में लगभग लुप्त होते जा रहे इन खेलों के शिक्षा में आने से कक्षाओं का माहौल रोचक बनेगा और सीखने-सिखाने के अनुभवों में विविधता आएगी।

सवाल है कि यह संभव कैसे हो? दरअसल शिक्षा में खेल शामिल करने के विचार में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है खेल के गुणों को शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में शामिल करना। विगत दशकों में शिक्षा को रुचिकर व आनंददायी बनाने के लिए जो भी विचार आए उन्होंने परंपरागत शिक्षण अधिगम प्रणालियों के स्थान पर बच्चों की रुचि,सहभागिता और क्रिएटिव इन्वॉल्वमेंट पर प्रमुखता से फोकस किया,लेकिन यह विचार एक लंबे समय तक कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं का हिस्सा नहीं बन पाए,क्योंकि इनमें कदाचित 'रुचि,आनंद के साथ सृजनात्मक गतिशीलता एवं 'स्वयं ज्ञान की रचना' जैसे तत्वों का समुचित समावेश न था। दूसरे शब्दों में कहें तो इसमें विद्यालयीय परिस्थितियों में अनुकूल और संभव योजनाओं पर गहराई से काम नहीं किया गया। नतीजा यह रहा कि अधिकांश कक्षाएं इस विचार को ठोस नतीजों तक नहीं ले जा पाईं।

सीखना किसी ज्ञात या अज्ञात अनुभव और उससे जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं से प्रारंभ होता है। जिज्ञासाओं के समाधान के लिए हम अपने आसपास मौजूद परिवेश और उपलब्ध ज्ञान स्रोतों/संदर्भों की मदद लेते हैं। उपलब्ध समाधान का विभिन्न स्रोतों से मिलान करते हैं और विश्लेषण करते हैं। विश्लेषण की यह प्रवृत्ति प्राप्त जानकारियों को विविध परिस्थितियों में जांचने-परखने तथा वैध पुष्टि द्वारा निष्कर्ष अथवा ज्ञान की रचना तक ले जाती है।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं,उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं,लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं,बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं,उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं,लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं,बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

## प्रसंगवश

# कमजोर और मजबूत आदमी

वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस,कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्राय: मात्रा का होता है,गुण का उतना नहीं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यहां कमजोर और मजबूत का संबंध शारीरिक शक्ति से नहीं है। कमजोरी वह है,जो मनुष्य को अभ्यंतर से,यानी नीयत और नैतिकबोध में कमजोर बनाती है। मजबूती वह है,जो मनुष्य को अभ्यंतर से ठोस एवं एकरूप तथा व्यवहार में विश्वसनीय बनाती है।

संसार परिवर्तनशील है। ठीक, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। यावत्चन्द्रदिवाकरौ। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था,है और रहेगा। एक अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं,वगैरह-वगैरह। बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है,अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद,यानि उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने,उनकी व्याख्या करने,उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पासटाइम होता है।

दो-बुरा आदमी कभी बुरा करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है (जब कि दूसरों की गलती को वह उनका दोष माने रहता है)। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था,उसके होशोहवास गुम हो गए थे,वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था,वगैरह-वगैरह। वह कभी,जी हां कभी भी,अपनी नीयत को दोष नहीं देगा। अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती,यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं फिरता। व्याख्या वही करता है,जो जानबूझ कर किए रहता है। उसे डर लगा रहता है कि जो सच में हुआ,कहीं लोग उस पर भरोसा न कर बैठें।

तीन-बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है तो उसके सामने,अकेले में,कह देता है,जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है।

चार-बुरा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे स्नेह या मोह हो गया है तो वह उसका फायदा उठाने के लिए प्रवृत्त हो जाता है। अच्छा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे मोह हो गया है,वह उस पर अतिशय विश्वास करने लगा है तो निश्चय कर लेता है कि इसकी वजह से उसका कोई नुक्सान न होने पाए। तब वह अपने फायदे के बजाय उसी के फायदे की बात सोचने लग जाता है।

पांच-बुरा आदमी शराब पीकर और बुरा बन जाता है,अच्छा आदमी शराब पीकर और अच्छा बन जाता है (वैसे तो उसे अपनी औकात पता रहती है,किंतु कभी अतिरेक हो भी गया तो वह अपने शरीर का नुकसान भले कर ले,किसी अन्य का नुकसान कतई नहीं करता।) प्राचीन काल में राज्याधिकारियों की नियुक्ति में आदमी को पहचानने का एक टेस्ट यह भी था (कौटिल्य का अर्थशास्त्र)।

बुरा आदमी संपत्ति पाकर और बुरा बन जाता है,अच्छा आदमी संपत्ति पाकर और अच्छा बन जाता है। बुरा आदमी शिक्षा पाकर और बुरा हो जाता है,अच्छा आदमी शिक्षा पाकर और अच्छा हो जाता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है,वह धर्मध्वज बन जाता है,अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से,दुनियादारी से परे हो जाता है। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर,आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर,अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस,कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है,गुण का उतना नहीं।

# सेवानिवृत्ति पश्चात वेतन वृद्धि का लाभ



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार पहली जुलाई या पहली जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। यही अगला दिन सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन में आता नहीं है और वे स्वयं या पत्नी/ पति पेंशन में आजीवन अपूर्णीय आर्थिक नुकसान उठाते हैं। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती है, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता है।

कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने इस समस्या को समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा,लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। मामला उच्च न्यायालय से होते हुए उच्चतम न्यायालय की दहलीज तक पहुंच चुका है। अदालत ने विभिन निर्णयों में स्पष्ट कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। विषय का अंधेरा पहलू (डार्क साइड) यह है कि एक तो खुशी-खुशी नियोक्ता यह सुविधा सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वयं से दे नहीं रहे हैं और केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) या उच्च न्यायालय का आदेश आने पर उसे सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमेंबाजी में घसीटते हैं। शीर्ष न्यायालय का निर्णय सिद्धांतगत होते हुए भी,उसका लाभ केवल याची को ही देते हैं।

अभी हाल में इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त,नगर निगम मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए नगर निगम के कर्मचारी श्रीपाल को वेतन वृद्धि का लाभ न्यायालय के निर्देश पर नहीं दिया था।

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है। उनकी इस तरह की धारणा और कार्रवाई के तरीके को दृढ़ता से हतोत्साहित और समाप्त किया जाना चाहिए। इससे पहले यह विषय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की कई अन्य याचिकाओं में कार्मिकों के पक्ष में निर्णीत हो चुका है। भारत संघ व अन्य बनाम शिव बालक व अन्य (रिट ए संख्या-14527/2022,निर्णय तिथि 15.12.2022) मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भारत संघ की याचिका को खारिज करते हुए अभिनिर्धारित किया कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पहली जुलाई को देय वेतन वृद्धि के हकदार हैं। इसी तरह का मत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने योगेंद्र सिंह भदोरिया बनाम मध्य प्रदेश राज्य,उड़ीसा हाईकोर्ट ने अरुण कुमार बिस्वाल बनाम उड़ीसा राज्य और गुजरात हाईकोर्ट ने गुजरात राज्य बनाम तखतसिंह सोनगरा मामले में स्थिर किया।

दिल्ली व बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस विषय पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए हैं। उत्तर प्रदेश में इस तरह के मामलों की भरमार है। कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का सिलसिला जारी है। अंततः कानूनी लड़ाई नियोक्ता हार रहा है। फिर भी राज्य सरकार एक आदर्श नियोक्ता के रूप आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप नियम नहीं बना रही है।

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ राज्य ने अगस्त 2023 में ही शासनादेश निर्गतकर सेवानिवृत्त तिथि को वेतनवृद्धि की अहर्ता प्राप्त,लेकिन अगली तिथि को सेवा में न रहने के कारण इससे वंचित कार्मिको को काल्पनिक वेतनवृद्धि (नेशनल इन्क्रीमेंट) की सुविधा प्रदान कर दी है,लेकिन उत्तर प्रदेश का वित्त व विधि विभाग इस विषय पर न्यायालयों के उत्तर की अनदेखी कर अपनों से मुकदमेबाजी में लगा है।

## सोशल फोरम

# हमदर्द बनकर उभरे कैफी



हफीज किदवई
लेखक

वह जब बोलते,तो जिस्म वैसी ही हरकत करता। जिस्म जैसी हरकत करता,दिमाग वैसी ही हलचल करता,दिमाग जो हलचल करता, वह ही लफ्ज बनकर जुबान पर फूटते,यानि एक ऐसी शख्सियत जिसकी कथनी और करनी एक थी, जो वह कहते थे, वह करके दिखाते थे।

ताउम्र सांप्रदायिकता के खिलाफ रहे,तो उसके समर्थन की एक भी गंदी छींट अपने दामन पर नहीं लगने दी। दुनिया ने उन्हें एक शायर माना,वह लोगों के हमदर्द बनकर उभरे। दुनिया ने उनमें रदीफ काफिया को बुनते देखा,तो उन्होंने एक से एक संगठन बुन डाले। इप्टा हो या पीडब्ल्यूए इनके बिना उसका इतिहास मुकम्मल ही नहीं हो सकता। इस सबके बीच अपने परिवार को बेइंतहा मोहब्बत और उनकी हर ख्वाहिश पर जान छिड़क कर एक करने का हुनर उनमें ही था,जो बहुत कम उमरी से कलम थामकर निकला हो और जब मुल्क को जरूरत हो तो अपना सब कुछ झोंककर उसे संवारने में जुट जाए। वह हैं अतहर हुसैन रिजवी यानी कैफी आजमी। मुंबई की शोहरत,आराम और चमक-दमक छोड़ वह मिजवा आ गए। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काट सड़कें, स्कूल, रेलवे, अस्पताल, परिवहन, सबकी व्यवस्था करवाई। जब लड़कियों का स्कूल खोला तो गांव वालों का विरोध भी झेला मगर जीवट आत्मा ने स्कूल खोलकर लड़कियों को पढ़वा कर दिखाया।


आज भी मिजवा की लड़कियां फैशन शो कर रही लंदन में,किसने सोचा था यह भला। शबाना आजमी अपने पिता की इस अजीम विरासत को आसमान तक ऊंचा ले गईं। मुंबई से मिजवा का सफर पढ़ने वाला है और यह देखने का भी की,अगर आपने तय कर लिया है। अपनी मिट्टी की खुशबू को सात समंदर पार ले जाने का तो कोई रोक भी नहीं सकता। कैफी आजमी मेरी जिंदगी में यह एक ऐसी शख्सियत बनकर शामिल हुए,जिन्होंने हमें बर्दाश्त करना सिखाया और सच कहने से पीछे न हटना भी बतलाया। **-फेसबुक वॉल से**

# कठिन दौर से गुजर रही है नैनीताल की झील

एक नजर में देशी-विदेशी सैलानियों का मन मोह लेने वाली नैनीताल की खूबसूरत प्राकृतिक झील के जल स्तर में गर्मियां शुरू होते ही भारी गिरावट आ गई है। नैनी झील का जल स्तर करीब डेढ़ फिट के आसपास पहुंच गया है। जल स्तर में गिरावट का यह सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतिदिन करीब पौन इंच झील के जल स्तर में गिरावट आ रही है। पर्यटक सीजन शुरू होने से पहले झील के जल स्तर में आई और आ रही इस गिरावट से तालाब के किनारों में डेल्टा उभर आए हैं,जो झील के प्राकृतिक सौंदर्य में बदनुमा दाग से दिख रहे हैं। साथ ही नैनीताल नगर की पेयजलापूर्ति और यहां के पर्यटन उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है।

नैनी झील नैनीताल का प्राण है। इस झील की कुदरती बनावट में ही इसकी असल खूबसूरती छिपी है। झील ही यहां के लोगों को रोजी-रोटी, भोजन-पानी,पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है,रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। इस झील से नैनीताल ही नहीं,बल्कि आसपास के गांवों के निवासियों को पीने का पानी और रोजगार मिलता है। नैनीताल का अस्तित्व झील पर ही टिका हुआ है। यहां की हरेक सांस झील के बूते ही चलती है। यहां के जीवन का संपूर्ण तानाबाना झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। बावजूद इसके पिछले तीन-चार दशकों में सबसे अधिक उपेक्षा इसी झील की हुई है।

नैनीताल नगर समेत आसपास के कई गांवों के वाशिंदे पीने के पानी के लिए इसी झील पर आश्रित हैं। यहां की स्थायी आबादी के साथ पर्यटकों की आमद भी साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। इसी अनुपात में पीने के पानी की मांग भी बढ़ रही है। वर्तमान में नैनीताल नगर में 7108 घरेलू और 988 गैर घरेलू,कुल मिलाकर 8096 जल संयोजन हैं। यहां गर्मियों के दिनों में 22 से 25 एमएलडी और जाड़ों के दिनों में करीब 15 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। पानी की संपूर्ण आपूर्ति झील पर निर्भर है। झील के जल स्तर के मद्देनजर उत्तराखंड जल संस्थान ने नगर में सिर्फ आठ एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। जल संस्थान ने पूर्व से चली आ रही चौबीस घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। अब सुबह और शाम को डेढ़ से दो घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। जल संस्थान ने नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए झील के किनारे दस ट्यूबवेल लगाए हैं। एक ट्यूबवेल पंप हाउस और चार ट्यूबवेल सूखाताल में लगे हैं।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं,जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है।

मांग के सापेक्ष एक तिहाई पेयजलापूर्ति के बावजूद नैनी झील का जल स्तर निरंतर घटता जा रहा है। बरसात के मौसम में औसत से कम वर्षा होना और नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में कंक्रीट के जंगल का विस्तार इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। नैनीताल की झील का अधिकांश जल संग्रहण क्षेत्र कंक्रीट के जंगल से पट गया है। बरसात का पानी सोख कर झील को पानी देने के लिए अब खाली जमीन नहीं के बराबर बची हुई है। पहले वाहन चालित सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़क-रास्ते कच्चे थे,ये बरसात का पानी सोखने का काम करते थे। अब नगर के सभी सड़क-रास्ते पक्के बन गए हैं। झील की तलहटी में मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट भर जाने से तालाब के भीतर मौजूद प्राकृतिक जल स्रोत बंद हो गए हैं। झील की जल संग्रहण क्षमता भी घटी है।

एक दौर में नैनीताल में सैकड़ों प्राकृतिक जल स्रोत थे। अब अधिकांश जल स्रोत सूख गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 1950 से पहले नैनीताल में 230 प्राकृतिक जल स्रोत थे। 1994 तक इनकी संख्या घटकर सिर्फ तीस रह गई थी। वर्तमान में नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में बमुश्किल दर्जन भर प्राकृतिक जल स्रोत जिंदा हैं। इनमें से ज्यादातर जल स्रोतों में बरसात के मौसम में ही पानी टपकता है। नैनी झील का सबसे महत्वपूर्ण जल संग्रहण क्षेत्र सूखाताल था। कालांतर में इस क्षेत्र में भी कंक्रीट का जंगल उग आया है। सूखाताल की इस बरसाती झील के बाकी हिस्से को भी आधुनिक युग के योजनाकारों ने सीमेंट से पाट दिया है।

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं,जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है। बरसात में जितना पानी बरसता है,उसका अधिकांश हिस्सा नालों के द्वारा तेज रफ्तार से सीधे तालाब में पहुंचता है। पानी के साथ बहकर आया मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट झील के गर्भ में समा जाता है। झील के भर जाने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती है। इस सबके चलते मानकों के मुताबिक झील के जल स्तर को कायम रख पाना साल-दर-साल मुश्किल होता चला जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही नैनीताल का विशाल ताल,तलैया बन जाता है।

# दिल्ली में चार सीटों पर गुल खिला सकते हैं मुस्लिम मतदाता

राजपुरुष

- उत्तर पूर्व, पूर्वी दिल्ली, चांदनी चौक और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 14 से 21 फीसदी तक
- इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने से वोटों के बिखराव की कोई संभावना नहीं

**21.0%** गिने जाते हैं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता

**16.8%** पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की अनुमानित संख्या



**अमृत विचार।** दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां की सभी सात सीटों पर कमल खिला रही है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रही है। ऐसे में बड़ा सवाल मुस्लिम मतदाताओं का रुख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय था। इससे मुस्लिम वोट बिखर गया था। अबकी बार कांग्रेस-आप के गठबंधन का भाजपा से सीधा मुकाबला है। ऐसे में मुस्लिम मतों के बिखराव की संभावना नहीं है। दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के एकमुश्त वोट भाजपा की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालांकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी धर्मों के गरीब वर्ग को मिल रहा है। पसमांदा मुस्लिमों को सबसे ज्यादा फायदा मिला है। इससे भाजपा के विरुद्ध मुस्लिमों को लेकर किया जाने वाला दुष्प्रचार अब उतना प्रभावी नहीं रहा है। मुस्लिम समाज इस बात से सहमत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे हैं। इसका लाभ भाजपा को चुनाव में अवश्य मिलेगा।

दिल्ली में भाजपा के खिलाफ एकमुश्त मुस्लिम वोट पाने की उम्मीद लगाए बैठा इंडिया गठबंधन की ओर से आप और कांग्रेस दोनों ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने जरूर चांदनी चौक सीट से एकमात्र मुस्लिम प्रत्याशी अब्दुल कलाम आजाद को मैदान में उतार रखा है। दिल्ली में तीन लोकसभा सीटों पर उत्तर पूर्व दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को अहम माना जाता है। उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा करीब 21 फीसदी, पूर्वी दिल्ली में लगभग 17 फीसदी और चांदनी चौक सीट पर 14 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। 2014 के लोकसभा और 2015 के विधानसभा चुनाव से मुस्लिम समुदाय को वोट कांग्रेस से आम आदमी पार्टी की तरफ खिसक गया था। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता ने एक बार फिर कांग्रेस का रुख किया, इसका नतीजा रहा कि कांग्रेस दिल्ली में भले ही लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन वोट फीसदी में उसने आम आदमी पार्टी को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया था।

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता सबसे अधिक 21 फीसदी है, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से इस सीट पर कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सांसद मनोज तिवारी से हैं। इस सीट पर पूर्वांचल के मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं। पूर्वी दिल्ली में 16.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता माने जाते हैं। इस लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी ने कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 फीसदी है।

इस लोकसभा क्षेत्र में आदर्श नगर, शालीमार बाग, शकूरबस्ती, वजीरपुर, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल और बल्लीमारान जैसी विधानसभा सीटें आती हैं, जिन पर मुस्लिम मत निर्णायक माने जाते हैं। चांदनी चौक से इस बार कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल और भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल के बीच मुकाबला है।

### नई दिल्ली में 14, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 10.6 फीसदी

- नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता चांदनी चौक जितने 14 फीसदी गिने जाते हैं। इस लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच चुनावी संघर्ष हो रहा है।
- उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 10 .6 फीसदी गिने जाते हैं, यहां कांग्रेस के उदित राज का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया से हो रहा है।
- इसी तरह दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में सात फीसदी मुस्लिम मतदाताओं का अनुमान लगाया जाता है। इस लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सहीराम पहलवान और भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी के बीच है।
- पश्चिमी दिल्ली में 6 .8 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर इस बार भाजपा ने दक्षिणी दिल्ली के पूर्व मेयर कमलजीत सहरावत को मौका दिया है। पिछली बार 2019 में यहां से भाजपा के प्रवेश वर्मा जीते थे। आम आदमी पार्टी की तरफ से महाबल मिश्रा भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं।

### बुनियादी सुविधाओं का अभाव, सीएए की चर्चा व दंगे की याद

- दिल्ली के अधिकतर मुस्लिम इलाकों में घनी आबादी है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बिजली सप्लाई में सुधार, सड़क, पानी और अतिक्रमण जैसे मुद्दे अहम हैं। इसके अलावा चुनाव से पहले लागु हुआ सीएए जैसा मुद्दा भी है, जिसकी मुस्लिम इलाकों में चर्चा है। इसके साथ ही दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगे की याद भी लोग दिलाते हैं।

# इस बार बहुमत के दरवाजे पर दस्तक

## चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में दलों के दबदबे के साथ स्विंग और कांटे के संघर्ष वाला मिजाज ज्यादा

चौथे चरण का चुनाव

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान के साथ 379 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा, इसी के साथ माना जा रहा है कि बहुमत का दरवाजा भी खुल जाएगा और यह तय होगा कि कौन भीतर प्रवेश करने के लिए तैयार है। शायद यही वजह है कि यह चरण दोनों प्रमुख गठबंधनों एनडीए और इंडिया के लिए आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के लिहाज से कांग्रेस के मुकाबले इस चरण में भी भाजपा की बढ़त तो साफ नजर आती है, लेकिन इस चरण के असली खिलाड़ी क्षेत्रीय दल हैं, जो दोनों गठबंधनों में से किसी के लिए भी बहुमत का दरवाजा खोल सकते हैं या पास फटकने से रोक सकते हैं।

भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए गठबंधन तीन चरणों के चुनाव में 200 से अधिक सीटें जीतने का दावा कर रहा है, तो इंडिया गठबंधन के नेताओं का कहना है कि सभी 543 सीटों के चुनाव के बाद भी भाजपा की इस मर्तबा 200 सीटें नहीं आ रही हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के इन दावों की पड़ताल तो चार जून को चुनाव परिणाम आने पर होगी, पर चौथे चरण के रण की बात करें तो भाजपा ने इस चरण की 96 में से 42 सीटों पर 2019 के चुनाव में जीत हासिल की थी। पार्टी इस बार अपनी जीत का आंकड़ा 60 से ऊपर जाने की उम्मीद लगा रही है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजनीतिक दलों के गढ़ वाली सीटों और स्विंग करने वाली सीटों के परिणाम पर ही सारा दारोमदार टिका है। यही सीटें मुकाबला दिलचस्प बना सकती हैं, क्योंकि इन सीटों में जीत-हार को लेकर फेरबदल होने की संभावनाएं थोड़ी ज्यादा हैं। इस चरण में उन सीटों की संख्या ज्यादा हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। इसके अलावा इस बार पिछली बार से परिस्थितियां भी बदली हुई हैं। आंध्र प्रदेश में कांटे की टक्कर मानी जा रही है, तो तेलंगाना में बीआरएस के बजाय अब कांग्रेस काबिज है। 2019 के चुनाव में भाजपा इस चरण की 96 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 सीटें जीतने में सफल रही थी। भाजपा ने जीत वाली 43 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किए थे। जबकि इन 43 सीटों पर कांग्रेस को 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस चरण में 38 सीटें जीती थीं। हालांकि 2009 में भाजपा के हाथ सिर्फ 10 सीटें ही आयी थीं। इसके मुकाबले कांग्रेस 2019 में 85 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 6 सीटें ही जीत सकी थी। 2014 के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी दयनीय था। पार्टी केवल तीन सीटें ही जीत पायी थी, जबकि 2009 में कांग्रेस ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 50 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराया था। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी भी इन सीटों पर तेजी से आगे बढ़ी है। पार्टी ने 2014 में 9 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में उसने 22 सीटें जीत ली थीं।

### भाजपा –कांग्रेस का यह रहा प्रदर्शन

2009: भाजपा – 10, कांग्रेस – 50

2014: भाजपा – 38, कांग्रेस – 03

2019: भाजपा – 42, कांग्रेस – 06

35% सीटों पर क्षेत्रीय दल खिलाड़ी तो दलों के गढ़ वाली सीटें कम

### 2019 में वोट शेयर

| चुनाव लड़ा | भाजपा 89 सीट | कांग्रेस 85 सीट |
|---|---|---|
| 10% से कम | 31 | 43 |
| 10-20% | 07 | 07 |
| 20-30% | 02 | 06 |
| 30-40% | 06 | 18 |
| 40% से ज्यादा | 43 | 11 |

### पिछली बार लगभग आधी सीटों पर हुआ था जमकर मुकाबला

2019 में चौथे चरण की लगभग आधी सीटों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। कोई भी दल ऐसे नहीं था, जिसने एकतरफा यानी 40 फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता हो। झारखंड की पलामू, महाराष्ट्र की जलगांव और जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर ही ऐसी सीटें थीं, जहां जीत का अंतर 40 फीसदी के आसपास था। भाजपा ने पलामू में 37 .80% और जलगांव में 39 .55% वोटों के अंतर से चुनाव जीता था, जबकि, श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला ने 37 .50% मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

### 32 सीटें पाला बदल या कड़े मुकाबले वाली, किसी भी तरफ झुक सकता फैसला

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में 32 सीटें परिणाम में बड़ा असर डाल सकती हैं। इनमें 21 सीटें ऐसी हैं, जो लगभग हर चुनाव में इधर-उधर होती रहती हैं। इसके अलावा 11 ऐसी सीटे हैं, जिन पर 2019 में जीत-हार का अंतर एक फीसदी से भी कम था। ऐसे में यही 32 लोकसभा सीटें इस चरण में असली खिलाड़ी हैं, जो किसी के साथ भी जाने पर उसका पलड़ा भारी कर सकती हैं।



### 11 सीटों पर एक फीसदी से कम वोटों से हुई थी जीत-हार

- 2019 के लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की 11 सीटों पर एक प्रतिशत से कम वोट के अंतर से जीत-हार का फैसला हुआ था। तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा सीट 0 .7%, श्रीकाकुलम 0 .6% और गुंटूर सीट 0 .4% मतों के अंतर से जीती थी। कांग्रेस ने तेलंगाना की मलकाजगिरी में 0 .7 % और भोंगिर में 0 .4% के अंतर से चुनाव जीता था। इसी तरह विशाखापट्टनम, खूंटी, औरंगाबाद, कोरापुट, जहिराबाद और बर्धमान में भी एक प्रतिशत मतों के अंतर वाला मुकाबला ही सामने आया था।



जीतेंगे जरूर

झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट से उम्मीदवार विजय कुमार हंसदक के नामांकन जुलूस में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मांगा समर्थन।



ये मेरी गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

# झारखंड में अर्जुन मुंडा व गीता कोड़ा की किस्मत का फैसला

(चुनाव डेस्क)

**रांची।** झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो रही है। 13 मई को राज्य की चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में वोट डाले जाएंगे। पलामू अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट है, जबकि बाकी तीन सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। चारों लोकसभा क्षेत्रों में 32.07 लाख महिलाओं सहित 64.37 लाख से अधिक मतदाता हैं। 2019 में भाजपा को राज्य में 11 सीटें मिली थीं, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और जेएमएम को एक-एक सीट मिली थी। इस बार इन चारों सीटों पर होने वाले मतदान से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। यहां चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों में आमने-सामने का मुकाबला नजर आ रहा है।



अर्जुन मुंडा।



गीता कोड़ा।

### खूंटी में 1,445 वोटों से हारी कांग्रेस ले पाएगी बदला

- खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सामने कांग्रेस ने काली चरण मुंडा को मैदान में उतारा है। गरीबी, अफीम की खेती, नक्सलवाद और मानव तस्करी की समस्याओं का सामना करने वाले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा ने 2019 में काली चरण मुंडा को केवल 1,445 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। इस बार काली चरण अपनी हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। अर्जुन मुंडा की जीत के लिए भाजपा ने ताकत झोंक रखी है।

**सिंहभूम में दो दिग्गज महिला नेताओं की जंग:** सिंहभूम में इस बार के चुनाव में दो महिला नेताओं के बीच जमकर मुकाबला हो रहा है। भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा फिर मैदान में हैं, यहां झामुमो की जोबा मांझी उनका मुकाबला कर रही हैं। गीता कोड़ा ने 2019 में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। गीता कोड़ा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गई थीं। जोबा मांझी सिंहभूम के ही मनोहरपुर से लगातार छह बार विधायक चुनी गई हैं। वह बिहार और झारखंड सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

### लोहरदगा में आसान नहीं समीर उरांव की राह

- लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत का मुकाबला भाजपा के समीर उरांव से है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुदर्शन भगत की जगह उरांव पर भरोसा जताया है। इसकी वजह सुदर्शन भगत को 2019 में सिर्फ 10,363 वोटों से मिली जीत रही है। 2018 में ओरांव राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल तीन मई को समाप्त हो गया है। यहां उनका मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है।

### पलामू में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- पलामू में भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से ममता भुइयां यां इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में उनका मुकाबला कर रही हैं। 2019 के चुनाव में विष्णु दयाल राम ने राजद के घूरन राम को 4,77,606 वोटों के अंतर से हराया था। यहां इस बार भी भाजपा की स्थिति बेहतर मानी जा रही है।

# गिरिराज, नित्यानंद व ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

बिहार का चुनावी रण

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार में चौथे चरण में पांच लोकसभा सीटों मुंगेर, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और उजियारपुर में 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में भाजपा के दिग्गज फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और जेडीयू नेता ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। एनडीए के सामने यहां अपनी जीत दोहराने का दबाव है।

**बाहुबली तय कर रहे मुंगेर में जीत-हार की तस्वीर :** मुंगेर लोकसभा सीट से एनडीए की सहयोगी जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह दूसरी बार मैदान में हैं। ललन सिंह ने 2019 के चुनाव में बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को हराया था। आरजेडी ने इस सीट से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को मैदान में उतारा है। लेकिन मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह जेल से बाहर आने के बाद ललन सिंह को खुला समर्थन दे रहे हैं।

**बेगूसराय में गिरिराज को चुनौती देना थोड़ा कठिन :** बेगूसराय लोकसभा सीट पर भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। पिछली बार इस सीट से सीपीआई से कन्हैया कुमार चुनाव लड़े थे, उन्हें गिरिराज सिंह ने चार लाख मतों से हराया था। आरजेडी तीसरे नंबर पर थी। इस सीट पर भूमिहारों का दबदबा है। लोकसभा क्षेत्र में 18% भूमिहार, 14 % मुस्लिम और 10% यादव हैं।



गिरिराज सिंह।



नित्यानंद राय।



ललन सिंह। अमृत विचार

### दरभंगा में जातीय समीकरणों पर टिकी लड़ाई

- दरभंगा लोकसभा सीट पर 15 सालों से भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने इस बार इस सीट से मौजूदा सांसद गोपाल जी ठाकुर को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की तरफ से आरजेडी ने ललित कुमार यादव पर दांव लगाया है। वह दरभंगा ग्रामीण से छह बार विधायक चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में गोपाल जी ठाकुर ने आरजेडी के अब्दुल बारी सिद्दीकी को बड़े अंतर से हराया था। इस बार यहां जातीय समीकरण की लड़ाई है।

### समस्तीपुर में मंत्रियों के बेटे और बेटी में टक्कर

- समस्तीपुर लोकसभा सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी बीते दो चुनाव से जीत रही है। इस बार लोजपा टूट गई है। 2019 में लोजपा के रामचंद्र पासवान की जीत हुई थी। एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने शांभवी चौधरी को यहां से उतारा है। शांभवी चौधरी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने सन्नी हजारी को मौका दिया है। सन्नी हजारी जेडीयू मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह यहां नितीश के दो मंत्रियों के पुत्र-पुत्रियों में टक्कर है।

### उजियारपुर में राय के लिए अमित शाह बना गए माहौल

- भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। वह उन्हें जीत की हैट्रिक की चुनौती दे रहे हैं। साल 2009 में सीट अस्तित्व में आने के बाद से इस सीट पर एनडीए का कब्जा है। गृह मंत्री अमित शाह मतदाताओं से नित्यानंद राय को 'महत्वपूर्ण पद' देने की बात कहकर माहौल बना गए हैं। 2019 में नित्यानंद राय ने रालोसपा नेता उपेंद्र कुशवाहा को 2 .71 लाख मतों से हराया था।

इलेक्शन बायस्कोप



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को बलिया में आयोजित जनसभा में आम जनमानस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में त्रिशूल भेंट किया। -अमृत विचार

## श्रावस्ती में मायावती की जनसभा आज

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान के क्रम में शनिवार को बसपा प्रमुख मायावती श्रावस्ती जिले चुनावी जनसभा संबोधित करेंगी। यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत मायावती की जनसभा श्रावस्ती में चायना मंदिर के निकट पर्यटन मैदान में आयोजित होगी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में बसपा, बिना किसी गठबंधन का हिस्सा बने अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ा रही है। प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान की बागडोर सुप्रीमो मायावती स्वयं संभाले हुए हैं।

# फैजाबाद : भाजपा के लिए अनुकूल हैं परिस्थितियां

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन ने चुनाव को बना दिया रोचक

इंदु भूषण पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार** : अयोध्या के नाते हमेशा ही भाजपा की नाक का सवाल बन जाने वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर इस बार बसपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का भी चुनाव मैदान में होना निर्णायक फैक्टर बनने जा रहा है। ऐसे में पिछले दो लोकसभा चुनाव में लगभग 48 प्रतिशत वोट पाने वाले भाजपा सांसद लल्लू सिंह बाकी उम्मीदवारों के लिए बड़ी चुनौती हैं। तो वहीं विपक्षी दलों ने जो बिसात बिछाई है, वह भाजपा प्रत्याशी को प्रत्यक्ष रूप से राहत दे रही है।

बीते दो लोकसभा चुनाव को देखें तो फैजाबाद संसदीय सीट पर जो भी परिस्थिति रही हो, दोनों बार भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को 48 प्रतिशत से अधिक ही वोट मिले। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले कोई गठबंधन नहीं था तो भाजपा के लल्लू सिंह को 4,91,761 कुल 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं सपा के मित्रसेन यादव को 2,08,986 कुल 20.43 प्रतिशत और बसपा के जीतेन्द्र सिंह बबलू को 1,41,827 कुल 13.86 प्रतिशत और कांग्रेस के निर्मल खत्री को 1,29,917 कुल 12.70 प्रतिशत वोट मिले थे।




वहीं बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हो गया और सपा से यहां आनंद सेन यादव प्रत्याशी रहे। गठबंधन के नाते उनके खाते में सपा-बसपा के वोटों का ध्रुवीकरण हुआ ही। इसका असर यह भी रहा कि कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को पहले मिलने वाले मुस्लिम वोट भी छिटक कर गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव के खाते में चले गए और कांग्रेस के निर्मल खत्री मात्र 53,386 अर्थात 4.91 प्रतिशत वोट में सिमट गए। इस तरह से सपा प्रत्याशी आनंद सेन यादव को 4,63,544 (42.63) प्रतिशत वोट हासिल हुए लेकिन भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह जिन्हें 2014 के चुनाव में 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वह 2019 के चुनाव में 48.66 प्रतिशत वोट फिर विजयी हुए। इस तरह से देखा जाए तो गठबंधन होने और मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के बावजूद लल्लू सिंह के वोट प्रभाव पर कहीं से भी कोई असर नहीं पड़ा।

### सपा-बसपा का था गठबंधन

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपने मौजूदा सांसद को ही भाजपा ने फिर मैदान में उतारा है। वहीं इस चुनाव में विभिन्न दलों से प्रत्याशियों की जो बिसात बिछी है वह प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा और लल्लू सिंह के लिए राहत देने वाली है। जाहिर है कि 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन था तो उसे 42.63 प्रतिशत वोट मिला था, तो अबकी बार सपा और बसपा दोनों अलग अलग मैदान में हैं। सीधे तौर पर देखा जाए तो इस बार बसपा जो भी वोट पायेगी वह पिछले चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव को मिले वोट का ही हिस्सा होगा। बसपा कितना वोट पाती है यह देखना बाकी रहेगा लेकिन उन वोटों की हिस्सेदारी सपा के वोट बैंक से ही होगी।

### 2019 : प्रत्याशियों का मत प्रतिशत





### मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र सेन परिवार का गढ़

वहीं इस बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी चुनाव मैदान में है। उसने स्वर्गीय मित्रसेन यादव के बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव को प्रत्याशी बनाया है। फैजाबाद संसदीय सीट की मिल्कीपुर विधानसभा ऐसी है जो सेन परिवार का गढ़ रही है। सुरक्षित सीट हो जाने के नाते मौजूदा समय अवधेश प्रसाद यहां से सपा विधायक हैं। वरना इस सीट पर बहुतायत सेन परिवार का ही कब्जा रहा है। इस सीट से मित्रसेन यादव सहित उस परिवार में लगभग नौ बार विजय हासिल की है। अब इस लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए सबसे कठिन चुनौती उनकी खुद ही विधानसभा मिल्कीपुर में खड़ी हो गई है।

### सपा के लिए होगी मुश्किल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन यादव का प्रभाव मिल्कीपुर विधानसभा के साथ साथ पड़ोस की बीकापुर और रुदौली विधानसभा में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन के सगे भाई पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव हालांकि सपा में ही हैं, लेकिन इस बार उनका टिकट कटना भी सपा को काठ साबित हो रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इस चुनाव में जो भी वोट पायेगी वह सपा के लिए ही मुश्किल साबित होगा। कुल मिलाकर फैजाबाद संसदीय सीट पर पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव की चौसर बिल्कुल भिन्न है। जिसमें बाकी सभी प्रत्याशियों के लिए चुनौती होगी कि वह भाजपा के आधार माने जा रहे लगभग 48 प्रतिशत वोट को पार कर पाए।

### अपनी ढपली अपना राग



देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुन रही है। -योगी आदित्यनाथ



कुछ लोग सुबह उठते हैं और सत्ता पाने के लिए जुट जाते हैं। मैं सत्ता के बीच में पैदा हुआ हूं इसलिए लोगों के लिए काम करना चाहता हूं। सत्ता का लोभ मुझे नहीं हैं। - राहुल गांधी



भाजपा गलतफहमी दूर कर ले, राहुल और अखिलेश दो लड़कों के रूप में नहीं जनता के दो महानायकों के रूप में पहचान बन गये हैं। जल्द ही यह सामने होगा। -प्रमोद तिवारी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 हटाई गई। अबकी बार पाक अधिकृत कश्मीर में भारत का तिरंगा लहराएगा। -केशव मौर्य

# पुत्रों के पदार्पण में दो महारथियों ने गंवाई कुर्सी, अब रणनीतिक भूमिका में

## पुत्र के प्रेम में गई थी आनंद सिंह की कुर्सी

## ब्रजभूषण को भी पुत्र के लिए छोड़नी पड़ी सीट

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** राजनीति में कभी भी और कुछ भी संभव है। कहीं भगवा प्रेम तो कहीं दबदबे का दांव भारी पड़ गया। दोनों राजनीतिक महारथियों को पुत्र के प्रेम में अपनी कुर्सी दांव पर लगानी पड़ी। अब दोनों राजनीतिक महारथी सिर्फ रणनीतिक भूमिका तक सीमित रह गए हैं। एक ने अपने उम्र का पड़ाव पार कर लिया है तो दूसरे को उम्र का पड़ाव पार करने का मौका तक नहीं दिया गया। यह टीस दोनों के अंदर है, लेकिन राजनीति और प्रेम में सबकुछ जायज है वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है।

गोंडा और कैसरगंज लोकसभा में यह परिदृश्य घट चुका है। चुनावी लड़ाई में जीत हार अलग है लेकिन ये दिग्गज बिना लड़े ही मैदान छोड़ने पर विवश हो गए हैं। जी हां! कैसरगंज के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो गए। अपने दबदबे के बलबूते राजनीति को धार देने वाले सांसद को इस बार उस समय मायूस होना पड़ा जब वह कैसरगंज में छह माह तक लगातार प्रचार प्रसार कर चुनाव लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता जता रहे थे। अंत तक वह चुनाव लड़ने की बात पर अड़े रह गए लेकिन पार्टी ने ऐन वक्त पर लड़ने से मना कर दिया और उनके बेटे करण भूषण को मैदान में उतार दिया। छह बार के सांसद रहे बृजभूषण शरण सिंह हाथ मलते रहे और बेटे की खातिर हां कहकर पार्टी के निर्णय को गले लगाना पड़ा। भारतीय कुश्ती संघ की कुर्सी पहले ही जा चुकी है। अब उनके पास चुनाव तक सांसद का पोर्टफोलियो है। एक टीवी के साक्षात्कार में उन्होंने स्वीकार किया कि उनके ऊपर आरोप लगाने वाले कामयाब रहे और अब उनके पास कोई पद नहीं बचा है। वह भावुक भी हुए और रणनीतिक लड़ाई में अपनी हार स्वीकार कर ली। लेकिन दूसरे दिन ही बेटा भी कहीं कूटनीति का शिकार न हो जाए, बेटे के लिए मैदान में कूद गए। हर कीमत पर बेटे के हाथ कुर्सी सौंपने की उनकी उत्कंठा दिखाई पड़ी।



दूसरी सीट गोंडा लोकसभा की है। इसकी कहानी और दिलचस्प है। 1971 से लेकर 1989 तक चार बार सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह को बेटे के कारण अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी।

2009 में पिता आनंद सिंह सपा में थे, लेकिन आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह बसपा से चुनाव हार गए और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। लेकिन आनंद सिंह सपा से डगमग नहीं हुए। 2012 के चुनाव में वह गौरा से जीतकर विधायक बने। इसके बाद मुलायम सिंह की सरकार में कृषि मंत्री बने। वह दो साल तक मंत्री रहे। 2009 में पराजय देख चुके कीर्तिवर्धन सिंह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए और उन्हें भाजपा ने टिकट देकर मैदान में उतार दिया। इससे नाराज सपा मुखिया ने आनंद सिंह को मंत्री की कुर्सी से उतार दिया। मंत्री पद जाने से परिवार में भी अंदरूनी कसक दिखी। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए और वह भाजपा के कार्यों में जुट गए लेकिन पिता आनंद सिंह सपा में रहे और आज तक उन्होंने भाजपा की ओर रुख नहीं किया। वह कांग्रेस से चार बार सांसद रहे और सपा से विधायक व मंत्री रहे लेकिन भाजपा के राजनीतिक विरोधी जीवन भर रहे और आज भी भाजपा के किसी कार्यक्रम में नहीं जाते हैं।

### रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमटी

पुत्र के प्रेम में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को भी अपनी कुर्सी को दांव पर लगानी पड़ी है। अब वह भी अपने पुत्र के राजतिलक को लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। राजा आनंद सिंह की उम्र करीब 90 वर्ष है तो बृजभूषण शरण सिंह की उम्र 66-67 साल है। बृजभूषण शारीरिक व मानसिक दोनों स्तर पर फिट हैं और एक युवा से अधिक मेहनत करते दिखते हैं। दोनों की रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमट गई है। हो सकता है आने वाले समय में बृजभूषण सिंह को कोई नया पोर्टफोलिया मिले या वह राज्यसभा के लिए प्रयास करें लेकिन मौजूदा स्थिति यही है।



बृजभूषण शरण सिंह



आनंद सिंह



करण भूषण सिंह



कीर्तिवर्धन सिंह

### दोनों नेता बदल चुके हैं दल

कुर्सी प्रेम में राजनीतिक रसूख रखने वाले दोनों नेता दलबदल कर चुके हैं। जहां से मौका मिला उसी के हो लिए। आनंद सिंह चार बार कांग्रेस से सांसद रहे और सपा से एक बार विधायक। इसी तरह कीर्तिवर्धन सिंह सपा से दो बार सांसद बने तथा दो बार भाजपा से। एक बार बसपा से भी चुनाव लड़े लेकिन जीत नहीं सके। सांसद बृजभूषण शरण सिंह 1991 से 2019 तक छह बार सांसद रहे। दो बार गोंडा सीट से, एक बार बलरामपुर सीट से भाजपा से सांसद बने। 2009 में भाजपा छोड़ सपा का दामन थामा और कैसरगंज से सांसद बने। इसके बाद 2014 में भाजपा में वापस आए।

### कैसरगंज में कटरा तो गोंडा में मनकापुर ने पहनाई है माला

कांग्रेस के हासिए पर जाने के बाद क्षेत्रीय दलों में भाजपा को हमेशा सपा से ही टक्कर मिली है। कैसरगंज की पांच विधानसभा क्षेत्रों में बृजभूषण शरण सिंह कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र से कभी नहीं हारे। कटरा बाजार ने हमेशा उनके मिलने वाले वोट को बैलेंस से अधिक दिया। तीन चुनाव कैसरगंज से लड़ चुके हैं परंतु बृजभूषण शरण सिंह को कटरा से हमेशा जीत मिली है, जबकि बृजभूषण क्षत्रिय हैं और कटरा बाजार ब्राह्मण बाहुल्य है। यहां करीब सवा लाख ब्राह्मण मतदाता हैं और निर्णायक की भूमिका में रहते हैं। इसी तरह गोंडा लोकसभा में पांच विधानसभा क्षेत्रों में राजघराना मनकापुर से कभी नहीं हारा। यहां तक कि 1991 में रामजन्मभूमि आंदोलन के बाद हुए चुनाव में आनंद सिंह लोकसभा सीट हार गए थे लेकिन मनकापुर विधानसभा क्षेत्र से वह विजई रहे। यह सिलसिला आज तक जारी है। अन्य विधानसभा में वह हमेशा बैलेंस या पीछे हुए लेकिन मनकापुर में उनका कद कभी नहीं घटा।

# राजा भैया के गढ़ में गरजेंगे शाह

- कुण्डा के हीरागंज स्थित मां नायर देवी धाम में कल होगी जनसभा

संवाददाता, प्रतापगढ़/कुण्डा

**अमृत विचार** : कौशाम्बी और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी पारा चढ़ गया है। 12 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा हीरागंज के मां नायर देवी धाम परिसर में होगी।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व सांसद विनोद सोनकर के समर्थन के लिए दिल्ली सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने भी यहां जनसभा को संबोधित किया था। मां नायर देवी धाम कुंडा तहसील क्षेत्र के लिए एक सिद्धपीठ धाम है। इसलिए यहां पर होने वाली जनसभा का अलग ही महत्व रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव जनसभा की तैयारियां अंतिम चरण में है।

### राजा भैया को लेकर संशय

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को लेकर संशय बना हुआ है। आमजनों में हरकोई यह जानने को आतुर है कि राजा भैया 12 मई को गृहमंत्री अमित शाह के मंच पर दिखेंगे की नहीं। बेंगलूरु में अमित शाह और राजा भैया की मुलाकात के बाद लोग यह अनुमान लगा रहे हैं।

## चुनावी चक्कर

- **मोदी के हमशक्ल भी बजा रहे जीत का डमरू:**

एक शख्स हैं अभिनंदन पाठक, इनकी सूरत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तनिक मिलती-जुलती है। इन दिनों वह वाराणसी में ही रह कर मोदी के चुनावी प्रचार में जुटे हैं। दरअसल, पीएम के हमशक्ल होने के साथ-साथ वह राष्ट्रीय नमो दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है और वाराणसी में डमरू बजकर लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वैसे तो पाठक जी देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिरूप धारण करके भ्रमण करते रहते हैं। लेकिन फिलहाल चुनाव संपन्न होने तक वह वाराणसी में ही रहेंगे। अभिनंदन पाठक का कहना है कि पीएम के अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे से पहले वह उनकी जीत का डमरू से वादन करने वह काशी आए हैं। इस दौरान वह डमरू बजाकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए भी कह रहे हैं। स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए अभिनंदन कहते हैं कि 2014 में भी मैं वाराणसी में मोदी जी का प्रचार-प्रसार करने आया था, उन्हें जीत मिली। 2019 में भी वह यहां से सांसद और देश के प्रधानमंत्री बने और एक बार फिर से 2024 में उन्हें जीत दिलाने के लिए उनके प्रचार-प्रसार के लिए वाराणसी आया हूं। नरेंद्र मोदी इस बार भी वाराणसी से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे और तीसरी बार प्रधानमंत्री बन देश की सेवा करेंगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम विश्व पटल पर चमक रहा है।

## मिर्जापुर का भी प्रत्याशी बदल सकती है सपा

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी मिर्जापुर सीट से प्रत्याशी एनडीए उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मुश्किलें बढ़ाने जा रही है। भाजपा की सहयोगी अपना दल एस प्रमुख अनुप्रिया पटेल के मुकाबले भाजपा के ही मौजूदा सांसद सपा के टिकट पर मैदान में आ सकते हैं। फिलहाल सपा ने मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद को टिकट दिया है। लेकिन बदली स्थितियों में अब उनकी जगह भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को उतारने की तैयारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव कर रहे हैं। मिर्जापुर में अंतिम चरण में एक जून को मतदान है। जबकि नामांकन की प्रक्रिया 14 मई तक यहां चलेगी। दरअसल, भदोही से भाजपा ने इस बार सांसद रमेश बिंद का टिकट काटकर निषाद पार्टी के विनोद बिंद को प्रत्याशी बना दिया है। टिकट कटने के बाद से ही रमेश बिंद के बगावत करने की चर्चाएं चल रही थीं। इस बीच मिर्जापुर के सपा प्रत्याशी ने रमेश बिंद पर टिकट कटवाने का आरोप भी वीडियो जारी कर लगाया है।

# भाजपा, सपा को ध्रुवीकरण, बसपा को कैडर व मुस्लिम वोटों की आस

## श्रावस्ती के रण में बिछ गई राजनीतिक बिसात

## भाजपा से साकेत व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि आमने-सामने

## 16 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करेंगे चुनावी जनसभा

लाल जी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार:** ज्यों-ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आ रही श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र का चुनावी रण दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा तथा सपा ध्रुवीकरण के जरिए तथा बसपा परंपरागत और मुस्लिम मतदाताओं के भरोसे चुनावी बैतरणी पार करने की कोशिश कर रही है। अब देखना यह है कि मतदाता किसे मौका देते हैं।

बताते चले की श्रावस्ती की धरती कांग्रेस और जनसंघ का गढ़ रही है। 90 के दशक के बाद इस धरती पर सपा और बसपा का जनाधार भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2009 में बलरामपुर संसदीय सीट क्षेत्र का अस्तित्व खत्म होने के बाद श्रावस्ती के नाम से नया संसदीय क्षेत्र बना। श्रावस्ती की जनता ने पहली बार कांग्रेस पार्टी को मौका देते हुए डॉक्टर विनय कुमार पांडे को लोकसभा पहुंचाया। वर्ष 2014 में समीकरण बदला और भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के बाहुबली नेता अतीक अहमद को हराकर इस सीट पर कब्जा कर लिया। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी को मात देते हुए यह सीट बसपा की झोली में डाल दी। वर्ष 2024 का चुनाव में सब कुछ बदला नजर आ रहा है। जिस सीट पर बसपा ने परचम लहराया था अब इस सीट पर वह अपनी विरासत बचाने के लिए संघर्ष करती हुई दिख रही है। भाजपा के साकेत मिश्रा और इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा आमने-सामने हैं। बसपा इस बार इस सीट से हाजी दद्दन खान को उतार कर मुस्लिम मतों को एक बार फिर अपने पाले में करने की कोशिश करती नजर आ रही है। हाजी दद्दन खान का दावा है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी स्थानीय ना होकर बाहरी हैं तो यहां की जनता स्थानीय होने के नाते उन्हें मौका देगी। वहीं सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को मुस्लिम यादव और कुर्मी वोटों के एकजुट होने की पूरी आस है। इसी के सहारे चुनावी बाजी मारने की एक बार फिर फिराक में हैं। अब देखना यह है कि उनका यह गणित दोबारा सफल होगा या पिछले 5 साल के उनके कार्यों को देखते हुए जनता उन्हें सबक सिखाएगी। वहीं भाजपा के साकेत मिश्रा पार्टी के परंपरागत मतों के साथ-साथ अनुसूचित वर्ग के मतदाताओं को भी साधने में जुटे हुए हैं।



स्टार प्रचारकों की बात करें तो अभी तक जिले में भाजपा के ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी जनसभा कर चुके हैं। सपा तथा बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक अभी तक जिले में नहीं आया है। भाजपा के पक्ष में आगामी 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनावी जनसभा करेंगे। चुनावी माहौल यह है कि जनसभा और डोर टू डोर कंपेन को छोड़कर कहीं कुछ नहीं दिख रहा है। मतदाता चुप्पी साधे हुए है। गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।



साकेत मिश्रा



राम शिरोमणि वर्मा



हाजी दद्दन खान


### चुनावी माहौल

- अभी तक जिले में नहीं आया सपा व बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक
- गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की हो रही है चर्चाएं

### गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में भी कांटे का मुकाबला

गैंसड़ी विधानसभा के उपचुनाव में भी सपा के राकेश यादव के समक्ष सीट बचाने की चुनौती है तो वहीं विधानसभा चुनाव में मामूली मतों से हारने वाले भाजपा के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू इस बार कोई चूक नहीं करना चाह रहे हैं। बसपा ने यहां से इस बार नए युवा चेहरे मोहम्मद हारिश खान को मैदान में उतारा है। विदित हो कि यह सीट जिले में सपा के संस्थापक रहे विधायक डॉक्टर एसपी यादव के निधन के बाद खाली हुई है। पार्टी ने इस सीट से उनके बेटे राकेश यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। राकेश क्षेत्र में सहानुभूति की साइकिल चलाकर इस सीट पर फिर से कब्जा करने की फिराक में है। यहां पर भी सपा मुस्लिम, यादव व कुर्मी मतों को एकजुट करने में लगी है। वहीं भाजपा के शैलेश कुमार सिंह शैलू पिछली गलतियों से सबक लेकर इस बार क्षेत्र में हर हाल में जीत का परचम लहराने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं बसपा के मोहम्मद हारिश खान पार्टी के परम्परागत वोटो के साथ-साथ मुस्लिम मतों को भी अपने पाले में करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### गैंसड़ी विधानसभा में मतदाता






शैलश सिंह शैलू




राकेश यादव



मो .हारिश खान

### श्रावस्ती लोकसभा में मतदाता



## एक नजर

### पंकज चौधरी के पीएसओ की हार्टअटैक से मौत

**अमृत विचार :** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ नामांकन करने के लिए गए उनके पीएसओ बादशाह सिंह का दिल का दौरा पड़ गया। इस दौरान उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पंकज चौधरी भी मौजूद थे। देवरिया के अहिरौली बघेल के रहने वाले मृतक बादशाह सिंह के उम्र 50 वर्ष की बताई जा रही है। वह उप्र. पुलिस में कांस्टेबल थे।

### डीजी जेल से मिले डीजीपी प्रशांत कुमार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार शुक्रवार को कारागार मुख्यालय पहुंचे। पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रामाशाष्त्री की ओर से डीजीपी को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। जेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डीजीपी का स्वागत किया गया। इस दौरान डीजीपी ने पुलिस और जेल विभाग के बीच बेहतर तालमेल, तकनीकी सुधार और बेहतर संकट प्रबंधन के लिए मजबूत रणनीति विकसित करने पर चर्चा की।

# सच सामने आएगा तो बदल जाएगी देश की स्थिति

## राहुल गांधी का आरोप, सच छुपाने के लिए भाजपा एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना नहीं करा रही है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वंचित वर्ग की जनगणना के बाद सच्चाई सामने आ आएगी, ऐसा होने पर देश की स्थिति बदल जाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना नहीं करा रही है ताकि सच्चाई सामने न आ सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए उनकी रणनीति भाई-भाई को लड़ाने की है। उनकी रूचि सत्ता पाने की है, पर राहुल की इसमें कतई रूचि नहीं है, क्योंकि वह सत्ता के बीच ही पैदा हुए हैं। वह सत्ता का इस्तेमाल औजार की तरह करना चाहते हैं ताकि 90 फीसदी आबादी को उनका हक मिल सके।


इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्मेलन में राहुल गांधी को प्यार करती बच्ची।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना से एससी, एसटी व ओबीसी को नुकसान हुआ है, क्योंकि सेना में इसी वर्ग के लोग पहुंच रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ी कंपनी हो, न्यायपालिका हो, मीडिया या सरकारी सेवाएं हों, हर क्षेत्रों में केवल 10 प्रतिशत आबादी का कब्जा है। आरक्षित वर्ग के लोगों को उनकी भागीदारी नहीं मिल पा रही है।

**सरकारी संस्थाओं के निजीकरण प्रक्रिया पर लगेगी रोक :** राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रेलवे समेत जिन संस्थाओं की निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस संस्थाओं का निजीकरण हो चुका है, उसका दोबारा राष्ट्रीकरण किया जाना मुश्किल होगा।

### राहुल 'मामा' ने दुलारा, बच्ची ने मांगी थी उनके लिए दुआ

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन में मंच पर एक बच्ची को राहुल गांधी ने दुलार किया। उन्होंने बच्ची से बातचीत की। बच्ची की ओर से दिये गये संदेश को भी पढ़ा। राहुल ने बच्ची के जन्म दिन पर उसके आवास पर आने का भरोसा दिया। शाम को जैसे ही राहुल गांधी मंच पर पहुंचे तो दर्शक दीर्घा में बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता व सम्मेलन में शामिल होने आये लोग जिन्दाबाद के नारे लगाने लगे। इसी बीच, एक बच्ची मंच पर पहुंच गई तो राहुल ने उत्साह के साथ बच्ची को प्यार किया। कुछ देर बच्ची को बगल में रखा, तो बच्ची ने उन्हें 'किस' भी किया। बच्ची जैनब अली कांग्रेस कार्यकर्ता जहांआरा की बेटी है।

### अपेक्षाओं क अनुरूप अभी तक नहीं मिल सका न्याय

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान डॉ भीमराव आंबेडकर ने लिखा, जिससे लोगों को आरक्षण मिल पाया, हालांकि, इससे पहली भी इन वर्गों को न्याय दिलाने की वाले लोग रहे हैं। पेरियार, ज्योतिबा फुले, बुद्ध आदि ने यह बात स्वीकार की जो हमने सच देखा हैं हम उस पर कायम रहेंगे और समाज का उद्धार करेंगे। महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू आदि नेताओं ने भी इन वर्गों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान सत्ता, हुनर, सम्पत्ति आदि के स्थानांतरण का डाक्यूमेंट है। हजारों सालों से वंचित वर्गों के जन्म के पहले से उनका भविष्य तय कर दिया जाता था। उनके पहले से निर्धारित थे, पर संविधान ने इन वर्गों के न्याय दिलाया है। हालांकि, अभी तक अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें सामाजिक न्याय नहीं मिल सका है।


परशदेपुर में जनसभा में महिलाओं से मिलती प्रियंका गांधी। अमृत विचार

### अमीर मित्रों के लिए काम करते हैं मोदी : प्रियंका

**अमृत विचार , रायबरेली :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को सलोन क्षेत्र में हुई जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर हमलावर दिखीं। उन्होंने कहा कि महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के बजाय पाकिस्तान और आतंकवाद की बात करने से किसी का पेट नहीं भरेगा। विकास की बात करने से नरेंद्र मोदी भाग रहे हैं। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के समर्थन में सूची, पारी, मटका, कमालगंज और सलोन नगर में जनसभाएं कीं। इनमें उन्होंने कहा कि देश में इस समय मुख्य समस्या बेरोजगारी और महंगाई है। सत्तर करोड़ युवा बेरोजगार हैं। तीस लाख पद खाली पड़े हैं। महिलाओं की सुरक्षा किसानों की बड़ी-बड़ी समस्याएं हैं। इन मुद्दों से देश का ध्यान भटकाकर भाजपा गुमराह कर रही है। प्रियंका ने कहा कि अगर जमीनी मुद्दे और बेरोजगारी जीएसटी, महंगाई, शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था की बातों को लेकर चुनाव मैदान में उतर जाएं तो किसी भी हालात में पीएम मोदी नही जीतेंगे।

# मोदी ने पाकिस्तान को रास्ते पर ला दिया

## बहराइच में बोले योगी, देश से खत्म हो रहा आतंकवाद व नक्सलवाद

महसी, बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को महसी तहसील के रमपुरवा बाग में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि देश में पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देने आता है। उसे डर है कि कहीं भारत की सेना एयर स्ट्राइक न कर दे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान को पूरी तरह से अपने रास्ते पर ला दिया है।

योगी ने सपा और कांग्रेस की सरकारों से तुलना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में देश से आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हो रहा है। अब देश विकास के रास्ते पर चल रहा है। इसे हम और हमारी आने वाली पीढ़ी भी देखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को जिस पार्टी की सरकार में विकास हो रहा है, उसको बार-बार अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास को बढ़ावा देने वाली, भ्रष्टाचार को खत्म करने वाले और आतंकवाद पर अंकुश करने वाले पार्टी को ही जीत दिलानी चाहिए। सभा में सांसद अक्षयवर लाल गोंड, विधायक, जिला प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, हरिश्चंद्र गुप्ता, अरुणेंद्र सिंह अंकित भी मौजूद रहे।


बहराइच के रमपुरवा बाग में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# कांग्रेस का खानदानी सीट, सपा को जोर पति-पत्नी को जिताने पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार:** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में सपा और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल परिवार की सीट और पति, पत्नी को जिताने के लिए ही चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस खानदानी सीट के लिए और सपा पति-पत्नी को चुनाव जिताने के लिए पूरा जोर लगाए है।

प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा में तेजस्वी ने दावा किया कि दक्षिण से उत्तर और पूर्व से पश्चिम तक पूरे देश में मोदी व भाजपा के पक्ष में लहर है। कांग्रेस चुनाव मैदान छोड़कर भाग चुकी है। मैदान छोड़ने का कल्चर राहुल गांधी से ही शुरू हुआ है। उनके प्रत्याशी भी मैदान छोड़ रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी से भाग कर रायबरेली से चुनाव लड़ कर रहे हैं। कन्नौज हो या मैनपुरी पति-पत्नी ( अखिलेश व डिंपल ) लखनऊ में ही रहेंगे, दिल्ली नहीं जाने वाले हैं। सूर्या ने दावा किया कि जनता रायबरेली, कन्नौज, मैनपुरी सहित सभी सीटों पर सपा-कांग्रेस को हराकर घर बैठाने का काम करेगी। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है और जनता के आशीर्वाद से मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।


भाजायुमो अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या

**▶▶ भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस और सपा पर बोला हमला**

# एनएचएम कर्मियों को भी मिल सकता है बीमा अस्पतालों में मुफ्त इलाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ ईएसआई के क्षेत्रीय निदेशक ने दिया आश्वासन**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत सवा लाख संविदा कार्मिकों को केन्द्रीय राज्य बीमा निगम के अस्पतालों की सुविधा मिलेगी। ईएचआई के रीजनल डायरेक्टर संजीव मिश्रा ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही एनएचएम को इस संबंध में पत्र भेजा जायेगा।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि ईएचआई कार्यालय में एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को रीजनल डायरेक्टर से मुलाकात कर सभी कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही विभाग में संविदा कर्मचारियों की स्थिति से अवगत कराया। जिसके बाद क्षेत्रीय निदेशक ने सभी कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधा से आच्छादित करने के लिए एनएचएम को पत्र भेजने का आश्वासन दिया है।

मालूम हो कि संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को ईएसआई में पंजीकृत किया जाता है।

उनके वेतन से अत्यंत मामूली 0.75 प्रतिशत वेतन से कटौती कर मुफ्त इलाज की सुविधा ईएचआई हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई जाती है। इलाज में राशि की कोई सीमा नहीं होती है। साथ यदि किसी कार्मिक के साथ दुर्घटना होती है तो नौकरी न कर पाने की दशा में 70 फीसदी वेतन का पेंशन मिलता है तथा मृत्यु होने की दशा में वर्तमान वेतन 90 प्रतिशत पेंशन परिवार को दी जाती है। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अनिल गुप्ता, संदीप तिवारी शामिल रहे।

## सर्तकता

### गैंग के दो सदस्य गोरखपुर से जुड़े होने से एसटीएफ ने बढ़ाई सक्रियता

# मनीष के जरिये पुलिस तलाशेगी बिश्नोई गैंग की जड़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ गुरुवार को गोरखपुर से पकड़ा गया था गैंग का सदस्य मनीष यादव**

**अमृत विचार :** लारेंस बिश्नोई गैंग की जड़ें उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में भी गहरी होने के पुलिस को संकेत मिल रहे हैं। गुरुवार को गैंग के एक सदस्य मनीष को एसटीएफ ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया। इसके पहले हरियाणा के अंबाला में व्यवसायी पर हमले के लिए हथियार सप्लाई करने आरोपी भी गोरखपुर का निवासी ही निकला था।

एसटीएफ ने बिश्नोई गैंग के मनीष यादव को गुरुवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ कर पुलिस में सक्रिय गैंग के सदस्यों की जानकारी जुटाएगी। पुलिस को गैंस के सदस्य उप्र. में सक्रिय होने का अनुमान है। हरियाणा एसटीएफ और उप्र. एसटीएफ ने गोरखपुर में मनीष को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ अफसरों ने बताया कि इसी गैंग का सदस्य शशांक पांडेय अंबाला जेल में बंद है। वह भी गोरखपुर का ही निवासी है। अप्रैल 2023 में अंबाला शहर में मखन सिंह लबाना से बिश्नोई के चचेरे भाई व गैंग के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने 50 लाख की रंगदारी की मांग की थी। रंगदारी न देने पर मखन के घर पर फायरिंग की गई थी।

आरोप है कि हरियाणा के विक्की लाला, शशांक पांडेय और मनीष यादव ने फायरिंग में इस्तेमाल पिस्टल की सप्लाई बिश्नोई गैंग को की थी। गोरखपुर से मनीष और शशांक का नाम सामने आने के बाद एसटीएफ ने जांच तेज कर दी है।

# विनय त्यागी की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ गाजियाबाद में हुई मुठभेड़ में दरोगा जख्मी**

**▶▶ टाटा स्टील के सेल्स हेड की हुई थी हत्या**


दक्ष उर्फ अक्की

**अमृत विचार:** गाजियाबाद में टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या का आरोपी शुक्रवार सुबह मुठभेड में ढेर हो गया। मुठभेड में एक पुलिस के सब इंस्पेक्टर को भी गोली लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना शालीमार गार्डन की पुलिस टीम आपराधिक घटनाओं को लेकर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो बाइक सवार तेजी से भागे। शक होने पर पुलिस ने उनका पीछा किया। पार्श्वनाथ की थंडर बिल्डिंग के बंद गेट के सामने बाइक फिसलने से दोनों सवार गिर गए। पीछे से पुलिस आते देख दोनों ने पुलिस पर ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग शुरू की। फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और दूसरा अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला। बदमाशों की फायरिंग में पुलिस उप निरीक्षक मंगल सिंह घायल हो गए। घायल मंगल सिंह व बदमाश को पुलिस जिला अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक बदमाश की पहचान दक्ष के रूप में हुई। थाना पुलिस के मुताबिक दक्ष ने थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में 3 मई को टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या के आरोप में वांछित। उसके पास से 32 बोर की पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं।

### मैनपुरी का निवासी था दक्ष

मूठभेड़ में ढेर दक्ष उर्फ अक्की मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसिंहपुर का निवासी है। उसने मई को गाजियाबाद के राजेंद्र नगर सेक्टर पांच निवासी विनय त्यागी की हत्या कर दी गई थी। उनका शव चार मई को गाजियाबाद के खेतान पब्लिक स्कूल के पीछे पड़ा मिला था। पुलिस ने दक्ष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। तब से पुलिस दक्ष की तलाश कर रही थी।

## वर्ग पहेली-66

**बाएं से दाएं**

3.1. जलाने वाला 2. क्षीण या नष्ट करने वाला 3. क्षय करने वाला 4. पाचक शक्ति बढ़ाने वाला।

4.1. घर के भीतर का खुला स्थान जो ऊपर से छाया न हो, सहन 2. चौक, अजिर 3. घर 4. आंगन, परिसर, प्रांगण।

6. जीवन के लिए उपयोगी।

9.1. नए सिरे से आरंभ करना, नया बनाना

**ऊपर से नीचे**


1. एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का समय।

2.1. शकरखोरा नामक एक चिड़िया 2. जुगनूं जैसा आभूषण जो गले में पहना जाता है 3. ऐसा गहना जो पान के पत्ते के आकार का होता है।

5. आश्रित, दूसरे पर निर्भर, उपजीवी।

7.1. कोई काम पूरा करने की क्रिया या भाव 2. कचौरी

8.1. ज्ञान, बोध, आभास 2. प्रकाश, रोशनी।




### वर्ग पहेली -65 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 गु | ट | 2 बं | दी | | 3 पें |
| 4 सु | | | द | | | ट |
| 5 अ | नु | दा | र | वा | दी | |
| व | | | घु | | | |
| स | | 6 ह | ड़ | ब | ड़ा | 7 ना |
| र | | | की | | | शि |
| | 8 जो | ग | | 9 की | म | त |

## सुडोकू -145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | | | |
| 2 | | | 3 | 4 | | | | |
| 6 | | 3 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | | | | |
| 4 | 8 | | | | | | 5 | |
| | | | | 5 | 4 | | 9 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | | | 9 | 8 | | | |
| | | | | | 6 | 7 | | |

### सुडोकू -144 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 12 मई 02.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 10.15 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष:** आज महत्वपूर्ण मुद्दे पर आप विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप तकनीक से जुड़े कार्यों में काफी रुचि ले सकते हैं। मित्रों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष:** आज सभी काम अपनी निगरानी में करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। धन कमाने के नए साधनों पर काम कर सकते हैं। आर्थिक प्रगति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज सहयोगियों के साथ मतभेद दूर होंगे। अपनी प्रतिभा का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आपको अजनबियों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। व्यापार में बिक्री बढ़ने से पुराने नुकसान की भरपाई हो जाएगी।

**कर्क:** आज आय के बजाय व्यय ज्यादा होगा। कार्यक्षेत्र में आपका झगड़ा हो सकता है। अपने सहकर्मियों के साथ संवादहीनता न होने दें। आपका दिन काफी तनाव भरा रहने वाला है। परिजनों के साथ अनबन और मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**सिंह:** आज नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा समय है। परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े भाई-बहन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च पदासीन लोगों से सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ समय का आनंद लेंगे।

**कन्या:** आज परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा। पैतृक संपत्ति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**तुला:** आज बुद्धिमान लोगों की संगत में रहने से आप सही निर्णय ले पाएंगे। नवदंपति फैमिली प्लानिंग का विचार बना सकते हैं। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोग धर्म-कर्म में रुचि लेंगे। आपको अधिकारी वर्ग से संभल कर रहना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज रिश्तों के बीच अहम भावना न आने दें। परिवार में थोड़ी अशांति जैसा माहौल रहेगा। सरकारी कार्यों में अटक आ सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। व्यापार में धीमापन होने से थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**धनु:** आज व्यापार में बड़े अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दूसरों की मदद करने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे। सहयोगियों की मदद से आपको धन लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

**मकर:** आज पुराना ऋण चुकाने में आसानी होगी। करियर को लेकर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है।

**कुंभ:** आज आपके आत्मसम्मान और स्वाभिमानी स्वभाव के बावजूद आपको आलोचना झेलनी पड़ सकती है। मीडिया और कला से जुड़े लोग संभल कर बयानबाजी करें। व्यापार में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

**मीन:** आज हृदय रोगियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। ज्यादा सोचने के बजाय जो चल रहा है उस पर ही ध्यान दें। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। आप के कुछ आवश्यक काम छूट सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09.33
कहानी किस्मत की — रात : 07.00

SONY MAX
डॉन की जंग — सुबह : 08.20
गुमराह — रात : 08.43

SONY PIX
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — सुबह : 10.20
डोंट ब्रीथ 2 — रात : 09.23

ZEE CINEMA
मोहरा — सुबह : 09.25
फितूर — रात : 07.55

colors CINEPLEX
अग्निपथ — दोपहर : 12.00
डियर जिंदगी — रात : 08.43

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 07.55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक- बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई..
सांता डरते-डरते बोला-हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं, जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाएं।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले। फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 950

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आर.आर.21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 5900 -6000 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़द हरा | 10000 -11000 |
| उड़द काला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 15800-16000 |
| अरहर स्पेशल | 13500-13600 |
| चना दाल | 7100-7200 |
| मटर दाल | 4800-4900 |
| मसूर मलका | 7050-7100 |
| मसूर दाल | 7300-7350 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूंग दाल | 9500 -10500 |
| मूंग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती न01. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती न02. | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| शाहपसंद | 1325-1350 |

# खरीदारी से बाजार में रौनक, सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयरों में दमदार खरीदारी से दोनों सूचकांक में आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36% चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74% बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44% चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। गुरुवार को बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली ने सेंसेक्स को 1062.22 अंक यानी 1.45% का झटका देते हुए 72,404.17 अंक पर ला दिया था। निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55% की बड़ी गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर आ गया था। हालांकि शुक्रवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए राहत भरी तेजी लेकर आया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64% की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87% का नुकसान उठाया।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा कि विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।



- निफ्टी ने भी 97.70 अंक चढ़कर 22 हजार का आंकड़ा किया पार
- गुरुवार को तेज बिकवाली से सेंसेक्स 1.45% टूटा था

### चुनावों के नतीजों को लेकर बाजार में बिकवाली का दबाव

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.81 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप सूचकांक में 0.80 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली और लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर आशंकाएं हावी होने से बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। हालांकि कुछ दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजों से रफ्तार मिल रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 6,994.86 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी का दौर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत चढ़कर 84.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# सोने का आयात 30% बढ़कर 45.54 अरब डॉलर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।



- 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का था

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55800-56000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,100 |
| चांदी तैयार | 85,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71400 |
| चांदी पक्की | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 84,000 |

# विदेशी मुद्रा भंडार 641.59 अरब डॉलर हुआ: रिजर्व बैंक

**मुंबई, एजेंसी**

तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर था। यह पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था। तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया।



# बीपीसीएल 1.7 लाख करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी बीपीसीएल ने अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन, ईंधन विपणन और पेट्रोकेमिकल के अलावा स्वच्छ ईंधन में अगले पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्णकुमार ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पांच साल की रणनीतिक रूपरेखा प्रोजेक्ट एस्पायर के तहत बीपीसीएल ने तेलशोधन क्षमता बढ़ाने, पेट्रोकेमिकल व्यवसाय और स्वच्छ ईंधन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बनाई है। कृष्ण कुमार ने कहा कि हमारी रणनीति दो मूलभूत स्तंभों- प्रमुख कारोबार को आगे बढ़ाने और भविष्य के बड़े दांव में निवेश पर आधारित है। इससे न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बढ़ती ईंधन मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी बल्कि कंपनी को 2040 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, हमने पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें से 75,000 करोड़ रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स के लिए रखे गए हैं। हम 8,000 करोड़ के निवेश के साथ रणनीतिक पाइपलाइन परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिनमें से 5,000 करोड़ की परियोजनाएं पहले ही चिह्नित की जा चुकी हैं।



- बीपीसीएल के चेयरमैन ने तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों संग की चर्चा
- स्वच्छ ईंधन में पांच साल में निवेश करने की कंपनी बना रही योजना

## होम क्रेडिट में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी टीवीएस होल्डिंग्स

**नई दिल्ली।** टीवीएस होल्डिंग्स लि. 554.06 करोड़ में होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लि. में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। शेष 19.26% हिस्सेदारी प्रेमजी इनवेस्ट और अन्य कंपनियां खरीदेंगी। कुल मिलाकर यह सौदा 686 करोड़ का है। 686 करोड़ में से टीवीएस 554.06 करोड़ भुगतान कर रही है। प्रेमजी इनवेस्ट 11% हिस्सेदारी लेगी जबकि बाकी हिस्सेदारी अन्य इकाइयां लेंगी। टीवीएस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस के 88,09,45,401 शेयरों के अधिग्रहण को मंजूरी दी। ये 80.74% हिस्सेदारी के बराबर है।

## राष्ट्रीय

# शिकायत के लिए महिला को मजबूर करने की जांच शुरू

## शिकायतकर्ता के दावा के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग के कहने पर एसआईटी की टीम ने उठाया कदम

**बेंगलुरु, एजेंसी**

हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन शोषण के मामलों की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) उन लोगों की पहचान करने के लिए तफ्तीश कर रहा है, जिन्होंने महिला को कथित तौर पर फोन कर उसे जद (एस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया।

यह कदम राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के यह कहने के बाद उठाया गया है कि उसके पास पहुंची महिला शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसे 33 वर्षीय सांसद के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह की अध्यक्षता वाली टीम को महिला के बारे में तब पता चला जब एनसीडब्ल्यू ने एसआईटी को शिकायत भेजी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसआईटी ने पहले महिला से संपर्क नहीं किया है और उनके पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की है। एसआईटी ने महिला को फोन करने वालों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

एनसीडब्ल्यू के अनुसार महिला तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आयोग आई थी, जिन्होंने खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी बताया और उस पर झूठी शिकायत देने के लिए दबाव डाला। आयोग ने कहा कि महिला ने कहा कि उसे अलग-अलग फोन नंबरों से कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए धमकाया जा रहा है। शिकायतकर्ता को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा उत्पीड़न और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया गया था। पीड़िता ने स्थिति की गंभीरता पर अपने परिवार के कल्याण के लिए सुरक्षा की मांग की है।

**यौन शोषण मामले**



- एसआईटी ने महिला से पहले संपर्क नहीं किया और उनके पास कोई शिकायत नहीं थी

### जद(एस) ने राज्यपाल से की सीबीआई जांच की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद-एस नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात करके हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई से कराने में हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भूचाल लाने वाले इस मामले की जांच वर्तमान में कर्नाटक पुलिस की एसआईटी कर रही है। विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्ज्वल यौन शोषण से जुड़े विवादों में घिर गए हैं। एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न से जुड़ी एक पीड़िता के कथित अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### एसआईटी पर भरोसा रखें, यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं : सिद्धरमैया

**मैसुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण मामले की जांच कर रहे एसआईटी पर भरोसा जताया और कहा कि जांच को सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने कभी एक भी मामला सीबीआई को नहीं सौंपा था और एक समय था जब संगठन सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो के रूप में संदर्भित करता था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा सीबीआई को चोर बचाओ संस्थान कहते थे और अब उन्हें सीबीआई से प्यार है? सिद्धरमैया ने कुमारस्वामी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग पर यह बात कही।

# झारखंड में केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है : अमित शाह

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने साधा निशाना

**खूंटी, एजेंसी**

भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो नीत गठबंधन भूमि, खनन और मनरेगा घोटालों में शामिल रहा है लेकिन भाजपा गरीबों का पैसा नहीं लूटने देगा। शाह शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासी युवतियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनकी जमीन पर कब्जा जमाया जा रहा है। केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस अपने शासनकाल में एक भी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बना पाई।

भाजपा ने आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमर शहीद बिरसा मुंडा को देश में सम्मान दिलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने बूढ़ा पहाड़ को माओवाद से मुक्त कराया।



### पीओके भारत का, इसे कोई छीन नहीं सकता

**खूंटी।** अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर सवालिया निशान उठाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि इसकी एक-एक इंच जमीन भारत की है तथा इसे कोई ताकत नहीं छीन सकती। शाह ने कहा कि मणिशंकर अय्यर हमसे कह रहे हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करें क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। कुछ दिन पहले गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

## एक नजर

### एक व्यक्ति के घर से 32 लाख रुपए बरामद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति के घर पर छापामार कर 32 लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर अशोका गार्डन इलाके के पंथ नगर निवासी कैलाश खत्री के निवास पर छापा मारा गया। मौके से एक पलंग में छुपाकर रखी गई नोटों की गड्डियां मिली। इसमें नए नोटों साथ पुराने सडे-गले नोट भी शामिल हैं। इस बारे में आरोपी द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं करने के चलते इस राशि को जब्त कर लिया गया है। जब्त राशि लगभग 32 लाख रुपए है।

### हाईकोर्ट ने कर चोरी मामले को बरकरार रखा

**मंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बैंगलोर टर्फ क्लब में सटोरियों के कथित कर चोरी संबंधी एक मामले को खारिज करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य एक संभावित संज्ञेय अपराध का संकेत दे रहे है। न्यायमूर्ति एस विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने सटोरियों द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश दिया। कर्नाटक पुलिस ने जनवरी में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि सटोरिये उचित पंजीकरण के बिना दांव लगा रहे थे, जिससे कर चोरी हो रही थी।

# मतदान खत्म होने के बाद आंकड़े जारी करने के लिए याचिका दायर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय में अंतरिम याचिका दायर करके लोकसभा चुनाव के हर चरण का मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर मतदान का पूर्ण आंकड़ा आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक अंतरिम अर्जी दायर की है। एनजीओ ने 2019 की अपनी याचिका में मतदान के बाद सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-I (दर्ज किए गए मतों का लेखा-जोखा) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां तुरंत अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

एनजीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों में आगामी प्रत्येक चरण के मतदान के बाद फॉर्म 17सी भाग-I में दर्ज मतों का पूरा आंकड़ा मतदान केंद्र-वार सारिणीबद्ध प्रदान करने का निर्देश दें। साथ ही 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदान का पूरा आंकड़ा सारिणीबद्ध करने का भी निर्देश दिया जाए। उसने कहा कि याचिका यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गई है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनावी अनियमितताओं से प्रभावित न हो। याचिका में कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले दो चरणों के लिए मतदान का डेटा 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित किया गया। इसमें कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा 30 अप्रैल, 2024 को एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशित डेटा मतदान के दिन शाम 7 बजे तक ईसीआई द्वारा घोषित प्रारंभिक मतदान प्रतिशत की तुलना में तेज वृद्धि (लगभग 5-6%) दर्शाता है। अंतिम मतदान आंकड़ा जारी करने में अत्यधिक देरी, साथ ही 30 अप्रैल, 2024 के निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट में पांच प्रतिशत से अधिक के असामान्य रूप से उच्च संशोधन ने आंकड़े की शुद्धता के बारे में चिंताएं और सार्वजनिक संदेह बढ़ा दिया है।



- वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया

# छत्तीसगढ़ में 3000 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में

**रायपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति रद कर दी है और साथ ही छह सप्ताह में डीएड वालों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है।

कोर्ट के इस फैसले के बाद तीन हजार से अधिक सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। 4 मई 2023 को लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इसमें सहायक शिक्षक के पद पर बीएड कोर्स को भी मान्य किया गया था। 10 जून को इसकी परीक्षा हुई और दो जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी हुआ। 11 अगस्त को क्वालिटी ऑफ एजुकेशन के नाम पर उच्चतम न्यायालय ने एनसीटीई के इस गजट नोटिफिकेशन को रद करने के साथ ही बीएड को प्राथमिक स्तर के लिए अमान्य ठहराया था। डीएड डिग्री धारकों ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत के फैसले पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए सिर्फ डीएड पास अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। कोर्ट ने दो अप्रैल 2024 को बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को छह महीने की सेवा के बाद पदमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया।

- हाईकोर्ट ने आवेदकों की नियुक्ति रद कर डीएड वालों की पुनरीक्षित सूची बनाने का दिया आदेश

# भ्रामक अवकाश पैकेज योजना से लोगों को ठगने वाले 15 गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने भ्रामक हॉलिडे पैकेज योजना के माध्यम से लोगों को ठगने वाले एक गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गुरदीप सिंह ने दी शिकायत में बताया कि 8 मई को उन्हें विराट का फोन आया और उन्होंने जालंधर के लाजपत नगर के पास होटल फॉर्च्यूर में अवकाश पैकेज के संबंध में नई दिल्ली की टीम एमजीवीपीएल के साथ बैठक में भाग लेने को कहा। नौ मई को गुरदीप वहां पहुंचा, जहां मुकेश दुबे, मोहित सैनी व अजय ने उसे पैकेज के बारे में बताया। गुरदीप ने एक पैकेज चुना और 1,90,000 रुपये दो क्रेडिट कार्ड से लेनदेन किए। एमजीवीपीएल की वेबसाइट पर जाने पर, गुरदीप को पता चला कि कॉर्पोरेट पता अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

## इंडिया समूह के प्रतिनिधियों ने चुनाव आयोग से कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की

**नई दिल्ली।** इंडिया समूह के दलों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की और शिकायत की कि उनके शिकायतों पर आयोग ध्यान नहीं दे रहा है। इन नेताओं ने कहा कि उन्होंने आयोग से मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को जारी करने में देरी, प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के विरुद्ध दर्ज शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने का कारण पूछा है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हमने कहा कि कांग्रेस ने अप्रैल से अब तक मोदी और अमित शाह के खिलाफ 11 शिकायतें की, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही इन चुनाव में मतदान-प्रतिशत के आंकड़े जारी करने में देर क्यों की जा रही है।

# टीएमसी करेगा चुनाव आयोग से एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष की शिकायत

**कोलकाता, एजेंसी**

टीएमसी ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ अपने पद के दुरुपयोग और संदेशखालि मामले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर चुनाव आयोग (ईसी) में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी।

पार्टी ने कहा है कि कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने उन्हें धोखा देकर तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई। एनसीडब्ल्यू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सिफारिश की थी कि संदेशखालि में महिलाओं पर कथित हिंसा और अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पश्चिम बंगाल के मंत्री और पार्टी प्रवक्ता शशि पांजा ने शर्मा के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख करने की तृणमूल की इच्छा को शुक्रवार को रेखांकित किया। पांजा ने आरोप लगाया कि एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने संदेशखालि से जुड़े आरोपों को लेकर राजनीतिक पूर्वाग्रह के तहत कार्य किया और क्षेत्र की महिलाओं को यौन अत्याचार के झूठे आरोप लगाने को लेकर प्रोत्साहित किया।

- पद के दुरुपयोग और प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर दर्ज कराएगी शिकायत

### संदेशखालि की महिलाओं को चुनाव के कारण शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा: एनसीडब्ल्यू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने दावा किया है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संदेशखालि की महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इस मामले में निर्वाचन आयोग से जांच की मांग की गई है। तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि की महिलाओं के कई कथित वीडियो साझा किये थे जिनमें दावा किया गया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराये और बाद में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया।

### महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने संदेशखाली में यौन प्रताड़ना की शिकायतें वापस लेने के लिए महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और इस पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। महिला आयोग ने शुक्रवार को बताया कि आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने संदेशखाली मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही संदेशखाली की महिलाओं पर अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है और धमकियां दी जा रही है।

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
लखनऊ सुपर जाइंटस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ से मिलेगी मदद : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा।

पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें।

चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है।

# विश्व कप में पारी का आगाज करें विराट : गांगुली

बेंगलुरु, एजेंसी



- सौरव बोले-17 साल के बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत रखने वाली संतुलित टीम है भारत के पास

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा आईपीएल में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने कहा, विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है। गांगुली ने कहा यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।

## पहले की तरह नहीं पर कोहली अभी भी जबर्दस्त : टॉम मूडी

**धर्मशाला।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमाएं हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिए कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने कहा यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।

# गिल-साई के शतकों ने बिगाड़ा चेन्नई का गणित

## शुभमन और सुदर्शन ने बनाई 210 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी, हार के बाद सीएसके के लिए मुश्किल हुई प्लेऑफ की राह




अहमदाबाद, एजेंसी

आईपीएल के 59वें मुकाबले में साई सुदर्शन (103) और कप्तान शुभमन गिल (104) की आतिशी शतकीय पारियों तथा उसके बाद मोहित और राशिद ने पांच महत्वपूर्ण विकेट झटकने की बदौलत गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रनों से जीत दर्ज की है।

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 10 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गवां दिये। अजिंक्य रहाणे(1), रचिन रविंद्र (1) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद डैरिल मिचेल और मोइन अली ने पारी को संभाला। डैरिल मिचेल ने 34 गेंदों सर्वाधिक 63 रन बनाए। शिवम दुबे (21), रवींद्र जडेजा (18) और मिचेल सैंटनर (शून्य) पर आउट हुए। एमएस धोनी (26) और शार्दुल ठाकुर (3) रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी और 35 रन से मुकाबला हार गई।

इससे पहले गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 232 रनों का लक्ष्य दिया था। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड अवजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 231 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से तुषार ने दो विकेट लिये।



### साई के नाम दर्ज हुई खास उपलब्धि

शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 210 रन की साझेदाही हुई। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दौरान साई सुदर्शन ने 51 गेंद का सामना करते हुए 103 रन बनाए। आउट होने से पहले साई ने 5 चौके और सात छक्के लगाए। साई सुदर्शन ने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे किए।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 12 | 7 | 5 | 12 | +0.491 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

**गुजरात 231/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे | 103 | 51 | 5/7 |
| शुभमन गिल का जडेजा बो देशपांडे | 104 | 55 | 9/6 |
| डेविड मिलर नाबाद | 16 | 11 | 1/0 |
| शाहरुख खान रन आउट | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0

**चेन्नई 196/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का तेवतिया बो वॉरियर | 1 | 5 | 0/0 |
| रचिन रविंद्र रन आउट | 1 | 2 | 0/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ का राशिद बो उमेश | 0 | 3 | 0/0 |
| डेरिल मिचेल का शाहरुख बो मोहित | 63 | 34 | 7/3 |
| मोईन अली का नूर बो मोहित | 56 | 36 | 4/4 |
| शिवम दुबे का नूर बो मोहित | 21 | 13 | 2/1 |
| रविंद्र जडेजा का मिलर बो राशिद | 18 | 10 | 2/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 26 | 11 | 1/3 |
| मिचेल सेंटनर बो राशिद | 0 | 2 | 0/0 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 3 | 4 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमेश 3-0-20-1, वॉरियर 3-0-28-1, त्यागी 4-0-51-0, नूर 2-0-25-0, राशिद 4-0-38-2, मोहित 4-0-31-3

## खेल डायरी

### न्यूजीलैंड के मनरो ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी-20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिर्फ फ्रैंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रैंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। मनरो ने कहा, न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करिअर की बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा।

### सेंथिलकुमार और रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

### गुकेश की वापसी, तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

**वारसॉ।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए शुक्रवार को सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रा खेलने से पहले हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी। प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में होलैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है जबकि प्रज्ञानानंदा और शेवचेंको संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम



**लंदन।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए वीडियो में कहा मैं सत्र के अंत में अपना करिअर समाप्त करने वाला हूं। उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे। वह 2020 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे और जून 2021 में कलाई की चोट से पहले शीर्ष पांच में शामिल रहे थे।

### ओलंपिक चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल आज से

**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटाएंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी।

# केकेआर की नजर प्लेआफ की टिकट पर

कोलकाता, एजेंसी



शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।

वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

# संजीव गोयनका की हरकत शर्मनाक, बात करने का भी तरीका होता है : मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल को फटकारने के मामले पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के मालिक पर बिफरे शमी



स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ की दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

शमी ने कहा करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिए, कैमरे के सामने नहीं। शमी ने कहा यह ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं।

**टी-20 विश्वकप के बाद द्रविड का कार्यकाल हो रहा है समाप्त, जय शाह बोले- चाहें तो फिर से आवेदन कर सकते हैं राहुल**

# मुख्य कोच के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा बीसीसीआई

मुंबई, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लिए टी-20 विश्वकप से पहले टीम के मुख्य कोच के लिए आवेदन मंगाएगा। बीसीसीसीआई पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बार नए मुख्य कोच के लिए टी-20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही आवेदन मंगाएगा। टी-20 विश्वकप के बाद राहुल द्रविड का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अगर द्रविड़ अपने कार्यकाल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें भी आवेदन करना होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हम अगले कुछ दिनों में आवेदन जारी करेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। अगर वह फिर से आवेदन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। शाह ने कहा हम तीन साल के लंबे कार्यकाल के लिए कोच ढूंढ़ रहे हैं। अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग-अलग कोच की संभावना बहुत कम है। हालांकि आखिरी फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को करना है, मुझे इस निर्णय को बस लागू करना है। चयनकर्ता के पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। समित की बैठक के बाद अंतिम नाम का फैसला होगा। टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम दो चरणों में रवाना होगी। आईपीएल 2024 से बाहर हो चुकी टीमों के खिलाड़ी विश्वकप के लिए 24 मई को रवाना होंगे, वहीं शेष दल 26 मई के आईपीएल फाइनल के बाद अमेरिका के लिए रवाना होगा। बीसीसीआई ने आईसीसी से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को इंग्लैंड से कहीं और भी ले जाए जाने को लेकर बात की। खिताबी मुकाबले के लिए अन्य जगह खोजना चुनौतीपूर्ण होगा।

### इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम पर पुनर्विचार संभव

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे। शाह ने कहा इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था।

### ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

**मुंबई।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे। शाह ने कहा आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं। वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था।

## बॉलीवुड हलचल

# हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमन जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है। हीरामंडी द डायमंड बाजार में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए। मनीषा कोइराला ने मल्लिका जान के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की थी। उनके सामने एक चुनौती तो यही थी कि उन्हें उर्दू बोलनी नहीं आती थी। अच्छा शॉट देने के लिए मनीषा, सात घंटे तक सेट पर बैठी रही थीं। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था।



# सिंघम अगेन के सेट से अर्जुन ने शेयर किया इंटेंस लुक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगे। इनके अलावा टाइगर श्राफ, अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अर्जुन का अलग अवतार नजर आने वाला है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म सिंघम अगेन के सेट से एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी मस्कुलर बॉडी देखने को मिल रही है। अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेस लुक शेयर किया है। अर्जुन कपूर ने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'शूट लाइफ!! #सिंघम अगेन।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**प्रदर्शन**



हौथी आंदोलन के समर्थकों ने यमन में हौथी ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा शुरू किए गए हवाई हमलों की निंदा करने के लिए रैली निकाली।

### जयशंकर ने कहा - खालिस्तानियों को राजनीतिक प्रश्रय से साफ है कि कनाडा में वोट बैंक उसके कानून से अधिक शक्तिशाली

# अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ अलगाववाद का समर्थन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है।

**विदेश मंत्री ने कहा-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाना नहीं**



उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर आपके यहां ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य दस लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय प्रवासियों में ज्यादातर सिख हैं जो वहां की राजनीति में एक प्रभावशाली समूह माने जाते हैं। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नयी दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है।

जयशंकर ने कहा कि यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक प्रश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम इसे नजरअंदाज करके अच्छे संबंधों की बात नहीं कर सकते। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उसके यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

**भारत-अमेरिका के संबंधों की प्रगति पर नहीं असर**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हत्या की एक असफल साजिश में किसी भारतीय के शामिल होने के आरोपों से भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा है। नवंबर में, अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के बुनियादी सिद्धांत बहुत मजबूत हैं। अमेरिका ने सकारात्मक भाव के साथ हमारा ध्यान कुछ जानकारी की ओर दिलाया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, उत्पादन में विविधता लाने, नयी आपूर्ति श्रृंखला बनाने, शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को भारत-अमेरिका संबंधों के लक्ष्य करार दिया।

---

**एक नजर**

### पुतिन ने मिशुस्तिन को पुनः नियुक्त किया रूस का प्रधानमंत्री

**मॉस्को, एजेंसी,** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुनः देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। वह पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुनः नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है।

### छह महीने के बच्चे को नवी मुंबई में मुक्त कराया

**ठाणे, एजेंसी,** पुलिस ने मध्य प्रदेश से छह महीने के एक बच्चे का अपहरण करने के आरोप में नवी मुंबई से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कल्याण के पुलिस उपायुक्त (जोन-तृतीय) सचिन गुंजल ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नवी मुंबई के पनवेल इलाके में एक आवासीय इमारत से बच्चे को बचाया। उन्होंने कहा कि बच्चे का अपहरण मध्य प्रदेश के रीवा जिले में उसके घर के पास से किया गया था और भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कल्याण के शाहद क्षेत्र के आसपास कहीं हैं जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सतर्क कर दिया गया।

### तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**अंकारा, एजेंसी,** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक के प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार पत्र येनी सफाक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया है। मीडिया ने पिछले हफ्ते बताया था कि तुर्की सशस्त्र बल नये सैन्य अड्डों को स्थापित करके और क्षेत्र में अंकारा की सैन्य उपस्थिति को बढ़ाकर पीकेके के खिलाफ एक सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने सीरिया में 30 से 40 किलोमीटर (18.6-24.8 मील) की लंबाई के साथ एक सुरक्षा गलियारा बनाने की योजना की भी घोषणा की है।

---

# भारत के चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को किया खारिज

### अमेरिका ने दी सफाई, रूसी विदेश मंत्रालय ने लगाया था आरोप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को गुरुवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी। दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है।

मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा अमेरिका नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है।



● मिलर ने कहा- हम न ही भारत में और न ही दुनिया में होने वाले किसी भी चुनाव में शामिल हैं

हम देखते हैं कि वे न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता। रूसी प्रवक्ता ने इसे अमेरिका की औपनिवेशिक काल की मानसिकता करार दिया। आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि वे आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वाशिंगटन में इन आरोपों के संबंध में किए गए किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि जब तक ये आरोप न्यायपालिका के समक्ष सिद्ध नहीं हो जाते जब तक ये महज आरोप हैं। चूंकि ये कानूनी मामला है इसलिए मैं यहां इस पर कुछ नहीं कहूंगा...।

## दिल्ली पहुंचे चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग

**नई दिल्ली, एजेंसी,** भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। यह पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

शू (60) ने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

# दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्रकैद, तीन बरी

पुणे, एजेंसी

पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सबूतों के अभाव में मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया।

यूएपीए से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय) पी.पी. जाधव ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने शूटर सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर के खिलाफ हत्या तथा साजिश के आरोप साबित कर दिए हैं। अदालत ने सजा के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपी डाक्टर तावड़े, संजीव पुनालेकर और विक्रम भावे को बरी कर दिया। दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



● पुणे की विशेष अदालत ने 11 साल बाद सुनाया फैसला

● कोर्ट ने दोषियों पर पांच-पांच लाख रुपये जुर्माना भी ठोका

## राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी,** भारत और मोल्दोवा ने शुक्रवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके लागू होने के बाद दोनों देशों के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के एकदूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत गणराज्य के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा गणराज्य की राजदूत एना ताबन ने आज 10 मई को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से हस्ताक्षर किए।

## स्कूलों को उड़ाने की धमकी के तार पाकिस्तान से जुड़े

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में 7 मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। पुलिस ने इसे मतदान से पहले लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश करार दिया। गुजरात की 26 में से 25 सीट के लिए मतदान 7 मई को हुआ था।

● मतदान से एक दिन पहले ई मेल से मिली थी धमकी

अपराध शाखा ने बताया कि ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने खुद तौहीद लियाकत बनकर सारे स्कूलों को भेजा था। संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि लियाकत ने हमद जावेद के रूप में एक और पहचान भी बना ली थी। इन नामों वाला व्यक्ति पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले से काम कर रहा था। एक ही शख्स ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पहचान बनायी, उनमें से एक हमद जावेद की भी है। सिंघल ने कहा कि आरोपी का नाम एक अन्य एजेंसी द्वारा मोहपाश (हनीट्रैप) के एक मामले में जांच के दौरान भी सामने आया था।

## ट्रंप के पोर्नस्टार को धन देने से संबंधित मामले की सुनवाई के तीन सप्ताह पूरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कथित तौर पर पोर्न स्टार को गुप्त रूप से पैसे देने के मामले की सुनवाई को शुक्रवार को तीन सप्ताह पूरे हो गए। इस दौरान न्यायाधीशों ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स की दलीलें सुनीं, जबकि अभियोजक सबसे महत्वपूर्ण गवाह ट्रंप के पूर्व अटॉर्नी माइकल कोहेन से पूछताछ के लिए तैयार है। ट्रंप के साथ यौन संबंध को लेकर डेनियल्स की दलीलें इस मामले में अभियोजकों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं, जो यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि ट्रंप और उनके सहयोगियों ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान इस मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। इस मामले में अब कोहेन की गवाही ली जानी है, जिन्होंने डेनियल्स को देने के लिए 1,30,000 अमेरिकी डॉलर का इंतजाम किया था।



# 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करें दूरसंचार कंपनियां

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों के साथ कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए हाथ मिलाया है।

इसका मकसद धोखेबाजों के गिरोह का खात्मा करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। बयान के मुताबिक गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में हजारों मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया।

● 20 लाख कनेक्शन का फिर से करें सत्यापन : दूरसंचार विभाग

इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया। इसमें कहा गया कि दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को देशभर में इन 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने तथा इनसे जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का तत्काल दोबारा सत्यापन करने और सत्यापन में नाकाम रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए दो महीने पहले चक्षु मंच पेश किया था। इस पोर्टल के सक्रिय होने के बाद से संदिग्ध संदेश भेजने में लिप्त 52 इकाइयों को काली सूची में डाला जा चुका है।

## भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाने संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कहा गया है कि फलस्तीन इस वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनने के योग्य है और उसे सदस्यता दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा के विशेष सत्र की सुबह आपातकालीन बैठक हुई, जहां मई महीने के लिए महासभा के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक संस्था में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह का प्रस्ताव ''संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश'' प्रस्तुत किया। भारत समेत 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, विरोध में नौ वोट पड़े जबकि 25 सदस्य अनुपस्थित रहे। मतदान के बाद यूएनजीए भवन तालियों से गूंज उठा। प्रस्ताव में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के लिए योग्य है और इसलिए उसे सदस्यता दी जानी चाहिए।

# मसालों में ईटीओ रसायन पर लगाम के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

मसाला बोर्ड ने भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों में कैंसरजनक रसायन एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) का इस्तेमाल रोकने के लिए निर्यातकों को व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। कुछ मसाला उत्पादों पर हाल ही में कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जाहिर किए जाने के बीच यह कदम उठाया गया है।

दिशानिर्देशों के अनुसार, निर्यातकों को मसालों में रोगाणुनाशक/धूमनकारी एजेंट या किसी अन्य रूप में ईटीओ रसायन के इस्तेमाल से बचना होगा। इसके साथ ही उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि परिवहन, भंडारण/गोदाम, पैकेजिंग सामग्री आपूर्तिकर्ता किसी भी स्तर पर इस रसायन का उपयोग न करें। इसमें कहा गया कि निर्यातकों को आपूर्ति श्रृंखला में मसालों तथा मसाला उत्पादों में ईटीओ और इसके मेटाबोलाइट की अनुपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय करने होंगे। निर्यातक लइस रसायन को एक खतरे के रूप में भी पहचानेंगे और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में खतरा विश्लेषण नियंत्रण बिंदुओं तथा खाद्य सुरक्षा योजना में ईटीओ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदुओं को शामिल करेंगे। निर्देशों में कहा गया कि निर्यातकों को कच्चे माल, प्रसंस्करण सहायक सामग्री, पैकेजिंग और तैयार माल में ईटीओ का परीक्षण करना होगा।

● कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जताने पर उठाया गया ये कदम

---

**आदेश** | दिल्ली हाईकोर्ट ने निर्देश के बावजूद विफल रहने पर एमसीडी की खिंचाई की

# बंद करें सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को अग्नि सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा की पीठ ने इससे पहले वकीलों की एक टीम द्वारा मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटर का निरीक्षण का आदेश दिया था।

पीठ ने प्राधिकारियों से परिसर के बाहर स्थापित बिजली के उन उपकरणों को अन्य जगह स्थानांतरित करने के लिए भी कहा, जो जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते हैं। यह आदेश क्षेत्र में कोचिंग सेंटर के संचालन को लेकर दायर कई याचिकाओं पर आया। इन याचिकाओं में जून 2023 में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया गया एक मामला भी शामिल है।



● दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते ऐसे परिसर

न्याय मित्र गौतम नारायण ने अदालत को बताया कि निरीक्षण अप्रैल में दो मौकों पर किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षणों से पता चला कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जिन कुछ कोचिंग सेंटर को बंद करने का दावा किया था, वे अभी भी एक नए प्रबंधन के तहत या नाम से चल रहे हैं। नारायण ने कहा कि ये परिसर अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं कर रहे और एक मामले में, प्रवेश द्वार पर ही बिजली का एक बोर्ड लगा पाया गया, जिससे आग लगने की स्थिति में रास्ता अवरुद्ध हो सकता है। अदालत ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को बंद करने के अदालत के पहले के निर्देश के बावजूद ऐसे कोचिंग सेंटर पर ध्यान देने में विफल रहने के लिए एमसीडी की खिंचाई की और उसे उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा न्यायमित्र वह काम कर रहे हैं जो एमसीडी को करना चाहिए। ये गड़बड़ी आपने की है। आप पहचान की गई सभी चार संपत्तियों को बंद करें। पीठ ने आदेश दिया कि हमारे द्वारा जारी किए गए सीलिंग निर्देशों के स्पष्ट उल्लंघन के मद्देनजर, हम एमसीडी/डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं और परिसर को सील किया जाए। उच्च न्यायालय ने पहले कहा था कि अग्नि सुरक्षा बहुत जरूरी है और सभी कोचिंग सेंटर को या तो दिल्ली मास्टर प्लान, 2021 और अन्य लागू नियमों के तहत अपनी वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना होगा या बंद करना पड़ेगा।

शुक्रवार को, अदालत ने एमसीडी, डीडीए और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) से गैर-अनुपालन वाले कोचिंग सेंटर की पहचान करने के लिए चार सप्ताह के भीतर एक नया सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने जून में मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला शुरू किया था, जिसके दौरान छात्रों को रस्सियों का उपयोग करके इमारत से नीचे उतरते देखा गया था।

## मादक पदार्थ की तस्करी में तीन को 20 साल की सजा

**भुवनेश्वर, एजेंसी,** ओडिशा में भुवनेश्वर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने के आरोप में तीन आरोपियों को दोषी पाये जाने के बाद 20 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने गुरुवार को आदेश दिया कि तीनों दोषियों देबाशीष बेहरा, प्रबीर कुमार सिंह और एसके कौसर अल्ली को जुर्माना राशि नहीं चुकाने पर एक साल की अतिरिक्त कैद की सजा काटनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, तीनों 19 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से प्रतिबंधित मादक पदार्थ खरीदकर एक बोलेरो वाहन से ले जा रहे थे तभी उन्हें भुवनेश्वर के रसूलगढ़ के पास रोका गया और गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में करीब पांच किग्रा ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।

# रूस ने खारकीव के वोवचांस्क पर राकेट से किया हमला

कीव, एजेंसी

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के उत्तर-पूर्व शहर वोवचांस्क पर तोप के गोले और रॉकेट से हमला करने के साथ ही निर्देशित हवाई हमले किये। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात के समय गोलाबारी से खारकीव क्षेत्र में और रूसी सीमा से पांच किमी से कम दूरी पर स्थित वोवचांस्क को निशाना बनाया गया।

अधिकारियों ने लगभग 3,000 लोगों को वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू की। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के रूसी सेना ने यूक्रेनी सुरक्षा को भेदने की कोशिश की। हमले को रोकने के लिए आरक्षित इकाइयों को तैनात किया गया था। यह हमला एक बफर जोन बनाने के रूसी प्रयास की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है जिसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलगोरोड और अन्य रूसी सीमा क्षेत्रों पर लगातार यूक्रेनी हमलों को रोकने के लिए इस साल की शुरुआत में बनाने का संकल्प लिया था। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसे पता है कि रूस खारकीव और सुमी क्षेत्रों के करीब उत्तर पूर्व सीमा पर हजारों सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है।

● यूक्रेन ने कहा रूसी सेना ने सुरक्षा को भेदने की कोशिश की

यूक्रेनी खुफिया अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन की सेना ने पूर्वी यूक्रेन में हालिया जमीनी हमला किया है, उन्हें उम्मीद है कि क्रेमलिन की सेना उत्तर पूर्व में भी हमला करेगी। रूस संभवतः यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जा नहीं कर सकता, लेकिन वह यूक्रेन को इस क्षेत्र में और अधिक सैनिक भेजने के लिए मजबूर कर सकता है, जिससे अन्य क्षेत्र हमले के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाएंगे।

## भारत ने मालदीव से वापस बुलाए अपने सभी सैनिक

**माले।** मालदीव की सरकार ने कहा कि भारत ने मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने देश से सभी भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने के लिए 10 मई की समयसीमा निर्धारित की थी। भारत और मालदीव के बीच संबंध तब गंभीर तनाव में आ गए जब चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर दिया था। पिछले साल मोइज्जू के चुनाव प्रचार अभियान में मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की स्वदेश वापसी प्रमुख बात थी। भारतीय सैन्यकर्मियों का पहला जत्था मार्च की शुरुआत में मालदीव से वापस बुला लिया गया था, इसके बाद अप्रैल में दूसरा जत्था रवाना हुआ, जिसमें कुल 51 सैनिक थे। मीडिया ने यहां बताया कि सभी भारतीय सैन्यकर्मी हालांकि देश से वापस चले गए हैं, माले ने अंतिम गिनती नहीं दी है।